

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

# समाज जागरण

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 4 अंक: 126 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शनिवार 14 फरवरी 2026 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया

## बांग्लादेश की नई सरकार पर अमेरिका का पहला रिएक्शन

### BNP ने अलापा शेख हसीना का राग

ढाका : बांग्लादेश की राजनीति में आज का दिन यानी 13 फरवरी 2026, सुनहरे अक्षरों में दर्ज हो गया है क्योंकि दो दशकों के लंबे इंतजार के बाद बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी ने ऐतिहासिक बहुमत के साथ सत्ता में वापसी की है. 12 फरवरी को हुए 13वें संसदीय चुनाव के जो नतीजे सामने आए हैं, उन्होंने न केवल ढाका की गलियों में 'धान का शीश' लहरा दिया है, बल्कि दक्षिण एशिया के कूटनीतिक गलियारों में भी हलचल पैदा कर दी है. शेख हसीना के पतन के बाद हुए इस पहले चुनाव में जनता ने तारिक रहमान को साफ तौर पर बहुमत दे दिया है.

बीएनपी को इस प्रचंड जीत पर दुनिया भर से तारिक रहमान को बधाइयां मिल रही हैं. पीएम मोदी ने भी उन्हें बधाई देते हुए भारत-बांग्लादेश के बीच संबंध बेहतर होने की उम्मीद जताई है. बीएनपी की तरफ से बांग्लादेश राष्ट्रवादी पार्टी की स्थायी समिति के सदस्य और 2026 के चुनाव के चीफ को-ऑर्डिनेटर नजरुल इस्लाम खान ने तारिक ने पीएम मोदी को शुक्रिया कहा है और साफ कह दिया है कि 'तारिक रहमान के नेतृत्व में भारत-बांग्लादेश के रिश्ते मजबूत होंगे'.

### बीएनपी ने तोड़ा रिकॉर्ड

बता दें कि बीएनपी को चुनावों में दो-तिहाई बहुमत मिला है. चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार, 299 सीटों में से BNP और उसके सहयोगियों ने 212 से अधिक सीटों पर कब्जा जमाया है.

# नैतिकता के बिना विकास से बढ़ेगा सामाजिक असंतुलन: राष्ट्रपति मुर्मु



## भौतिक प्रगति के साथ नैतिक मूल्यों का समेकन जरूरी

**समाज जागरण**

नई दिल्ली, 13 फरवरी (आईएएनएस)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि नैतिक मूल्यों के बिना आर्थिक और तकनीकी विकास समाज में असंतुलन पैदा कर सकता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि संतुलित और समग्र विकास के लिए भौतिक प्रगति के साथ आध्यात्मिकता और नैतिकता का समावेश अनिवार्य है।

नई दिल्ली में आयोजित अखिल भारतीय सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए राष्ट्रपति ने ब्रह्म कुमारी के राष्ट्रव्यापी अभियान 'सशक्त भारत के लिए कर्मयोग' की शुरूआत की और गुरुग्राम स्थित ओम शांति रिट्रीट सेंटर के रजत जयंती समारोह का भी शुभारंभ किया।

राष्ट्रपति ने कहा कि आर्थिक प्रगति समृद्धि को बढ़ावा देती है, जबकि तकनीकी विकास नवाचार, दक्षता और प्रतिस्पर्धा को गति देता है। दोनों मिलकर राष्ट्र की मजबूत नींव रखते हैं, लेकिन नैतिकता के अभाव में यही विकास सामाजिक असंतुलन का कारण बन सकता है।

### *अनैतिक विकास से बढ़ती है असमानता*

राष्ट्रपति मुर्मु ने चेतावनी दी कि अनैतिक आर्थिक प्रगति धन और संसाधनों के केंद्रीकरण, पर्यावरण को नुकसान और कमजोर वर्गों के शोषण का कारण बन सकती है। उन्होंने कहा कि नैतिक मूल्यों के बिना प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल मानवता के लिए विनाशकारी सिद्ध हो सकता है।

### आध्यात्मिकता देती है कर्मयोग की प्रेरणा

राष्ट्रपति ने कहा कि आध्यात्मिकता व्यक्ति को आधारभूत मूल्य और नैतिक ढांचा प्रदान करती है, जो उसे निस्वार्थ सेवा यानी कर्मयोग के मार्ग पर प्रेरित करती है। सत्यनिष्ठा, करुणा, अहिंसा और सेवा जैसे सद्गुण शांतिपूर्ण और न्यायपूर्ण समाज के लिए आवश्यक हैं।

**मुख्य बातें**

*नैतिकता के बिना विकास से असंतुलन का खतरा*
*कर्मयोग अभियान की शुरूआत*
*ओम शांति रिट्रीट सेंटर का रजत जयंती समारोह*
*आध्यात्मिक मूल्यों पर आधारित नेतृत्व की वकालत*

### निष्पक्ष प्रशासन की आधारशिला

राष्ट्रपति ने कहा कि यदि देश का नेतृत्व आध्यात्मिक मूल्यों से प्रेरित हो, तो प्रशासनिक निर्णय अधिक न्यायपूर्ण और निष्पक्ष होंगे। ऐसे निर्णय सभी के कल्याण को ध्यान में रखकर लिए जाते हैं, जिससे समाज में विश्वास और स्थिरता मजबूत होती है।

## 'वंदे मातरम' का विरोध करने वालों को भारत में रहने का अधिकार नहीं: योगी आदित्यनाथ



लखनऊ, 13 फरवरी (आईएएनएस)। योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान कहा कि वंदे मातरम का विरोध करने वालों को भारत में रहने का कोई अधिकार नहीं है। बजट सत्र के दौरान उन्होंने समाजवादी पार्टी और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पर तुष्टीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया।

### 6 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले आठ वर्षों में डबल इंजन सरकार के सतत प्रयासों से छह करोड़ से अधिक लोगों को बहुआयामी गरीबी की रेखा से ऊपर लाया गया है। उन्होंने बताया कि ये आंकड़े नीति आयोग के हैं, जो विभिन्न विकास और कल्याणकारी योजनाओं के सकारात्मक परिणाम को दशार्ते हैं।

उन्होंने स्पष्ट किया कि लाभार्थियों को राशन, स्वास्थ्य और अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ पहले की तरह मिलता रहेगा।

### सपा सरकार पर कानून-व्यवस्था को लेकर हमला

योगी आदित्यनाथ ने पूर्ववर्ती सपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले कानून कुछ लोगों की जागीर बन गया था। कर्फ्यू और दंगे आम बात थे तथा पुलिस का मनोबल कमजोर था। उन्होंने दावा किया कि आज उत्तर प्रदेश में उपद्रव नहीं, बल्कि उत्सव का माहौल है और कर्फ्यू कल्चर की जगह जीरो टॉलरेंस नीति लागू है।

# आईटी शेयरों में तेज उतार-चढ़ाव, दूसरे दिन भी बाजार लाल निशान में बंद

## बेंचमार्क के अनुरूप व्यापक बाजार भी कमजोरी के साथ बंद हुए।

**समाज जागरण**

मुंबई, 13 फरवरी (आईएएनएस)। भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार को भारी गिरावट के साथ बंद हुआ। लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में बाजार में बिकवाली का दबाव बना रहा, जिससे निवेशकों की चिंता बढ़ गई।

क्लोजिंग बेल पर सेंसेक्स 1,048 अंक यानी 1.25 प्रतिशत गिरकर 82,626 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 50 336 अंक यानी 1.30 प्रतिशत टूटकर 25,471 पर आ गया।



### AI को लेकर ग्लोबल चिंता बनी गिरावट की वजह

बाजार में यह तेज गिरावट मुख्य रूप से भारत के आउटसोर्सिंग मॉडल पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के संभावित प्रभाव को लेकर बढ़ती वैश्विक चिंताओं के कारण देखी गई। खासकर आईटी शेयरों में भारी उतार-चढ़ाव ने निवेशकों का सेंटीमेंट कमजोर किया।

### मिडकैप और स्मॉलकैप में भी दबाव

निफ्टी मिडकैप 100 1.71% गिरा
निफ्टी स्मॉलकैप 100 1.79% टूटा
मार्केट ब्रेड्थ पूरी तरह नकारात्मक रही और निफ्टी के 50 में से 44 शेयर नुकसान में बंद हुए। सेक्टोरल इंडेक्स में चौतरफा बिकवाली सभी सेक्टोरल इंडेक्स लाल निशान में रहे।
निफ्टी मेटल सबसे ज्यादा 3.31% गिरा

विश्लेषकों का कहना है कि डिफेंसिव सेक्टर्स में हल्की मजबूती दिखी, लेकिन व्यापक बिकवाली के दबाव को कम नहीं किया जा सका। निवेशकों का रुझान फिलहाल सतर्क और जोखिम से बचने वाला बना हुआ है।

**निफ्टी रियल्टी 2.23% नीचे**

निफ्टी आईटी दिन में 4% से ज्यादा टूटने के बाद 1.44% नीचे बंद
निफ्टी FMCG 1.90% गिरा
निफ्टी NEXT 50 1.56% कमजोर
रुपया मामूली कमजोर, निवेशक सतर्क
मार्केट विशेषज्ञों के मुताबिक रुपया डॉलर के मुकाबले 0.06 रुपये कमजोर होकर 90.61 पर ट्रेड कर रहा था, जबकि डॉलर इंडेक्स 97 के आसपास स्थिर रहा।

### तकनीकी संकेत कमजोर

विश्लेषकों ने बताया कि निफ्टी गैप-डाउन खुला और अपने प्रमुख 21-, 50- और 100-दिवसीय मूविंग एवरेज (क्रमशः 25,480, 25,770 और 25,690) से नीचे फिसल गया। नीचे की ओर इंडेक्स पिछले सप्ताह के गैप को भरने की कोशिश कर रहा है।

(इनपुटः आईएएनएस)

# ब्राह्मण हूं इसलिए पीटा- डीयू में लड़की संग मारपीट, आइसा बोली मॉब ने थाना घेर लिया है

**समाज जागरण**

दिल्ली यूनिवर्सिटी गुरुवार को छात्र संगठनों के जंग का अखाड़ा बन गया. सोशल मीडिया पर आइसा और एबीवीपी द्वारा सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर कर कई प्रकार के दावे किए जा रहे हैं. इस वायरल वीडियो में एक लड़की दावा कर रही है कि लेफ्ट विंग के गुंडे छात्रों ने इसलिए पीटा क्योंकि वह ब्राह्मण है. वहीं, आइसा ने वीडियो शेयर करते हुए दावा किया उनकी दिल्ली यूनिवर्सिटी की आइसा की सेक्रेटरी अंजलि को माार गया. उन्होंने अपने ऑफिशियल हैंडल से इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर किया है.

सूत्रों द्वारा बताया जा रहा है कि छात्र संगठनों के बीच मारपीट का मामला तब शुरू हुआ, जब लेफ्ट विंग के विरोध प्रदर्शन में ब्राह्मणवाद के खिलाफ नारे लग रहे थे. इस प्रदर्शन में ब्राह्मणों के खिलाफ बहुत बुरा-बुरा बोलने का आरोप लगाया गया है. बताया जा रहा है कि सामने खड़ी रुचि तिवारी ने इसका विरोध किया तो लेफ्ट के छात्र उसे पीटने लगे. उन्होंने आरोप लगाया कि उन्होंने एक साथी प्रदर्शनकारी को धक्का दिया है. आइसा ने इस घटना का वीडियो शेयर किया है.

### आइसा ने वीडियो शेयर किया

आइसा ने इस घटना का वीडियो शेयर किया है. इस वीडियो में बताया गया, 'यूजीसी गाइडलाइंस के लिए डीयू की अधिकार रैली में सरकार की गुंडागर्दी! आज, आइसा डीयू सेक्रेटरी अंजलि पर राइट विंग के गुंडों ने हमला किया. जब वह एक पत्रकार को परेशान होने से बचा रही थीं. दिल्ली पुलिस और सीआरपीएफ की भारी मौजूदगी के बावजूद, हमलावरों को खुली छूट दी गई. यह हिंसा उनके डर का सबसे साफ संकेत है. वे यूजीसी इक्विटी रेगुलेशन के लिए बढ़ते आंदोलन से डरे हुए हैं. प्रशासन और उनके गुंडों, आपके धक्के हमारे इरादे को और मजबूत करते हैं. रोहित (वेमुला) एक्ट के लिए लड़ाई जारी है. हम डरेंगे नहीं! एक इंच भी पीछे नहीं हटेंगे. वहीं, एक दूसरे वीडियो में मॉरिस नगर थाने के बाहर बहुत सी भीड़ दिख रही है. इस वीडियो में आईसा के नेता कहते हुए नजर आ रहे हैं कि थाने को मॉब ने घेर लिया है.



### फ्रीलांसर यूट्यूबर का आरोप

आइसा का आरोप है कि उनके प्रोटेस्ट के दौरान एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने आकर मारपीट की. साथ ही उन्होंने ये भी स्वीकार किया कि इस मारपीट में पिटने वालों में एक यूट्यूबर है. लेफ़्ट की जनरल सेक्रेटरी की पिटाई का भी वीडियो वायरल हो रहा है. हालांकि, मारपीट की शिकार लड़की का आरोप है कि चूंकि मैं ब्राह्मण हूं इसलिए मुझपर लेफ्ट के छात्र ने हमला किया.

लड़की ने वीडियो में क्या कहा? यूट्यूबर लड़की ने बताया कि 'मैं प्रोटेस्ट में गई थी. वहां पर मैं एक मीडिया वाले से बात कर रही थी. ऐसे में अचानक से गुट आता है और मुझ पर हमला करना शुरू कर देता है. वे हमला करने से पहले कहते हैं कि ये तो वही है ना जो कल जंतर-मंतर पर थी. ये कहकर मुझ पर हमला कर देते हैं.' लड़की ने आगे बताया कि कि मेरे बाल खींचे गए, मुझ पर हमला किया गया और लड़कियों ने भी मुझ पर हमला किया. मैं लड़कियों को हटाने की कोशिश कर रही थी, मेरे कुछ दोस्त मुझे बचाने आए तो उन पर आरोप लगाने लगी थीं.

## 'उम्मीदें तो बड़ी हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर असर जरूरी'...

### UP बजट को लेकर आम जनता की राय, बताया सही या गलत




ग्रेटर नोएडाः उत्तर प्रदेश का बजट 2026 आकार के लिहाज से अब तक के सबसे बड़े बजटों में से एक बताया जा रहा है. सरकार ने इंफ्रास्ट्रक्चर, महिला सशक्तिकरण, कृषि और औद्योगिक विकास पर विशेष जोर देने का दावा किया है. बजट के आंकड़े और घोषणाएं निश्चित रूप से बड़े विजन की ओर इशारा करती हैं, लेकिन आम नागरिकों के बीच इसे लेकर मिली-जुली प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं. लोगों का कहना है कि उम्मीदें बड़ी हैं, अब नजर इस बात पर है कि इन योजनाओं का असर जमीन पर कितना दिखता है.

ग्रेटर नोएडा निवासी विजय मिश्रा का मानना है कि बजट का आकार बढ़ना सकारात्मक संकेत है. उनके अनुसार, इंफ्रास्ट्रक्चर और महिलाओं के उत्थान पर ध्यान देना जरूरी कदम है. हालांकि वे यह भी कहते हैं कि अगर आम नागरिक के नजरिए से देखें, तो यह बजट काफी हद तक केंद्रीय बजट की पुनरावृत्ति जैसा लगता है. विशेषकर मध्यम वर्ग को जिस प्रकार की राहत की अपेक्षा थी, वह उन्हें इस बजट में भी स्पष्ट रूप से नजर नहीं आई. उनका कहना है कि राज्य स्तर पर कुछ अलग और ठोस पहल की उम्मीद थी.

### गांवों में अभी भी बिजली और इंटरनेट की सुविधा नहीं

स्थानीय निवासी प्रीती बजट की घोषणाओं को कागज पर प्रभावी मानती हैं, लेकिन जमीनी हकीकत पर सवाल उठाती हैं. उनका कहना है कि गांवों में अभी भी बिजली और इंटरनेट जैसी बुनियादी सुविधाएं पूरी तरह उपलब्ध नहीं हैं. ऐसे में बच्चों को मोबाइल देना तब तक पूरी तरह उपयोगी नहीं होगा, जब तक डिजिटल ढांचा मजबूत न हो. वे मानती हैं कि किसानों और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए बजट में प्रावधान किए गए हैं, लेकिन जरूरत है कि इन योजनाओं का लाभ वास्तव में गांवों तक पहुंचे.

### यूपी में तेजी से विकास की जरूरत

वहीं विकास सिंह औद्योगिक विकास के दावों को लेकर संतुलित लेकिन आलोचनात्मक दृष्टिकोण रखते हैं. उनका कहना है कि उद्योग लगाने की घोषणाएं स्वागत योग्य हैं, लेकिन आम लोगों को जमीन पर बड़े बदलाव स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं दे रहे. वे मानते हैं कि यदि औद्योगिक निवेश को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए, तो रोजगार और स्थानीय अर्थव्यवस्था को बड़ा फायदा मिल सकता है. साथ ही उन्होंने अन्य राज्यों के मॉडल से तुलना करते हुए कहा कि यूपी में अभी और तेजी से काम करने की आवश्यकता है.

### किसानों को राहत की जरूरत

स्थानीय निवासी पंकज नागर बजट को संतुलित नजरिए से देखते हैं. उनके अनुसार, इस बार किसानों के लिए बजट में बढ़ोतरी की गई है, जो सकारात्मक पहल है. हालांकि वे 30 रुपए प्रति क्विंटल की दर वृद्धि को मामूली मानते हैं और कहते हैं कि किसानों को और अधिक ठोस राहत की जरूरत है. स्वास्थ्य क्षेत्र में नए मेडिकल कॉलेज खोलने की अपेक्षा थी, लेकिन फिलहाल पुराने अस्पतालों को दुरुस्त करने पर जोर दिया गया है. उनका मानना है कि यह भी जरूरी कदम है, लेकिन बढ़ती आबादी और जरूरतों को देखते हुए नए संस्थानों की स्थापना पर भी समान रूप से ध्यान दिया जाना चाहिए.

## संसद में कुत्ता टहलाने वाली कांग्रेस सांसद रेणुका चौधरी को विशेषाधिकार हनन का नोटिस

कांग्रेस की राज्यसभा सांसद रेणुका चौधरी बुरी तरह फंस गई हैं. संसद भवन में एक बेसहारा कुत्ते के बच्चे को लाने और साथी सांसदों पर बेहद विवादित टिप्पणी करने के मामले में उनके खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस जारी किया गया है. उनको 23 फरवरी तक इसका जवाब देने का सख्त निर्देश दिया गया है.

विवाद की पूरी कहानी- यह पूरा विवाद शीतकालीन सत्र (1 दिसंबर) के पहले दिन शुरू हुआ था. रेणुका चौधरी एक सड़क के



पिल्ले को लेकर संसद परिसर पहुंच गई थीं. जब उनसे इस संभावित 'विशेषाधिकार प्रस्ताव' के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने सारी हदें पार कर दीं. उन्होंने पहले कुत्ते के भौंकने की नकल करते हुए कहा, 'भौ, भौ... और क्या बोलूं?'

## नोएडा में दिनदहाड़े मोबाइल लूट, फिल्म सिटी क्षेत्र में बदमाशों का आतंक

**समाज जागरण**

नोएडा (संदीप गर्ग): उत्तर प्रदेश की शो विंडो कहे जाने वाले नोएडा में मोबाइल लुटेरों का आतंक लगातार बढ़ता नजर आ रहा है। ताजा घटना में बाइक सवार बदमाशों ने दिनदहाड़े एक निजी न्यूज संस्थान के पत्रकार का मोबाइल लूटकर पुलिस को खुली चुनौती दे दी।

घटना सेक्टर-20 थाना क्षेत्र स्थित फिल्म सिटी इलाके की है, जहां बड़े-बड़े मीडिया हाउस और संस्थानों के दफ्तर मौजूद हैं। बताया जा रहा है कि पत्रकार सड़क पर मौजूद थे, तभी बाइक सवार बदमाश अचानक पहुंचे और झपट्टा मारकर उनका मोबाइल फोन लूट लिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़ित पत्रकार द्वारा दी गई लिखित शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर




दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि आरोपियों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी की जा सके।

स्थानीय लोगों का कहना है कि शहर में मोबाइल लूट और झपटमारी की घटनाएं बढ़ रही हैं, जिससे आमजन में भय का माहौल है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा और क्षेत्र में गश्त बढ़ाई जा रही है।

# पडोस में जगमगाता सुबह का तारा यानि तारिक




हमारे पडौस में बांग्लादेश है और वहाँ की राजनीति में एक नयी सुबह का तारा उगता नजर आ रह है. इस तारे का नाम है तारिक रहमान. बांग्लादेश का भावी प्रधानमंत्री. यथा नाम तथा काम.तारिक एक अरबी शब्द है, जिसका अर्थ होता है दस्तक देने वाला.'दरवाजा खटखटाने वाला'. तारिक को अधिक लाक्षणिक रूप से, 'सुबह का तारा' या 'रात का आगंतुक भी कहा जाता है.

बांग्लादेश में दो साल पहले 5 अगस्त 2024 को हुए हिंसक तख्ता पलट के बाद बीते रोज हुए आम चुनाव के नतीजे बता रहे हैं कि बीएनपी के प्रमुख तारिक रहमान ही बांग्लादेश के नये प्रधानमंत्री होंगे.बांग्लादेश के इस उभरते सितारे के बारे में जा लेना जरूरी है क्योंकि आने वाले दिनों में भारत को तारिक रहमान के साथ ही रिश्ते निभाना है.

एशिया में खानदानी यानि परिवारवाद की राजनीति का नया सितारा हैं तारिक रहमान. 65 साल के तारिक की माँ खालिदा जिया के सुपुत्र तारिक पिछले 17 साल से बीएनपी यानि बांग्लादेश नेशनिलिस्ट पार्टी के प्रमुख हैं. हालांकि वे पहले कार्यवाहक थे लेकिन पिछले दिनों खालिदा जिया के निधन के बाद वे पार्टी के सर्वे सर्वा हो गए.तारिक के पिता जियाउर्रहमान भी बांग्लादेश के 7 वें राष्ट्रपति रहे.

तारिक मियां ने 2008 में तत्कालीन आम चुनाव में अवामी लीग की प्रचंड जीत के बाद देश छोड दिया था. और अपनी जान बचाने के लिए लंदन जा बसे थे. क्योंकि उन्हे भी अदावत की राजनीति का शिकार बनाया जा सकता था. मुमकिन था कि वे भी अपनी माँ की तरह ताउम्र जेल में पडे होते. चूंकि तारिक अपनी माँ के प्रधानमंत्री काल में सुपर प्रधानमंत्री थे इसलिए बाद में शेख हसीना सरकार ने उनके ऊपर भ्रष्टाचार, घूसखोरी मनी लाउंड्रिंग समेत अनेक आरोपों में 84 मुकदमों में फंसाकर सजा सुना दी थी. इसलिए उनका भागना जरुरी था.

शेख हसीना की सरकार के तख्ता पलट के बाद तारिक के ऊपर से सभी आपराधिक मामले हटा लिए गए.गत वर्ष ही वे स्वदेश लौटे और देश की जनता ने उन्हे हाथोंहाथ लिया. तारिक जिस दशा में 2008 में थे आज वही हाल बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना का है. वे दो साल से भारत में शरण लिए हैं. बांग्लादेश में उन्हे सजा ए मौत सुनाई जा चुकी है.

तारिक रहमान ने पहली बार संसदीय चुनाव में बांग्लादेश के प्रमुख राजनीतिक दल बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) का नेतृत्व किया. इसके अलावा उन्होंने खुद भी पहली बार इस चुनाव में हिस्सा लिया.

ये आलेख लिखें जाने तक बांग्लादेश आम चुनाव 2026 में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी ने स्पष्ट बहुमत हासिल कर लिया है, जो अब नेशनल संसद में सबसे बड़ी पार्टी बनी।बीएनपी ने 300 सदस्यीय संसद में लगभग 151 सीटें जीत ली हैं, और बहुमत के लक्ष्य)को पार कर लिया है।

तारिक के नेतृत्व में बीएनपी ऐतिहासिक जीत की ओर बढ़ती दिख रही है. इस जीत के बाद तारिक रहमान बांग्लादेश के नए प्रधानमंत्री बन सकते हैं., जब शेख हसीना की पार्टी आवामी लीग को चुनाव में हिस्सा नहीं लेने दिया गया.

भारत के साथ संबंधों को लेकर भी तारिक रहमान पर सभी की नजरें हैं.क्योंकि पिछले दो साल से बांग्लादेश में मौजूदा मोहम्मद यूनुस की सरकार के रहते भारत विरोधी माहौल बना है. बांग्लादेश अचानक चीन के नजदीक पहुंच गया है. इस बीच भारत ने भी भविष्य को देखते हुए बांग्लादेश से निककटता बढाने की कोशिश की है. हाल ही में जब तारिक रहमान की मां खालिदा जिया का निधन हुआ था, तब भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शोक संवेदना व्यक्त की.विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर को खालिदा जिया के अंतिम संस्कार में शामिलहोने के लिए भेजा था.

@ राकेश अचल

# अखिलेश बढ़ाएंगे पीडीए का दायरा, लक्ष्य 360 सीटें जीतना

उत्तर प्रदेश की राजनीति में 2027 विधानसभा चुनावों का बिगुल बज चुका है और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव अपनी पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) रणनीति को और मजबूत करने में जुटे हैं। पार्टी का मुस्लिम वोट बैंक, जो कभी मुलायम सिंह यादव का सबसे मजबूत किला था, हाल के उपचुनावों में कमजोर पड़ा दिखा, जिसके बाद अखिलेश ने खुलकर मुस्लिम समुदाय को लक्षित करने वाली राजनीति शुरू कर दी है। 2024 के उपचुनावों में मुस्लिम बहुल सीटों पर मिली हार ने सपा को झकझोर दिया, जहां ओवैसी की एआईएमआईएम और कांग्रेस जैसे दल मुस्लिम वोटों में सेंध लगा रहे हैं। अखिलेश ने इसके जवाब में दूसरी पीढ़ी के युवा मुस्लिम नेताओं को आगे बढ़ाने का मेगा प्लान बनाया है। सलीम इकबाल शेरवानी को पश्चिमी यूपी और अताउर्रहमान को पूर्वांचल व रुहेलखंड में मुस्लिम मिशन की कमान सौंपी गई है, जो समाजवादी सद्भावना संवाद जैसे कार्यक्रमों के जरिए समुदाय से सीधा संवाद कर रहे हैं। रामपुर में आजम खान के परिवार से हालिया मुलाकात इसका जीता-जागता प्रमाण है, जहां अखिलेश ने मुस्लिम मतदाताओं की सियासी ताकत को फिर से एकजुट करने का संकल्प जताया।

सपा अब केवल मुस्लिम वोटों तक सीमित नहीं रहना चाहती। पार्टी की नजरें पीडीए समीकरण को व्यापक बनाने पर हैं, जिसमें यादव के अलावा अन्य पिछड़ी जातियां जैसे कुर्मी, मौर्य, जाट, गुर्जर, केवट, मल्लाह, राइथ, कोइरी, निषाद, बिंद, कश्यप और गहमरी जैसी जातियों पर केंद्रित हैं। दलित समाज में जाटव, पासी, रविदास, धोबी, कोरी, वाल्मीकि और अन्य उपजातियों को लुभाने के लिए छोटे-मझोले नेताओं को पार्टी में शामिल किया जा रहा है। ओबीसी वोटों को मजबूत करने के लिए सपा ने संगठन में बड़े बदलाव शुरू किए हैं, जहां निष्क्रिय पदाधिकारियों को हटाकर सक्रिय कार्यकताओं को बूथ स्तर पर जिम्मेदारी दी जा रही है। अखिलेश का फोकस 360 से अधिक सीटें जीतने पर है, इसलिए टिकट वितरण में पीडीए समीकरण को प्राथमिकता मिलेगी। पार्टी प्रवक्ता अनुराग भदौरिया ने स्पष्ट कहा कि सपा सभी जातियों-धर्मों को साथ लेकर पीडीए को मजबूत करेगी।




उधर, पार्टी में बड़े मुस्लिम नेताओं को भी शामिल करने की चर्चा भी जोर पकड़ रही है। अखिलेश यादव नसीमुद्दीन सिद्दीकी जैसे पूर्व बसपा नेता को लुभा सकते हैं, जिनकी कांग्रेस में असंतोष की खबरें हैं। इसके अलावा इमरान मसूद जैसे कांग्रेस के मुस्लिम चेहरों पर नजर है, जिनकी राजनीति को सपा ने काटने की रणनीति अपनाई है। आजम खान के करीबी और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम को फिर से सक्रिय करने की कोशिशें तेज हैं। सलीम शेरवानी और अताउर्रहमान जैसे मौजूदा नेता तो पहले से ही मिशन पर हैं, लेकिन पार्टी में और युवा मुस्लिम चेहरों को लाने की योजना है।

इसी तरह से पिछड़े और दलित समाज से भी कई नाम चर्चा में हैं। ओबीसी में पूर्व बीजेपी विधायक जैसे कुर्मी या मौर्य समुदाय के नाराज नेता सपा की हिट लिस्ट में हैं, जो सत्ताधारी दल से असंतुष्ट हैं। दलित पक्ष में बसपा से टूटे छोटे नेता जैसे जाटव या पासी समुदाय के प्रभावशाली चेहरे, जिनके इलाकों में समीकरण बदल रहे हैं, उन्हें जोड़ने की कोशिश हो रही है। सपा कोर कमेटी ऐसे नेताओं पर डोर डाल रही है जो बूथ स्तर पर वोटर मैनेज कर सकें। हालांकि, विशिष्ट नामों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन राजनीतिक गलियारों में हरिशंकर तिवारी जैसे प्रभावशाली नेताओं के परिवार या बसपा के असंतुष्ट दलित चेहरों की चर्चा आम है।

वहीं 2027 चुनाव के लिए गठबंधन की रणनीति पर अखिलेश सबसे सतर्क हैं। सबसे मजबूत संभावना कांग्रेस के साथ है, लेकिन हालिया उपचुनावों में गठबंधन की असफलता के बाद यह सीमित सीटों तक रह सकता है। उधर, बसपा के साथ गठबंधन की चर्चा फिर से गरमाई हुई है, क्योंकि मायावती मुस्लिम वोट तोड़ने की कोशिश कर रही हैं। हालांकि, अखिलेश निर्दलीय लड़ने या छोटे दलों जैसे अपना दल (कमेरावादी), निषाद पार्टी या महान दल के साथ सीट बंटवारे पर विचार कर रहे हैं, ताकि पीडीए वोट बिखरे नहीं। जबकि ओवैसी की पार्टी को चुनौती देने के लिए सपा अकेले मुस्लिम बहुल सीटों पर फोकस करेगी। राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि अखिलेश मुलायम मॉडल अपनाकर मुस्लिम-यादव गठजोड़ को बचाएंगे, लेकिन ओबीसी-दलित विस्तार ही सत्ता की कुंजी है।

सपा का यह खुला खेल बीजेपी के लिए चुनौती है, जो हिंदुत्व कार्ड खेल रही है। लेकिन अखिलेश की सक्रियता से विपक्ष में हलचल तेज है। अगर मुस्लिम वोट बैंक सहेज लिया और पीडीए मजबूत हुआ, तो 2027 में यूपी की सत्ता का स्वरूप बदल सकता है। पार्टी अब वोटर लिस्ट अभियान चला रही है, खासकर मुस्लिम इलाकों में नाम जुड़वाने पर जोर है। अखिलेश की हालिया बैठकें और संगठनात्मक मंथन मुस्लिम नाराजगी दूर करने पर केंद्रित रहे हैं, जहां ओवैसी के बढ़ते जनाधार को चुनौती देने की रणनीति बनी। कुल मिलाकर, सपा 2027 के लिए आक्रामक मोड में है, जहां मुस्लिम राजनीति को खुलकर खेला जा रहा है, लेकिन पिछड़े-दलित वोटों का विस्तार ही असली दांव है। यह रणनीति सफल हुई तो अखिलेश यादव फिर से सीएम हाउस की दहलीज पर होंगे।



संजय सक्सेना,लखनऊ

# माँ खालिदा की राह पर चले तारिक तो भारत को हो सकता है नुकसान

बांग्लादेश की राजनीति में बेगम खालिदा जिया का नाम एक महत्वपूर्ण अध्याय रहा है। उनकी सरकार के दौरान भारत के साथ संबंधों में अक्सर तनाव की स्थिति बनी रही, जबकि उनके बेटे तारिक रहमान के नेतृत्व में आने पर ये रिश्ते या तो वैसे ही रह सकते हैं या कुछ बदलाव दिख सकते हैं। बेगम खालिदा जिया ने बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के नेतृत्व में 1991 से 1996 तथा 2001 से 2006 तक प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया। इस दौरान भारत के साथ उनके संबंधों को कई कारणों से खराब माना जाता है। सबसे पहले तो उन्होंने 1972 की भारत-बांग्लादेश मैत्री संधि को गुलामी की संधि करार दिया था, जिससे दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक समझौते पर ही सवाल उठ गए। उनकी सरकार ने चीन और पाकिस्तान के साथ गहरे संबंध बढ़ाए, खासकर 2002 में चीन के साथ बड़े रक्षा समझौते हुए, जिससे भारत ने इसे अपनी सुरक्षा के लिए खतरा माना। फरक्का बैराज को लेकर भी उन्होंने भारत की कड़ी आलोचना की और कहा कि इससे बांग्लादेश को गंगा का पानी नहीं मिल पाता। ट्रांजिट सुविधा के मुद्दे पर भी उनकी सरकार ने पूर्वोत्तर भारत को बांग्लादेश के रास्ते जाने का विरोध किया, इसे अपनी संप्रभुता से जोड़कर देखा। इसके अलावा, खालिदा जिया के शासनकाल में भारत ने आरोप लगाया कि बांग्लादेश पूर्वोत्तर के उग्रवादी गुटों को शरण दे रहा है, जिससे सीमा पर तनाव बढ़ा। हिंदू अल्पसंख्यकों पर हमलों के मामले भी बढ़े, जैसे 1992 के बाबरी मस्जिद विवाद के बाद बांग्लादेश में हिंसा भड़की, जिसमें हजारों हिंदू प्रभावित हुए। 2005 में जमात-उल-मुजाहिदीन के 500 बम धमाकों ने भी स्थिति को और बिगाड़ दिया, क्योंकि भारत ने इसे अपने खिलाफ साजिश माना। इन सबके बावजूद 2012 में खालिदा जिया ने भारत यात्रा की और तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी तथा प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह से मुलाकात की, जहां उन्होंने संबंध सुधारने की बात कही, लेकिन वापस लौटते ही उनका रुख फिर कड़ा हो गया। कुल मिलाकर, उनकी सरकार में संबंध सुलगते रहे, कोई गर्मजोशी नहीं दिखी।

इसके विपरीत, शेख हसीना की सरकार ने भारत के साथ संबंधों को मजबूत किया, लेकिन इस बार अवामी लीग को चुनाव लड़ने से रोक दिया गया था। उन्होंने 1972 की संधि का सम्मान किया और कई समझौते किए। उदाहरण के लिए, 2015 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ढाका यात्रा के दौरान भूमि सीमा समझौता हुआ, जिससे 162 छिटमहल सुलझ गए और हजारों लोगों को नागरिकता मिली। गंगा जल बंटवारे पर 1996 का समझौता हसीना ने मजबूती से लागू किया। ट्रांजिट सुविधा दी गई, जिससे पूर्वोत्तर राज्यों को लाभ हुआ। आतंकवाद के खिलाफ सहयोग बढ़ा, खासकर उग्रवादियों को सौंपने के मामले में। व्यापार बढ़ा, बांग्लादेश भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बना। कोविड महामारी में भारत ने टीके उपलब्ध कराए, जिसे हसीना ने सराहा। बुनियादी ढांचे परियोजनाओं जैसे माहेनगर रेल पुल और कुशियारा नदी पर पुल का निर्माण भारत की मदद से हुआ। सांस्कृतिक आदान-प्रदान भी बढ़ा, जैसे संयुक्त सैन्य अभ्यास और सांस्कृतिक उत्सव। इन उदाहरणों से साफ है कि हसीना काल में संबंध ऐतिहासिक रूप से मजबूत हुए।अब सवाल है कि खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान के प्रधानमंत्री बनने से संबंध कैसे होंगे। तारिक बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हैं और मां की राजनीतिक विरासत संभाल रहे हैं। 17 साल बाद वे 2025 में बांग्लादेश लौटे, जहां उनकी लोकप्रियता बढ़ी है। तारिक का रुख भी राष्ट्रवादी है, वे भारत के खिलाफ बयानबाजी करते रहे हैं। उन्होंने पूर्वोत्तर उग्रवादियों को शरण देने के आरोपों को खारिज किया, लेकिन पाकिस्तान और चीन के प्रति नरमी दिखाई। हालांकि, हाल के वर्षों में कुछ बदलाव दिखे हैं। खालिदा जिया की हालत खराब होने और उनकी मृत्यु के बाद तारिक ही पार्टी का चेहरा हैं। वे आर्थिक विकास और लोकतंत्र पर जोर देते हैं, जिससे भारत के साथ व्यापारिक संबंध बनाए रखने की जरूरत समझते होंगे। बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था भारत पर निर्भर है, निर्यात का बड़ा हिस्सा भारत जाता है। वैश्विक दबाव में भी बदलाव संभव है। लेकिन पार्टी की विचारधारा के कारण संबंध वैसे ही तनावपूर्ण रह सकते हैं, जैसे अल्पसंख्यक सुरक्षा और सीमा विवाद पर। अगर तारिक सत्ता में आए, तो चीन-पाकिस्तान झुकाव बढ़ सकता है, जिससे भारत सतर्क होगा। फिर भी, कूटनीतिक यात्राओं से नरमी आ सकती है, जैसा 2012 में हुआ। कुल मिलाकर, पूरी तरह वैसा ही रहना मुश्किल, कुछ सकारात्मक बदलाव दिख सकते हैं यदि आर्थिक हित प्राथमिक हों।बांग्लादेश की राजनीति हमेशा भारत के लिए महत्वपूर्ण रही है। खालिदा जिया काल की खटास ने सीमा सुरक्षा और व्यापार प्रभावित किया, जबकि हसीना ने सहयोग बढ़ाया। तारिक के नेतृत्व में भविष्य अनिश्चित है, लेकिन पड़ोसी देश होने से संवाद बना रहेगा। दोनों देशों को सीखना होगा कि राजनीतिक बदलाव संबंधों को बिगड़ने न दें। लोकतंत्र की मजबूती ही समृद्धि लाएगी।



अजय कुमार, वरिष्ठ पत्रकार

# दोस्ती का साथ कभी रुकता नहीं।

दोस्ती का ये सफर कभी
खत्म होता नहीं,
दिल से जो बना रिश्ता
कोई समझौता नहीं।

तौल लो चाहे तराजू में
महँगा या सस्ता,
दोस्ती का भाव दुनिया में
कभी छोटा नहीं।

चेहरे से रूहानी खुशी
टपकती हरदम,
जो एहसास है दिल का,
कहीं खोता नहीं।

रिश्ते खून के सही पर वो
मिठास कहाँ,
दोस्ती का स्वाद जीवन में
फीका होता नहीं।

राहें सुनसान हो उम्मीद
बिखरती जाए,
दोस्ती का हाथ मुश्किल
में भी रुकता नहीं।

दर्द दिल का जो हँसी में
ही बदल देता है,
आँसुओं को वो थामें
कभी थकता नहीं।

वक़्त ले इम्तिहाँ, दूरियाँ
कितनी भी हों,
सच्चा दोस्त अपने वादे से
मुकरता नहीं।

बारिशों-सी ये ठंडक ये
सुकूँ देती है,
आँधियों में भी ये दरख़्त
झुकता नहीं।

ज़िंदगी थक के अगर रो
पड़ी पलकों पर,
दोस्ती का ये सहारा कभी
छूटता नहीं।

दोस्ती का ये सफर यूँ ही
रवाँ रहता है,
मंज़िल तक ये काफि ला
थमता नहीं।

संजीव ठाकुर,रायपुर
छत्तीसगढ,

# वेलेंटाइन्सडे याद हैं, लेकिन पुलवामा क्यों भूल गए?

हर साल फरवरी का 14वाँ दिन दुनिया के कई हिस्सों में वेलेंटाइन्सडे के रूप में मनाया जाता है। यह दिन प्रेम और स्नेह के आदान-प्रदान का प्रतीक माना जाता है। लोग एक-दूसरे को कार्ड, फूल, चॉकलेट और उपहार भेजते हैं, अपने प्रियजनों के प्रति भावनाओं को व्यक्त करते हैं। सोशल मीडिया पर भी इस दिन की बधाइयों और पोस्टों की भरमार होती है। शहरी और युवा पीढ़ी विशेष रूप से इसे बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ सेलिब्रेट करते हैं। जबकि यह भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति के बिल्कुल विपरित है।

लेकिन जब हम इसी दिन की बात करें देशभक्ति, शहादत और देश की सुरक्षा की, तो अक्सर वह ध्यान से नजरअंदाज हो जाता है। इसी दिन, यानी फरवरी 14, 2019 को पुलवामा में आतंकवादी हमले का दर्दनाक इतिहास दर्ज हुआ। उस दिन जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में सुरक्षा बलों की कार पर आतंकवादी हमला हुआ था, जिसमें 40 से अधिक जवान शहीद हुए थे। यह हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया था। परिवारों ने अपार दुःख झेला, और पूरी राष्ट्रव्यापी संवेदना उभरकर सामने आई।

आज, जब हम वेलेंटाइन्सडे के उपलक्ष्य में गुलाब और चॉकलेट बांट रहे हैं, क्या हम उन शहीदों को याद कर रहे हैं जिन्होंने हमारे देश की रक्षा के लिए अपना जीवन न्योछावर कर दिया? क्या हमने उनके परिवारों की पीड़ा को महसूस किया, या उनकी शहादत को सम्मान देने का कोई पल निकाला?




समस्या यह है कि हमारी प्राथमिकताएँ अक्सर तत्कालीन खुशी और व्यक्तिगत आनंद की ओर झुकती हैं, और देशभक्ति या राष्ट्रीय स्मृति पीछे छूट जाती है। सोशल मीडिया पर ट्रेंड करता है, लेकिन उतना ध्यान आकर्षित नहीं कर पाता। यह केवल मीडिया या सोशल प्लेटफॉर्म की गलती नहीं है, बल्कि हमारी सामाजिक मानसिकता का संकेत भी है।

पुलवामा शहीदों की कहानी केवल एक आतंकवादी हमले की कहानी नहीं है। यह देश की अखंडता, सेना की तत्परता और नागरिकों की सुरक्षा की कहानी है। शहीदों ने अपने परिवार, सपनों और जीवन की सभी सीमाओं को पार कर, हमारे लिए अपनी जान कुर्बान की। उनके बलिदान ने यह स्पष्ट कर दिया कि देश की स्वतंत्रता और सुरक्षा किसी भी व्यक्तिगत सुख-सुविधा या खुशी से अधिक मूल्यवान है।

हमारे देश में कई लोग वेलेंटाइन्सडे को महोत्सव की तरह मनाते हैं। इसमें कोई बुराई नहीं है; प्रेम का उत्सव हमेशा स्वागत योग्य है। लेकिन एक ही दिन पर राष्ट्रीय स्मृति और व्यक्तिगत खुशी का संतुलन होना चाहिए। यह संतुलन हमारी संस्कृति, हमारे मूल्यों और हमारी जिम्मेदारियों का प्रतिबिंब है।

सरकार, शिक्षण संस्थान और मीडिया के माध्यम से हम पुलवामा और अन्य शहीदों की स्मृतियों को निरंतर जीवित रख सकते हैं। शैक्षिक पाठ्यक्रम में सैनिक बलों की वीरता को शामिल किया जाना चाहिए। सामाजिक प्लेटफॉर्म और स्थानीय आयोजन शहीदों को याद करने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित कर सकते हैं। ऐसे कार्यक्रम युवाओं में देशभक्ति और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना जगाएंगे।

आज जब गुलाब, चॉकलेट और उपहार हमारे हाथों में हैं, हमें यह भी याद रखना चाहिए कि किसी ने अपनी जान की कीमत पर हमें यह आजादी और सुरक्षा दी है। उनके लिए एक पल का मौन, एक पुष्प अर्पण, या उनकी वीरता पर विचार करना भी एक बड़ा सम्मान है।

संपूर्ण राष्ट्र की जिम्मेदारी है कि हम याद रखें और याद दिलाएँ। केवल व्यक्तिगत उत्सव या खुशी में खो जाने से हम इतिहास और राष्ट्रीय बलिदानों का सम्मान नहीं कर पाते। पुलवामा हमें यह सिखाता है कि सच्चा प्रेम केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि देश और समाज के प्रति भी होना चाहिए।

इस संपादकीय का उद्देश्य केवल लोगों की भावनाओं को झकझोरना नहीं है, बल्कि एक सचेतनता की आवश्यकता पर जोर देना है। हमें अपने जीवन में संतुलन बनाना होगाः व्यक्तिगत खुशियों और राष्ट्रीय जिम्मेदारियों के बीच। प्यार का उत्सव मनाएँ, लेकिन शहीदों और देशभक्ति को भूलें नहीं। यही वास्तविक जागरूक नागरिक और समाज की पहचान है।

जब वेलेंटाइन्सडे के गुलाब खिलें, पुलवामा की स्मृति हमारे दिलों में भी जीवित रहे। क्योंकि प्यार केवल रोमांटिक नहीं होता; प्यार देश, समाज और मानवता के प्रति भी हो सकता है।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# जनपद में 16 से 27 फरवरी तक चलेगा खसरा-रूबेला विशेष टीकाकरण अभियान

**समाज जागरण**

गौतमबुद्धनगर, 13 फरवरी (विशेष प्रतिनिधि): जनपद में 16 फरवरी से 27 फरवरी 2026 तक खसरा-रूबेला (एमआर) विशेष टीकाकरण अभियान–2026 संचालित किया जाएगा। इस अभियान के तहत कक्षा 01 से कक्षा 05 तक के लगभग 5 से 10 वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों को खसरा एवं रूबेला से सुरक्षित किया जाएगा।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार ने बताया कि शासन के निर्देशों के क्रम में यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य जनपद के अधिक से अधिक बच्चों को एमआर वैक्सीन की अतिरिक्त खुराक देकर खसरा और रूबेला जैसी संक्रामक बीमारियों से सुरक्षा प्रदान करना है।

उन्होंने बताया कि जनपद के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों में विशेष टीकाकरण सत्र आयोजित किए जाएंगे। इन सत्रों में प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा बच्चों को एमआर वैक्सीन लगाई जाएगी। अभियान निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 16 से 27 फरवरी तक संचालित होगा।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जनपद के सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों को निर्धारित तिथि पर विद्यालय भेजकर टीकाकरण अवश्य कराएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह टीका पूर्णतः सुरक्षित और निःशुल्क है।

उन्होंने संबंधित विभागों, विद्यालय प्रबंधन और सहयोगी संस्थाओं से भी अभियान को सफल बनाने के लिए सक्रिय सहयोग देने का आह्वान किया। – सौजन्यः सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर

# नोएडा में 'मनरेगा बचाओ पदयात्रा' निकाली, मजदूरों के अधिकारों की उठाई आवाज

**समाज जागरण**

नोएडा (संदीप गर्ग): महानगर कांग्रेस कमेटी नोएडा के अध्यक्ष मुकेश यादव के नेतृत्व में 'मनरेगा बचाओ पदयात्रा' का आयोजन किया गया। पदयात्रा की शुरूआत नोएडा सेक्टर-8 स्थित बांस-बल्ली ड्रम मार्केट से हुई और यह सेक्टर-9, 11, 4, 5 व 10 से होते हुए संपन्न हुई।



यात्रा में शामिल कांग्रेस कार्यकताओं ने एक स्वर में कहा कि मनरेगा मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए बनाई गई योजना है, लेकिन वर्तमान में इसके प्रावधानों को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है। कार्यकताओं ने कहा कि कांग्रेस पार्टी मजदूरों के अधिकारों पर किसी भी प्रकार की आंच नहीं आने देगी और इसके लिए संघर्ष जारी रखा जाएगा।

पदयात्रा में गौतमबुद्धनगर मनरेगा पदयात्रा कोऑर्डिनेटर सलमान सईद, मनरेगा बचाओ संग्राम गौतमबुद्धनगर कोऑर्डिनेटर दिनेश अवाना, पूर्व महानगर अध्यक्ष शाहबुद्दीन, वरिष्ठ कांग्रेस नेता फिरे सिंह नागर, प्रदेश सचिव पुरुषोत्तम नागर, सत्येंद्र शर्मा, लियाकत चौधरी, यतेंद्र शर्मा, संगठन प्रभारी ललित अवाना, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष जावेद खान, उपाध्यक्ष विक्रम चौधरी, महासचिव दयाशंकर पांडे, राम कुमार शर्मा, सचिव कैप्टन पी.एस. रावत, वीरो देवी, ब्लॉक अध्यक्ष मोहम्मद चांद सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मजदूर हितों की रक्षा के लिए पार्टी सड़क से सदन तक संघर्ष जारी रखेगी।

दैनिक समाज जागरण
नेशनल अखबार मे
विज्ञापन देने के लिए
संपर्क करें।

# ग्राम भट्टा में निःशुल्क नेत्र ऑपरेशन हेतु पंजीकरण शिविर आयोजित

**समाज जागरण**

नोएडा (संदीप गर्ग): धर्मार्थ जन्म सेवा समिति (पंजीकृत) द्वारा ग्राम भट्टा में निःशुल्क नेत्र ऑपरेशन के लिए पंजीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अधिवक्ता प्रमेन्द्र भाटी, पूर्व अध्यक्ष डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन एवं एमएलसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र मेरठझसहारनपुर मंडल के प्रत्याशी ने किया।

इस अवसर पर देविंदर नेताजी, भूपिंदर भाटी मास्टर, ज्योति अग्रवाल एडवोकेट, देवी सिंह मास्टर, चंद्रपाल शर्मा, इंजीनियर राजेंद्र शर्मा, राजेंद्र प्रसाद शर्मा (ऊंची दनकौर) सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान डॉक्टर और नर्सों की टीम ने जरूरतमंद मरीजों का पंजीकरण किया।




अपने संबोधन में प्रमेन्द्र भाटी ने कहा कि प्रकृति द्वारा प्रदान की गई आंखों के माध्यम से ही हम सजीव और निर्जीव संसार को देख पाते हैं। यदि किसी व्यक्ति की खोई हुई दृष्टि वापस लाने का प्रयास किया जाए तो इससे बड़ा कोई पुण्य कार्य नहीं हो सकता। उन्होंने समिति द्वारा किए जा रहे इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए कहा कि यह समाज के लिए अत्यंत प्रेरणादायक पहल है।

उन्होंने समिति के पदाधिकारियों और कार्यकताओं को बधाई देते हुए भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रम निरंतर आयोजित करते रहने की शुभकामनाएं दीं।

# सेक्टर-24 पुलिस ने वाहन चोर गिरफ्तार किया, चोरी की बाइक व अवैध चाकू बरामद

**समाज जागरण**

नोएडा (संदीप गर्ग): थाना सेक्टर-24 नोएडा पुलिस ने दो पहिया वाहन चोरी करने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल और अवैध शस्त्र बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार, मैनुअल इंटेलिजेंस एवं गोपनीय सूचना के आधार पर चेकिंग के दौरान गिझोड़ रेड लाइट के पास से अभियुक्त शुभम तिवारी पुत्र संतोष तिवारी को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक चोरी की मोटरसाइकिल तथा एक अवैध चाकू बरामद हुआ।

पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि वह दिल्ली, नोएडा और एनसीआर के विभिन्न इलाकों में भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर खड़ी मोटरसाइकिलों को मौका पाकर चोरी करता था।




पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार अभियुक्त मूल रूप से ग्राम महामदपुर, थाना सम्मनपुर, जिला अंबेडकरनगर का निवासी है और वर्तमान में ग्राम ममूरा, सेक्टर-66 नोएडा में रह रहा था। उसकी उम्र लगभग 22 वर्ष बताई गई है तथा उसका पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। बरामद मोटरसाइकिल और अवैध चाकू को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है।

# स्नेह और आत्मीयता के साथ मनाई गई डॉ. पीयूष द्विवेदी की वैवाहिक वर्षगांठ



**समाज जागरण**

नोएडा (संदीप गर्ग): नोएडा शहर के प्रतिष्ठित उद्योगपति, प्रख्यात समाजसेवी एवं उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल एनसीआरझदिल्ली एनसीआर के अध्यक्ष डॉ. पीयूष द्विवेदी की वैवाहिक वर्षगांठ के अवसर पर सेक्टर-29 स्थित नोएडा मीडिया क्लब में स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान डॉ. द्विवेदी ने क्लब के सदस्यों के साथ केक काटकर अपनी वर्षगांठ का उत्सव मनाया। इस अवसर पर नोएडा मीडिया क्लब परिवार की ओर से उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं एवं मंगलकामनाएं दी गईं। पूरा आयोजन आत्मीयता, सौहार्द और उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

इस मौके पर नोएडा मीडिया क्लब के महासचिव जयप्रकाश सिंह, कोषाध्यक्ष मनोज वत्स, राजेश शर्मा, अरुण सिन्हा, विजय गौड़, अंकित कौशिक, योगेश राणा, देवमणि शुक्ला, विनय जोशी, रंजीत पांडे, संदीप गर्ग, वरुण श्रीवास्तव एवं देव गुर्जर सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

सभी सदस्यों ने डॉ. द्विवेदी के सुखद, समृद्ध एवं मंगलमय दांपत्य जीवन की कामना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य और उत्तम स्वास्थ्य की प्रार्थना की। कार्यक्रम हर्षोल्लास और आत्मीय माहौल में संपन्न हुआ।

# टीएमयू के प्रो. राजुल रस्तोगी का यूएस की बिजनेस पत्रिका में डंका

अमेरिकी पत्रिका- सीआईओ प्राइम ने मुखपत्र पर प्रमुखता से प्रकाशित किया चित्र, सीनियर रेडियोलॉजिस्ट प्रो. राजुल रस्तोगी के साक्षात्कार पर तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी को गर्व




**समाज जागरण**

चीफ इंफॉर्मेशन ऑफिसर्स, आईटी अफसरों और एंटरप्राइज इन्नोवेशन एवम् डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन का नेतृत्व करने वाले टेक्नोलॉजी रणनीतिकारों को समर्पित डिजिटल अमेरिकन बिजनेस पत्रिका- सीआईओ प्राइम में अपना इंटरव्यू प्रमुखता से प्रकाशन के बाद टीएमयू हॉस्पिटल के सीनियर रेडियोलॉजिस्ट प्रो. राजुल रस्तोगी वैश्विक पटल पर छा गए हैं। इस प्रतिष्ठित पत्रिका ने अपने फ्रंट पेज पर न केवल प्रो. राजुल रस्तोगी का चित्र प्रमुखता से प्रकाशित किया है, बल्कि ड्राइविंग इन्नोवेशन इन एजुकेशन पर केंद्रित इंटरव्यू भी विस्तार से प्रकाशित किया है। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के आला प्रबंधन को सीनियर रेडियोलॉजिस्ट प्रो. राजुल रस्तोगी की इस उपलब्धि पर गर्व है। प्रो. राजुल ने इस साक्षात्कार में स्वीकार किया, इंडिया का हैल्थकेयर सेक्टर सघन ट्रेनिंग के बूते बेहद स्ट्रांग है, क्योंकि यह प्रशिक्षण स्मार्ट टीचर्स के जरिए दिया जाता है। उल्लेखनीय है, सीआईओ प्राइम डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन का नेतृत्व करने वाले टेक्नोलॉजी रणनीतिकारों के लिए एक प्रमुख डिजिटल हब है। सीआईओ प्राइम पत्रिका उद्योग के सीआईओएस और लीडर्स के विस्तृत साक्षात्कार, सफल डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन केस स्टडीज और आईटी गवर्नेंस और जोखिम प्रबंधन पर श्वेतपत्र प्रकाशित करता है। इस खास इंटरव्यू में प्रो. रस्तोगी स्वीकारते हैं, इंडिया में मेडिकल क्षेत्र में एआई को लागू करने में विविधताएं सबसे बड़ा मुद्दा हैं। इसके लिए सबसे पहले मेडिकल एजुकेशन, इंफ्रास्ट्रक्चर और ट्रेनिंग में सुधार करना जरूरी है। देशभर में समान मेडिकल एजुकेशन और ट्रेनिंग देनी होगी, जिसके लिए एआई एक बेहतर विकल्प है।

प्रो. राजुल इंटरव्यू में बेहिचक कहते हैं, यूं तो एआई का इतिहास 50 साल से अधिक का है। कम्प्यूटर सेक्टर में करीब 30 और मोबाइल सेक्टर में करीब 20 साल से एआई का प्रयोग किया जा रहा है। मेडिकल सेक्टर में एआई का प्रयोग करने में अभी भी गुरेज किया जा रहा है। इसका प्रमुख कारण डॉक्टर्स को एआई तकनीक के फाउंडेशन के ज्ञान और यह कैसे काम करेगी इसका अभाव है। बकौल प्रो. रस्तोगी मेडिकल वर्कर्स का मानना है, एआई मानव को रिप्लेसमेंट कर देगी, जबकि यह एक भ्रम है। यह एक अच्छे सहायक के रूप में काम को और आसान और एक्यूरेट करने में सहायता करेगी, लेकिन हमें सबसे पहले मेडिकल प्रोफेशनल्स को एआई की सघन ट्रेनिंग देना जरूरी है। हमें एआई का एक ऐसा मॉडल डवलप करना होगा, जो दुनिया के लिए नजीर बन सके। इमरजेंसी केयर, कैंसर, डायबिटीज, किड़नी, हार्ट, मेंटल डिसऑर्डर सरीखी बीमारियों में एआई का प्रयोग वरदान साबित होगा। डॉक्टर्स के लिए पैशन, कंपैशन और इथिक्स का कॉम्बिनेशन जरूरी है। हमारा मुख्य फोकस डॉक्टर्स, पीजी स्टुडेंट्स, हैल्थ सेक्टर वर्कर्स आदि को भी एआई का प्रयोग करने में सक्षम बनाना है।

उल्लेखनीय है, प्रो. राजुल रस्तोगी आईआईआईटी, हैदराबाद से एआई में सर्टिफिकेट कोर्स कर चुके हैं। वर्तमान में वह जॉन्स हॉप्किन्स यूनिवर्सिटी-यूएसए के संग-संग नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशंस इन मेडिकल साइंसेज से भी एआई का सर्टिफिकेट कोर्स कर रहे हैं। प्रो. रस्तोगी कहते हैं, यूपी के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी हैल्थ सेक्टर में एआई के क्रियान्वयन को लेकर संजीदा हैं, इसीलिए सूबे के स्वास्थ्य एवम् परिवार कल्याण, आईटी एवम् इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग की ओर से जनवरी में इंडिया-एआई इम्पैक्ट समिट- 2026 की रीजनल एआई इम्पैक्ट कॉन्फ्रेंस की थी, जिसमें तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर के प्रिंसिपल प्रो. एनके सिंह के संग-संग रेडियोडायग्नोसिस विभाग के सीनियर रेडियोलॉजिस्ट प्रो. राजुल रस्तोगी बतौर नोडल अधिकारी शिरकत कर चुके हैं। समिट में संजय गांधी पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंसेज को मेडिकल सेक्टर में एआई मॉडल को लागू करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसमें सूबे के प्रमुख मेडिकल कॉलेज शामिल हैं।

टीएमयू के प्रो. रस्तोगी मानते हैं, यूएस की प्राइम मैगजीन सीआईओ में मेडिकल शिक्षा के विकास यात्रा और दृष्टिकोण को साझा करना अत्यंत सम्मान की बात है। यह साक्षात्कार मेडिकल साइंस के प्रति मेरे उस आजीवन जुनून को दर्शाती है, जिसका बीजारोपण रेडियोलॉजी सूट में कदम रखने से बहुत पहले ही हो गया था। कहते हैं, वैज्ञानिक डाटा एकत्र करने के शुरूआती दिनों से लेकर एजुकेटर ऑफ एआई इन हैल्थकेयर के रूप में वर्तमान भूमिका तक मेरा लक्ष्य सदैव चिकित्सा के लिए संवेदनापूर्ण और सटीक भविष्य का निर्माण करना रहा है। मैंने मेडिकल पीजी प्रशिक्षण में हो रहे बदलावों, एजुकेशनल मल्टीपिलर के रूप में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका और अमेरिकन बिजनेस पत्रिका-सीआईओ प्राइम में इस बात पर गहराई से चर्चा की है कि कैसे इंटीग्रेटेड डायग्नोस्टिक्स विकसित भारत के सपने को साकार करने की कुंजी है। रोट लर्निंग से आगे बढ़कर क्रिटिकल थिंकिंग और टेक्नोलॉजिकल सिनर्जी की मेरी फिलॉसफी बेहद सरल है। हम केवल रेडियोलॉजिस्ट नहीं तैयार कर रहे हैं; हम डेटा कंडक्टर्स तैयार कर रहे हैं, जो नैतिक सटीकता के साथ एआई, रेडियोमिक्स और पैथोमिक्स की जटिलताओं का नेतृत्व कर सकें।

उल्लेखनीय है, प्रो. रस्तोगी को रेडियोलॉजी में 25 सालों का लंबा अनुभव है। वह 10 बरस से टीएमयू में अपनी सेवाएं दे रहे है। प्रो. रस्तोगी 2024 में यूरोपियन कॉग्रेंस ऑफ रेडियोलॉजी- ईसीआर की ऑस्ट्रिया, इंटरनेशनल कॉग्रेंस ऑन एमआरआई- आईसीएमआरआई की साउथ कोरिया में इंटरनेशल कॉन्फ्रेंस के संग-संग आरआ-ईसीओएन- 2024 की स्टेट कॉन्फ्रेंस, एशियन ओशियनियन कॉग्रेंस ऑफ रेडियोलॉजी- एओसीआर एवम् इंडियन रेडियोलॉजिकल इमेजिंग एसोसिएशन- आईआरआईए- 2025 की चेन्नई की नेशनल कॉन्फ्रेंस में अपने रिसर्च पेपर्स/व्याख्यान दे चुके हैं। प्रो. रस्तोगी के 215 पब्लिकेशन्स भी नेशनल और इंटरनेशनल स्तर पर प्रकाशित हो चुके हैं। लगभग 826 से अधिक शोधार्थी इनका संदर्भ ले चुके हैं। इसके अलावा रेडियोलॉजी एंड दीगर सब्जेक्ट्स बुक्स पर प्रो.राजुल के करीब 15 टेक्सट बुक्स में करीब 50 चौप्टर्स भी प्रकाशित हैं। इंटरनेशनल स्तर के छह और नेशनल स्तर के करीब एक दर्जन से अधिक अवार्ड भी प्रो. रस्तोगी की झोली में शामिल हैं। प्रो. राजुल अब तक 15 देशों की विजिट कर चुके हैं। वह करीब 125 विभिन्न नेशनल और इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में लगभग 210 से अधिक रिसर्च पेपर प्रस्तुत कर चुके हैं।

# नोएडा में 38वां वसंत उत्सव फ्लावर शो 2026 का काउंटडाउन शुरू, शहरवासी तैयार

**समाज जागरण**

नोएडा। शहरवासियों के लिए खुशखबरी है कि नोएडा प्राधिकरण द्वारा आयोजित होने वाला 38वां वसंत उत्सव फ्लावर शो 2026 अब बिल्कुल करीब आ चुका है। रंग-बिरंगे फूलों की खुशबू और प्रकृति की अनुपम छटा से भरपूर इस भव्य आयोजन में अब केवल छह दिन शेष रह गए हैं। प्राधिकरण की ओर से कार्यक्रम स्थल पर तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं और पूरे क्षेत्र को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। उत्तर भारत के सबसे बड़े फ्लोरल उत्सव के रूप में पहचान बना चुका यह प्रतिष्ठित आयोजन 19 फरवरी से 22 फरवरी 2026 तक सेक्टर-33ए (शिल्पहाट के पास) में आयोजित किया जाएगा। चार दिनों तक चलने वाले इस उत्सव में प्रतिदिन सुबह 10 बजे से रात 9 बजे तक आम नागरिक प्रवेश कर सकेंगे। आयोजकों का कहना है कि इस बार भी रिकॉर्ड संख्या में दर्शकों के पहुंचने की संभावना है। फ्लावर शो में देश-विदेश की विभिन्न प्रजातियों के फूलों की मनमोहक प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इसके अलावा थीम आधारित फ्लोरल इंस्टॉलेशन, आकर्षक गार्डन डिस्प्ले, सजावटी पौधों की बिक्री, और प्रकृति प्रेमियों के लिए विशेष फोटो प्वाइंट भी तैयार किए जा रहे हैं। परिवारों, बच्चों और युवाओं के लिए यह आयोजन खास आकर्षण का केंद्र रहेगा। कार्यक्रम स्थल को वसंत थीम पर सजाया जा रहा है, जहां हर कोना रंगों और खुशबुओं से महकेगा। प्राधिकरण का उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं बल्कि लोगों को बागवानी और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना भी है। यही कारण है कि इस बार फ्लावर शो में शौकिया माली, स्कूलों और विभिन्न संस्थानों की भागीदारी भी सुनिश्चित की जा रही है। नोएडा प्राधिकरण ने शहरवासियों से अपील की है कि वे अपने परिवार और मित्रों के साथ इस भव्य उत्सव में शामिल होकर वसंत ऋतु के इस अनूठे पर्व का आनंद लें।

# अग्रवाल वैश्य मित्र मंडल करेगा 'पारिवारिक मंगल मिलन समारोह' का आयोजन

**समाज जागरण**

नोएडा (संवाददाता): सेक्टर-33 स्थित महाराजा अग्रसेन भवन में अखिल भारतीय अग्रवाल वैश्य मित्र मंडल द्वारा 14 फरवरी को 'पारिवारिक मंगल मिलन समारोह' आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियां अंतिम चरण में हैं और समाज के लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

संस्था के अध्यक्ष राधा कृष्ण गर्ग ने बताया कि यह समारोह वैश्य समाज में पारस्परिक प्रेम और आपसी सद्भाव को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। इसमें समाज के सभी वर्गों की सक्रिय भागीदारी रहती है।



कार्यक्रम संयोजक सुधीर पोरवाल, लव केश गोयल एवं रोहतास गोयल ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना से होगी। आयोजन को भव्य बनाने के लिए महाराजा अग्रसेन की जीवनी पर आधारित आकर्षक झांकियां, हरियाणवी नृत्य तथा फूलों की होली जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। साथ ही आगंतुक अतिथियों का सम्मान किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद डॉ. महेश शर्मा, सांसद अतुल गर्ग, विधायक विनय वर्मा, विधायक पंकज सिंह, राज्य मंत्री कैप्टन विकास गुप्ता, पूर्व विधायक विमला बाथम, पूर्व विधायक नवाब सिंह नगर, भाजपा जिला अध्यक्ष महेश चौहान, पूर्व जिला अध्यक्ष मनोज गुप्ता तथा सपा जिला अध्यक्ष डॉ. आश्रय गुप्ता सहित अनेक गणमान्य लोगों की उपस्थिति प्रस्तावित है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. वी.के. गुप्ता करेंगे, जबकि स्वागत अध्यक्ष डी.के. मित्तल होंगे। संस्था के महासचिव राज कुमार संगठन की गतिविधियों की जानकारी साझा करेंगे।

# टाटा मोटर्स द्वारा नई सफारी-हैरियर पेट्रोल और एक्सप्रेस सीएनजी का भव्य लॉन्च

**समाज जागरण**

नोएडा। भारतीय ऑटोमोबाइल उद्योग की अग्रणी कंपनी टाटा मोटर्स ने अपने प्रतिष्ठित एसयूवी पोर्टफोलियो को और सशक्त बनाते हुए नई सफारी-हैरियर पेट्रोल तथा विशेष रूप से कमर्शियल उपयोग के लिए एक्सप्रेस सीएनजी मॉडल को बाजार में लॉन्च किया। इस अवसर पर देशभर के अधिकृत डीलरशिप्स पर विशेष लॉन्च कार्यक्रम आयोजित किए गए।







सागर मोटर्स, जो पिछले कई वर्षों से टाटा कारों के अग्रणी डीलर के रूप में अपनी पहचान बनाए हुए है, ने अपने सभी शोरूम पर इस लॉन्च को भव्य समारोह के रूप में मनाया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्राहकों, फ्लीट ऑपरेटर्स, ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों एवं गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही।

सागर मोटर्स के वाइस प्रेसिडेंट वीरेंद्र सिंह ने कहा कि नई सफारी और हैरियर पेट्रोल प्रीमियम एसयूवी सेगमेंट में नया मानक स्थापित करेंगी, जबकि एक्सप्रेस सीएनजी कमर्शियल क्षेत्र में गेम-चेंजर साबित होगी।

कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथियों ने टाटा मोटर्स की गुणवत्ता, सुरक्षा और 'वोकल फॉर लोकल' पहल की सराहना की।

नई टाटा सफारी पेट्रोल और टाटा हैरियर पेट्रोल अत्याधुनिक पेट्रोल इंजन के साथ शानदार पावर और स्मूथ ड्राइविंग अनुभव प्रदान करती हैं। प्रीमियम डिजाइन, उन्नत तकनीक और उच्चतम सुरक्षा फीचर्स के साथ ये एसयूवी भारतीय परिवारों के लिए आदर्श विकल्प मानी जा रही हैं।

वहीं टाटा मोटर्स ने एक्सप्रेस सीएनजी को विशेष रूप से कमर्शियल उपयोग (टैक्सी, फ्लीट ऑपरेशन एवं परिवहन सेवाएं) के लिए प्रस्तुत किया है। फैक्ट्री-फिटेड सीएनजी किट के साथ यह मॉडल बेहतर माइलेज, कम परिचालन लागत और अधिक मुनाफा सुनिश्चित करता है। इसमें फैक्ट्री-फिटेड आ-ईसीएनजी ड्यूल सिलेंडर तकनीक दी गई है, जिससे बूट स्पेस प्रभावित नहीं होता और सुरक्षा भी सुनिश्चित रहती है।

# राह-वीर (Good Samaritan): मानवता का सच्चा प्रहरी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पुलिस ने आम नागरिकों से सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की मदद के लिए आगे आने की अपील की है। पुलिस ने बताया कि जो व्यक्ति बिना किसी स्वार्थ के दुर्घटना में घायल व्यक्ति को प्राथमिक सहायता देता है या उसे अस्पताल पहुँचाने में मदद करता है, उसे "राह-वीर" (गुड समैरिटन) कहा जाता है।

पुलिस के अनुसार, मोटर वाहन (संशोधन) अधिनियम 2019 के तहत ऐसे नेक नागरिकों को कानूनी सुरक्षा प्रदान की गई है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि मदद करने वाले व्यक्ति को किसी प्रकार की कानूनी या प्रशासनिक परेशानी का सामना न करना पड़े। अधिकारियों ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में "गोल्डन आवर" बेहद महत्वपूर्ण होता है।

# अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह का पदार्फाश, 3 अभियुक्त गिरफ्तार

**समाज जागरण**

नोएडा। पुलिस कमिश्नरेट गौतम बुद्ध नगर के तहत थाना सेक्टर-49 पुलिस ने अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गिरोह के तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार, आरोपियों के कब्जे से चोरी के कुल 24 दोपहिया वाहन, फर्जी नंबर प्लेटें तथा अवैध शस्त्र बरामद किए गए हैं। यह गिरोह लंबे समय से नोएडा सहित एनसीआर के विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय था और भीड़-भाड़ वाले इलाकों से वाहन चोरी कर उन्हें फर्जी नंबर प्लेट लगाकर बेच देता था। थाना सेक्टर-49 पुलिस टीम ने गोपनीय सूचना और सर्विलांस की मदद से आरोपियों को दबोचा। पूछताछ में कई अहम जानकारियां सामने आई हैं, जिनके आधार पर पुलिस गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी हुई है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बरामद किए गए वाहनों की पहचान और उनके असली मालिकों का पता लगाने की प्रक्रिया जारी है। साथ ही आरोपियों के आपराधिक इतिहास को भी खंगाला जा रहा है।

कमिश्नरेट पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में अपराधियों के खिलाफ "जीरो टॉलरेंस" नीति के तहत लगातार अभियान चलाया जा रहा है और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

# मकान बंटवारे को लेकर देवर-भाभी में विवाद,

--महिला ने कमरे में बंद होकर दी जान देने की कोशिश, आरोपी देवर का पुलिस ने किया चालान

**समाज जागरण कांधला।**
थाना क्षेत्र के गांव सुन्ना में मकान बंटवारे को लेकर देवर और भाभी के बीच विवाद हो गया। विवाद के दौरान दोनों के बीच मारपीट हुई, जिससे आहत होकर महिला ने अपने कमरे में ताला लगाकर खुद को आग के हवाले करने का प्रयास किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर महिला को सुरक्षित बाहर निकाला और आरोपी देवर को हिरासत में लेकर चालान कर दिया।हरियाणा निवासी महिला ममता ने करीब तीन वर्ष पूर्व गांव सुन्ना निवासी योगेंद्र से प्रेम विवाह किया था। कुछ दिन पूर्व बीमारी के चलते योगेंद्र की मौत हो गई थी। इसके बाद से ममता अपने देवर मुकेश से मकान में अपने हिस्से की मांग कर रही थी।गुरुवार देर रात इसी बात को लेकर ममता और मुकेश के बीच कहासुनी हो गई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। विवाद से परेशान होकर ममता ने अपने कमरे में बंद होकर आत्मदाह का प्रयास किया। परिजनों और ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़कर महिला को बाहर निकाला।पुलिस ने महिला की शिकायत के आधार पर आरोपी देवर मुकेश को हिरासत में ले लिया। शुक्रवार को उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करते हुए चालान कर दिया गया।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि मकान बंटवारे को लेकर देवर-भाभी के बीच विवाद हुआ था। महिला की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर चालान किया गया है।

# ट्रांसफार्मर व ट्यूबवेल तार चोरी करने वाले गैंग का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार

-जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में चोर किसानों की ट्यूबवेल और ट्रांसफार्मरों को बना रहे थे निशाना

**समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)**
पुलिस ने जनपद में ट्रांसफार्मर व ट्यूबवैल की विद्युत लाइन चोरी की घटनाओं का भंडाफोड़ करते हुए पुलिस मुठभेड़ के दौरान तीन शातिर चोरों व चोरी का सामान खरीदने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से अवैध हथियार, चोरी की मोटरसाइकिल, जला हुआ तांबे का तार, ट्रांसफार्मर तार, बैटरी तथा चोरी में प्रयुक्त उपकरण बरामद किए हैं। विगत दिनों जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों गढ़ीपुख्ता, कोतवाली शामली,



झिंझाना, थानाभवन, कैराना व कांधला में लगातार ट्रांसफार्मर व ट्यूबवैल की विद्युत लाइन चोरी की घटनाएं सामने आ रही थीं। घटनाओं की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह के द्वारा विशेष टीमें गठित की गई थीं। पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह के निर्देश पर कांधला पुलिस ने अभियान चलाकर गिरोह का पदार्फाश करते हुए चार अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए अभियुक्तों ने अपने नाम शौकत व फुरकान, निवासी कैराना और शिवम व राशिद निवासी कोतवाली नगर शामली बताए है। पुलिस पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि वह दिन में जंगलों में घूमकर ट्यूबवैल व ट्रांसफार्मरों की रेकी करते थे और रात में बिना मोबाइल फोन लिए वारदात को अंजाम देते थे। केबल कटर से तार काटकर तांबे को निकाल लेते थे, जिसे ग्राम गंगेरू के पास खंडहर में जमा किया जाता था। बाद में कबाड़ी राशिद इसे गलाकर चूड़ियां बनाकर बेचता था और सभी आरोपी आपस में रकम बांट लेते थे।अभियुक्तों ने जनपद के कई गांवों में चोरी की वारदातों को अंजाम देने की बात भी स्वीकार की है। पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह ने कांधला थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार व उनकी पुलिस टीम की प्रशंसा की। पुलिस ने पकड़े गए चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए जेल भेज दिया है।

## बिजली बिल वसूली के दौरान टीम पर हमला, मारपीट व धमकी का आरोप

**समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)**
विकासखंड क्षेत्र के गांव डून्डूखेड़ा में बिजली बिलू राहत योजना के तहत बकाया वसूली करने पहुंची विद्युत विभाग की टीम पर हमला करने और सरकारी कार्य में बाधा डालने का मामला सामने आया है। इस संबंध में विद्युत विभाग की ओर से थाने में तहरीर दी गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। विकासखंड क्षेत्र के गांव डून्डूखेड़ा बिजली घर पर तैनात अवर अभियंता सत्य प्रकाश शुक्रवार को अपनी टीम के सदस्य सोनू, आशीष, आनंद, मामन और शुभम सैनी के साथ उच्च अधिकारियों के निर्देश पर गांव में बिजली बिल चेकिंग अभियान चला रहे थे। इसी दौरान शिव मंदिर के पास पंडित मोहल्ले में मुकेश पुत्र ओमदत्त पर 10,243 रुपये का बकाया पाए



जाने पर टीम कनेक्शन काटने पहुंची।आरोप है कि कनेक्शन काटने की कार्रवाई के दौरान सोमपाल, राहुल, सुभाष सहित अन्य लोगों ने टीम के साथ गाली-गलौज की और धारदार हथियारों से हमला करने का प्रयास किया। साथ ही आरोपियों ने सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए जान से मारने की धमकी भी दी।घटना के बाद अवर अभियंता सत्य प्रकाश ने थाने पहुंचकर सभी आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले मे जांच शुरू कर दी है।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि मामले में तहरीर प्राप्त हो गई है और जांच के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## वैदिक भजन, यज्ञ एवं प्रवचन का भव्य आयोजन

**समाज जागरण**
शामली। शहर के आर्य समाज मंदिर शामली द्वारा आयोजित ऋषि बोध उत्सव के छठे दिन मंदिर परिसर में वैदिक भजन, यज्ञ एवं प्रवचन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।
कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद चेयरमैन अरविंद संगल रहे। उन्होंने बदलते सामाजिक परिवेश पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान समय में बच्चों को संस्कारवान बनाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने समाज को वैदिक मूल्यों से जोड़ने का आह्वान किया।
प्रातःकाल आर्य समाज की यज्ञशाला में वैदिक यज्ञ संपन्न कराया गया। यज्ञ के ब्रह्मा पुरोहित सुदेशपाल आर्य ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत यज्ञ कराया। यजमान दंपत्तियों में रामकुमार गुप्ता व रूक्मणी आर्या, गिरधारी लाल आर्य



व हेमलता आर्या, सुधाकर आर्य व मोनिका आर्या तथा राजपाल सिंह आर्य व कौशल्या आर्या शामिल रहे। आर्य भजन सम्राट कुलदीप आर्य ने सच्चे शिव की खातिर जिसने छोड़ा टंकारा, टक्कर ली तूफानों से था केवल ओम सहारा सहित कई भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। अपने प्रवचन में उन्होंने कहा कि उन्नीसवीं शताब्दी का भारत सामाजिक कुरीतियों और अंध विश्वासों से जूझ रहा था। ऐसे समय में स्वामी दयानंद सरस्वती ने सत्य की खोज को जीवन का लक्ष्य बनाया। गुजरात के टंकारा में जन्मे मूलशंकर आगे चलकर स्वामी दयानंद के रूप में विख्यात हुए और उन्होंने संन्यास ग्रहण कर सत्य, ज्ञान और पवित्रता के मार्ग को अपनाया। कार्यक्रम में संरक्षक रघुवीर सिंह आर्य, प्रधान सुभाष गोयल आर्य, मंत्री नितिन वर्मा आर्य, कोषाध्यक्ष देवेंद्र आर्य, संयोजक राजपाल सिंह आर्य उपस्थित रहे।

## बीआरसी बनत में समावेश शिक्षा विषय पर आयोजित कार्यक्रम सम्पन्न

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) बीआरसी बनत में समावेशी शिक्षा विषय पर आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुक्रवार को संपन्न हो गया। प्रशिक्षण का आयोजन महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय लखनऊ के निदेर्शों के अनुपालन में किया गया। कार्यक्रम के अंतिम दिन बीएसए लता राठौर एवं प्रभारी जिला समन्वयक समेकित शिक्षा जितेन्द्र कुमार ने प्रशिक्षण का निरीक्षण एवं अवलोकन किया। बीएसए ने प्रशिक्षण के उद्देश्य की जानकारी लेते हुए बताया कि विशिष्ट आवश्यकता वाले (दिव्यांग) बच्चों के प्रति विद्यालयों को समावेशी एवं संवेदनशील बनाने के लिए परिषदीय विद्यालयों के सहायक अध्यापकों को प्रशिक्षित किया जा




रहा है। प्रशिक्षण का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना तथा उनकी आवश्यकता के अनुरूप शिक्षण पद्धति विकसित करना है।
प्रशिक्षण में जिला समन्वयक द्वारा दिव्यांग बच्चों को विभाग की ओर से उपलब्ध कराए जाने वाले उपकरण, स्टाइपेंड, स्कॉर्ट एलाउंस, होम-बेस्ड किट तथा विभागीय पोर्टल संबंधी जानकारी भी दी गई। समापन अवसर पर आशा व्यक्त की गई कि प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले शिक्षक अपने-अपने विद्यालयों में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के शिक्षण स्तर में सुधार लाने का कार्य करेंगे। प्रशिक्षण विकास क्षेत्र शामली में कार्यरत विशेष शिक्षक अखिलेश मौर्या, सचिन कुमार एवं अनिल कुमार द्वारा दिया गया, जिसमें विकास क्षेत्र शामली के लगभग 50 शिक्षकों ने प्रतिभाग किया।

## भगवान शिव और शक्ति के मिलन का पर्व है महाशिवरात्रि

**समाज जागरण बागपत।**
महाशिवरात्रि का पर्व भगवान शिव और शक्ति के मिलन का महापर्व है। शास्त्रों में कहा गया है कि भावी मेट सकें त्रिपुरी अर्थात भगवान शिव सभी संकटों का नाश कर भावी संकट और विपदाओं को मिटाने की सामर्थ रखते है। भगवान शिव पर बेल पत्र चढ़ाने का भी महत्व बताया गया है। भगवान शिव को बेलपत्र चढ़ाने से पूजा का कई गुणा फल मिलता है और भगवान शिव साधक को उसके तीन जन्मों के पापों से मुक्ति दिलाते हैं। ज्योतिषाचार्य पंडित राजकुमार शास्त्री ने बताया कि 15 फरवरी को शाम पांच बजकर छह मिनट पर चर्तुदशी का प्रवेश होगा। 15 फरवरी



को ही महाशिवरात्री का पर्व मनाया जाएगा। शास्त्रों में महाशिवरात्री पर चार पहर ही पूजा का विधान बताया गया है। इनमें निशीथ काल को सबसे उत्तम बताया गया है। महाशिवरात्री पर रात 12 बजकर 10 मिनट से लेकर रात एक बजकर 30 मिनट तक निशीथ काल रहेगा। चारों प्रहर में भगवान शिव की पूजा और अभिषेक करने से साधक का मन व कर्म पवित्र होता है और जीवन में खुशहाली आती है। भगवान शिव और मां पार्वती का पूजन करने से साधक को कर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति होती है। महाशिवरात्री पर भगवान शिव का मांग, धतूरा, घी, दूध, दही, शहद से अभिषेक करने से जीवन में आ रही बाधाओं और विपत्तियों का विनाश होता है और सुख-समृद्धि का विकास होता है। उन्होंने बताया कि भगवान शिव को देवों के देव महादेव कहा गया है। भगवान शिव अपने आप में संपूर्ण है और इन्हीं की कृपा से संसार का संचालन हो रहा हैं।

## सचल दल समाप्त करने की मांग को लेकर व्यापारियों ने किया प्रदर्शन

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के बैनर तले दर्जनों व्यापारियों ने सचल दल प्रणाली समाप्त करने की मांग को लेकर शुक्रवार को शामली के झिंझाना रोड स्थित जीएसटी विभाग कार्यालय पर प्रदर्शन किया। व्यापारियों के प्रतिनिधिमंडल ने संगठन के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग के नेतृत्व में जीएसटी व्यापार कर आयुक्त प्रदेश सरकार के नाम जीएसटी व्यापार कर उपायुक्त डॉ. लोमेश कुमार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में व्यापारियों ने आरोप लगाया कि सचल दल विभाग द्वारा लक्ष्य पूरा करने के नाम पर व्यापारियों पर दबाव बनाकर भारी पेनल्टी लगाई जाती है, जिससे उन्हें आर्थिक और मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। व्यापारियों ने यह भी कहा कि जीएसटी टीम द्वारा अनावश्यक सर्वे और छापों के नाम पर प्रतिष्ठानों पर



पहुंचकर उत्पीड़न किया जाता है, जिस पर अंकुश लगाया जाना चाहिए।
इस दौरान व्यापार मंडल के जिला उपाध्यक्ष प्रदीप संगल के साथ हुए कथित उत्पीड़न तथा जिला महामंत्री राजेश सिंघल की शक्कर से भरी गाड़ियों को रोककर अनावश्यक कार्रवाई करने के प्रयास का मुद्दा भी उठाया गया। प्रदेश अध्यक्ष ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि व्यापारियों का उत्पीड़न बंद नहीं हुआ तो प्रदेशभर के व्यापारी आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। उपायुक्त डॉ. लोमेश कुमार ने व्यापारियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनकी भावनाओं और ज्ञापन को आयुक्त तक पहुंचा दिया जाएगा तथा शामली जनपद में किसी भी व्यापारी का किसी स्तर पर उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा। इस अवसर पर सहायक आयुक्त आदित्य कुमार भी मौजूद रहे। प्रतिनिधिमंडल में सुभाष चंद्र धीमान, नरेंद्र अग्रवाल, राजेश जैन, अमित गर्ग, अभिषेक गर्ग, महेश धीमान, अनुज गोयल, सुशील चौधरी, शिवकुमार, रोहित संगल सहित कई व्यापारी उपस्थित रहे।

## डीएम ने किया प्राथमिक विद्यालयों का निरीक्षण

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) डीएम अरविन्द कुमार चौहान ने शुक्रवार को विकास क्षेत्र थानाभवन के अंतर्गत आने वाले प्राथमिक विद्या लय नंबर-1 हरड़ फतेहपुर तथा प्राथमिक विद्यालय नंबर-1 कम्पोजिट का निरीक्षण कर विद्या लयों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।
निरीक्षण के दौरान डीएम ने प्राथमिक विद्यालय नंबर-1 हरड़ फतेहपुर में बच्चों से बातचीत की। इस दौरान कुछ बच्चे बिना निर्धारित ड्रेस के पाए गए, जिस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी बच्चों को निर्धारित वेशभूषा में विद्यालय आने सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। साथ ही विद्यालय परिसर में बने किचन



गार्डन का निरीक्षण करते हुए उसकी नियमित निराई-गुड़ाई कराने के निर्देश भी दिए। इस दौरान विद्यालय में चल रहे निर्वाचन संबंधी कार्यों की भी समीक्षा की गई। डीएम ने प्राथमिक विद्यालय नंबर-1 कम्पोजिट का निरीक्षण किया। उन्होंने कक्षा कक्षों में बच्चों के बैठने के लिए बैंच की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीएम ने कक्षा एक के बच्चों से हिन्दी पुस्तक पढ़वाई, लेकिन बच्चे ठीक से पढ़ नहीं पाए। इस पर उन्होंने बच्चों की गुण वत्तापरक शिक्षा पर विशेष ध्यान देने और शिक्षण व्यवस्था को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में शौचालय एवं साफ-सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने के भी निर्देश दिए गए। इस अवसर पर बीएसए लता राठौर, जिला समन्वयक मिड डे मील जितेन्द्र कुमार मौजूद रहे।

## डीएम ने किया नगर पंचायत जलालाबाद का निरीक्षण

**समाज जागरण**
शामली।(फुरकान जंग) डीएम अरविन्द कुमार चौहान ने शुक्रवार को नगर पंचायत जलालाबाद कार्या लय का निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान निकाय में कार्यरत नियमित, संविदा व आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को दी जा रही सुवि धाओं, राज्य वित्त आयोग से वेतन भुगतान, पीएफ तथा भवनकर, जलमूल्य एवं अन्य देयों की वसूली संबंधी अभिलेखों का अवलोकन किया।
डीएम ने पुराने कार्यालय भवन को ध्वस्त कर नए भवन के निर्माण हेतु तैयार कराए गए मानचित्र का भी अवलोकन किया तथा नियमानुसार पुरानी बिल्डिंग को ध्वस्त करने के




निर्देश दिए। इसके बाद डीएम ने नगर से निकलने वाले कूड़े के निस्तारण हेतु बनाए गए डंपिंग ग्राउंड का निरीक्षण किया। यहां पिट कंपोस्टिंग प्लांट के संचालन, कंपोस्ट खाद बनने में लगने वाले समय, कूड़े के पृथक्करण के लिए लगाई गई ट्रोमल मशीन एवं एमआरएफ सेंटर के संचालन की जानकारी ली गई। संबंधित फर्म मै० संजय कुमार कॉन्ट्रक्टर, सहारनपुर के सुपरवाइजर द्वारा संतोषजनक जवाब न दिए जाने पर डीएम ने चेतावनी दी तथा संबंधित कार्य का भुगतान रोकने के निर्देश ईओ को दिए। निरीक्षण के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष जहीर मलिक, ईओ जयबीर शर्मा मौजूद रहे।

## युवाओं के लिए जरूरी है देश के प्रति कर्तव्यनिष्ठा, एनपी सिंह

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) शहर के सिविल लाइन में शुक्रवार को स्पेल 3.0 कार्यक्रम का समापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए एसपी एनपी सिंह ने कहा कि जीवन में अनुशासन, भारत के संविधान के प्रति आस्था तथा देश के प्रति कर्तव्यनिष्ठा युवाओं के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से बच्चों के माध्यम से पुलिस और समाज के बीच बेहतर संवाद स्थापित होगा तथा पुलिस की छवि में भी सकारात्मक सुधार आएगा। एएसपी सुमित शुक्ला ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि 120 घंटे की यह



योजना विद्यार्थियों को आत्मविश्वासी और निर्भीक बनाती है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं को जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम की जिला नोडल अधिकारी अर्शी खान ने बताया कि यह योजना छात्रों और पुलिस-प्रशासन के बीच संवाद स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। यातायात व्यवस्था, बीट प्रणाली, फील्ड विजिट और नशा मुक्ति जैसे विषयों के माध्यम से विद्यार्थियों को जागरूक नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विजय सिंह पथिक स्नातकोत्तर महाविद्यालय की छात्रा कुमारी ईशा और कुमारी खुशी ने अपने अनुभव साझा किए। समापन अवसर पर प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

## 250 से अधिक ट्यूबवेलों को बना चुके निशाना

**समाज जागरण कांधला**
पकड़े गए चोरों ने पुलिस को बताया कि वह जनपद में 250 से अधिक ट्यूबवेलों सहित ट्रांसफार्मरों को निशाना बना चुके हैं। पुलिस ने पकड़े गए चोरों के कब्जे से डेढ़ कुंटल से अधिक तांबा भी बरामद किया है। जिसे वह कबाड़ी राशिद को बेचते थे।

## गिरोह का भंडाफोड़ होने से किसानों ने ली राहत की सांस

**समाज जागरण कांधला**
पुलिस ने ट्यूबवेलों पर चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। उक्त चोर क्षेत्र सहित जनपद में लगातार किसानों की ट्यूबवेलों को निशाना बना रहे थे। क्षेत्र सहित जनपद के पीड़ित किसान लगातार चोरों को गिरफ्तार किए जाने की मांग कर रहे थे। पुलिस के द्वारा गिरोह का भंडाफोड़ करने से किसानों ने राहत की सांस ली है।

## पुलिस टीम को किसान करेंगे सम्मानित

**समाज जागरण कांधला**
पुलिस ने ट्रांसफार्मर और ट्यूबवेलों पर चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए चोरों को जेल भेज दिया है। क्षेत्र के किसानों का कहना है कि चोर लगातार उनकी ट्यूबवेलों को निशाना बना रहे थे। जिसके चलते उन्हें कृषि कार्य करने में परेशानी हो रही थी। पुलिस के द्वारा सराहनीय कार्य किया गया है। जल्द ही किसान थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार सहित उनकी टीम को सम्मानित करेंगे।

## युवक के साथ मारपीट में रिपोर्ट दर्ज

**समाज जागरण**
कैराना। युवक के साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज की। मोहल्ला पीरजादगान निवासी नसीर ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि कुछ दिन पूर्व उसके बेटे आमिर ने पड़ोसी जावेद से 1500 रुपये उधार लिए थे, जो पैसे वापस लेने का दबाव बना रहा था। मंगलवार शाम करीब साढ़े छह बजे उसका बेटा आमिर बाजार से सामान खरीदने गया था। इस दौरान जावेद ने उसे रास्ते में रोक लिया तथा गाली–गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की। आरोपी ने उसके बेटे को टक्कर मारकर नीचे गिरा दिया, जिस कारण उसका दांत टूट गया। अन्य लोगों के आ जाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

## भाई ने गर्भवती बहन के पेट में लात मारी

**समाज जागरण**
कैराना। भाई ने गर्भवती बहन के पेट में लात मार दी। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। गांव खुरगान निवासी मुशर्रत ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया। बताया कि उसकी मां ने जमीन का बैनामा उसके और उसकी बहन सन्नो के नाम किया था। दस फरवरी की शाम करीब छह बजे उसकी बहन सन्नो जमीन की पैमाइश कराने के लिए आई थी। इस दौरान उसका भाई दिलशाद और भाभी परविस्ता वहां आए तथा गाली–गलौज करते हुए दोनों बहनों के साथ लाठी–डंडों से मारपीट की। वह दो माह की गर्भवती है। उसके भाई दिलशाद ने उससे पेट में लात मारी, जिससे वह तकलीफ में पहुंच गई है। सूचना पर डायल–112 पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन इससे पहले ही आरोपी वहां से फरार हो गए। पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

## पहले दोस्ती, फिर ब्रेकअप और अब दी धमकी

**समाज जागरण**
कैराना। एक महिला का दोस्ती के बाद बॉयफ्रेंड से ब्रेकअप हो गया। आरोप है कि आरोपी अब भी उस पर बात करने का दबाव बना रहा है और फोटो वायरल करने की धमकी दी गई है। नगर के मोहल्ला आर्यपुरी निवासी एक महिला ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि मोहल्ले के ही इरफान से उसकी दोस्ती हो गई थी, जिसके बाद उन दोनों के बीच धीरे–धीरे बातचीत शुरू हुई। लेकिन, किसी बात को लेकर उनमें मन–मुटाव हो गया। इसके बाद उसने इरफान से बात करने से इनकार कर दिया। आरोप है कि आरोपी उसका रास्ता रोककर बात करने का दबाव बनाता है तथा मना करने पर फोटो वायरल करने की धमकी देता है। पीड़िता ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। वहीं, पुलिस ने मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## खेत पर चोरी में मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण**
कैराना। खेत पर चोरी के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। गांव पंजीठ निवासी सुभाष ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया कि मामौर मार्ग के निकट उसका खेत स्थित है। गत नौ फरवरी की रात चोरों ने उसके खेत से बिजली का केबिल, पाइप और तांबे का सामान चोरी कर लिया। जब वह अपने खेत पर पहुंचा, तो घटना की जानकारी हुई। आसपास में चोरों के बारे में जानकारी का प्रयास किया गया, लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका।

## ब्रह्मा कुमारीज भवन पर सुंदर समागम का आयोजन

**समाज जागरण**
शामली। महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर ब्रहमा कुमारीज शामली द्वारा शहर के कैराना रोड स्थित ब्रहमा कुमारीज भवन पर सुंदर समागम का आयोजन किया गया। जिसमें दिव्य आत्माओं व शिव तथा महाशिवरात्रि पर्व पर प्रकाश डाला गया। शुक्रवार को कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल, उद्यमी अनुज गर्ग तथा पूर्व जिला पंचायत अध्यक्षा संतोष देवी ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान बहन सुरभि ने भगवान शिव के बताए गए मार्गो पर प्रकाश डाला। इस दौरान महाशिवरात्रि पर्व के बारे में विस्तार से जानकारियां दी गई। इससे पूर्व दयानंदनगर स्थित शिव ज्योति धाम से एक कलश यात्रा निकाली गई। जो शहर के विभिन्न स्थानों से होते हुए कैराना रोड स्थित ब्रहमा कुमारीज भवन पर संपन्न हुई। इस दौरान अनेकों स्थानों पर कलश यात्रा का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर बहन सुरभि, बहन मुकेश, बहन रीता, पानीपत से बहर सुनीता, दिनेश कुमार माउंनटाबू, कुलक्षेष्ठ, रामनिवास, अनिल कुमार, जितेन्द्र निर्वाल आदि मौजूद रहे।




## पुरा महादेव मंदिर पर लगने वाला तीन दिवसीय फाल्गुनी मेला आज से शुरू, बेरिकेटिंग साफ सफाई सहित सभी तैयारियां पुरी हुई।

**समाज जागरण बागपत।**

ऐतिहासिक पुरा महादेव मंदिर पर महाशिवरात्रि के अवसर पर प्रतिवर्ष लगने वाला फाल्गुनी मेला आज से शुरू होगा जिसको लेकर प्रशासन और मंदिर समिति ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है। मेले में दुकाने सजकर तैयार हो चुकी है और मंदिर की सजावट और साफ सफाई का कार्य भी पूरा हो चुका हे मंदिर पर जलाभिषेक करने के लिये आने वाले शिवभक्तों के लिये बनाई गई बेरिकेटिंग का कार्य भी पुरा हो चुका हे प्रशासन ने भी अपनी सभी तैयारियां पूरी कर ली है। पुरा मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित जयभगवान शर्मा का कहना हे की इस बार 5 लाख से अधिक शिवभक्तों के आने की संभावना है। पुरा महादेव मंदिर पर मुख्य जलाभिषेक का कार्यक्रम।

15 फरवरी की शाम 4 बजकर 2 मिनिट पर झंडा पूजन शुरू।

शाम 5 बजकर 2 मिनिट पर झंडारोहण। झंडारोहण होते ही
मुख्य जलाभिषेक शुरू।

# बाघू में मेधावी छात्रों को साटो टैब वितरण जल संरक्षण जागरूकता अभियान

## जल है तो कल है संदेश के साथ शिक्षा और पर्यावरण

**समाज जागरण**



बागपत। ग्राम पंचायत बाघू में 14 फरवरी को शिक्षा और जल संरक्षण को समर्पित एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें मेधावी छात्रों को शिक्षण सामग्री के साथ आधुनिक साटो टैब वितरित किए जाएंगे। इस पहल का उद्देश्य बच्चों को पढ़ाई में सहायता देने के साथ-साथ उन्हें जल संरक्षण के प्रति जागरूक बनाना है।

कार्यक्रम का आयोजन समाजसेवी डॉ. भरत झा द्वारा किया जा रहा है। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री के.पी. मलिक और क्षेत्र के वरिष्ठ जनप्रतिनिधि सुरेंद्र प्रधान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। उनके सानिध्य में छात्रों को सम्मानित करते हुए शिक्षा और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जाएगा।

डॉ. भरत झा ने बताया कि साटो टैब केवल शैक्षणिक उपयोग तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके माध्यम से जल संरक्षण और जल बचत से जुड़ी जानकारी भी बच्चों तक पहुंचाई जाएगी। उन्होंने कहा कि जल है तो कल है के मूल मंत्र को अपनाकर ही आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित किया जा सकता है।

कार्यक्रम के दौरान छात्रों के साथ-साथ ग्रामीणों को भी जल बचत के लिए प्रेरित किया जाएगा। जागरूकता अभियान के माध्यम से लोगों को दैनिक जीवन में पानी के संरक्षण के सरल उपाय बताए जाएंगे, ताकि समाज में जिम्मेदारी की भावना विकसित हो सके।

आयोजकों ने क्षेत्र के बुद्धिजीवियों और गणमान्य लोगों से कार्यक्रम में सहभागिता कर अपने अनुभव साझा करने की अपील की है। उनका मानना है कि सामूहिक प्रयासों से ही शिक्षा के साथ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सकारात्मक बदलाव संभव है।

# जिले में बनाया गया राष्ट्रीय कृमि मुक्ति मॉप-अप दिवस

**समाज जागरण**



बागपत। जनपद में 10 फरवरी को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया गया था जिसमें बच्चों को पेट में कीड़े मारने की दवाई खिलाई गई थी शुक्रवार को जनपद में मॉप-अप दिवस मनाया गया। जो बच्चे स्कूल ओर आंगनवाड़ी केंद्र पर 10 फरवरी को गोली नहीं खा पाए थे उनको शुक्रवार को मॉप-अप दिवस पर एल्बेंडाजोल दवा खिलाई गई। इस दौरान स्कूलों के 47,400 बच्चों तथा आंगनवाड़ी केंद्रों पर 23,890 बच्चों ने दवा का सेवन किया।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग तथा आईसीडीएस विभाग का महत्वपूर्ण योगदान रहा। विशेष रूप से स्वास्थ्य विभाग ने पूरे अभियान का समन्वय करते हुए बच्चों को कृमि मुक्ति दवा उपलब्ध कराई और निगरानी सुनिश्चित की, जिससे अभियान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अभियान में मुख्य रूप से एनडीडी (राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस) के नोडल अधिकारी, एसीएमओ डॉ. मुकेश कुमार, डीईआईसी डॉ. अनुज गेरा, डॉ. विवेक, डीसीपीएम डॉ. नौशाद अहमद तथा जिला समन्वयक कलीम खान सहित अन्य अधिकारियों ने समन्वित सहयोग प्रदान किया। सभी के सामूहिक प्रयासों से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# गाँव की प्रतिभा का बड़ा मंचः लेखिका साक्षी शर्मा ने दिल्ली में बढ़ाया बागपत का मान

**समाज जागरण**



बड़ौत। यमुना नदी के किनारे बसे गाँव जागौश की लाडली बेटी युवा लेखिका साक्षी शर्मा ने अपनी साहित्यिक प्रतिभा मे बड़ौत क्षेत्र का नाम रोशन किया है। हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित एक शिष्टाचार भेंट के दौरान साक्षी ने अपनी स्वरचित पुस्तक 'सफलता की ओर आसान कदम' की प्रथम प्रति गोरखपुर के सांसद और प्रसिद्ध अभिनेता रवि किशन को भेंट की। इस अवसर पर रवि किशन ने साक्षी के लेखन की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण परिवेश से निकलकर साहित्य जगत में पहचान बनाना प्रेरणादायक है। उन्होंने साक्षी को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए बधाई दी। सफलता के सरल सूत्रों पर आधारित यह पुस्तक पाठकों को जीवन में सकारात्मक बदलाव के लिए प्रेरित करती है। साक्षी शर्मा की इस उपलब्धि से पूरे बागपत जनपद और जागौश गांव में हर्ष की लहर दौड़ गई है। इस संबंध में साक्षी शर्मा का कहना है कि यह सब मेरे गुरुजनों मेरे परिजनों के आशीर्वाद से ही में सफलता की पूंजी की तरफ दौड़ रही हूं इससे पूर्व में भी मेरे द्वारा कई पुस्तकों का उत्तर प्रदेश में विमोचन हो चुका है। उन्होंने अपनी सफलता के बारे में बताया कि मेरे माता-पिता के आशीर्वाद से ही मुझे इतना सम्मान मिल रहा है।

# खेकड़ा में सर्वखाप 360 ब्राह्मण समाज के नवनियुक्त पदाधिकारियों का हुआ भव्य सम्मान

**समाज जागरण बागपत।**



नगर खेकड़ा में सर्वखाप 360 ब्राह्मण समाज के नवनियुक्त पदाधिकारियों के सम्मान में एक भव्य समारोह का आयोजन आचार्य पंडित अम्बे प्रसाद के निवास स्थान पर किया गया। इस अवसर पर सर्वखाप 360 ब्राह्मण समाज द्वारा चुने गए चौधरी पंडित नरेश शर्मा का माल्यार्पण एवं पटका पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर पंडित उमेश कौत्स ने कहा कि नरेश शर्मा को समाज ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, वह अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नवनियुक्त चौधरी समाज को संगठित रखते हुए उसके उत्थान, शिक्षा प्रसार, सामाजिक सुधार एवं पारस्परिक सहयोग की भावना को मजबूत करने का कार्य करेंगे। पंडित अनुज शर्मा ने कहा कि समाज की असली शक्ति उसकी एकता, शिक्षा और संस्कारों में निहित है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे सामाजिक जिम्मेदारियों को समझें और संगठन को मजबूत बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। समारोह में नवनियुक्त थाम्बा चौधरी पंडित पुनीत शर्मा एवं पंडित अश्वनी कौशिक को भी सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि सभी समाजजन चौधरी पंडित नरेश शर्मा के नेतृत्व में कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करें और ब्राह्मण समाज को नई दिशा प्रदान करें। सभा में जयंत शर्मा, अनिल शर्मा, मनीष शर्मा, मनोज धामा, सोनू, शरद शर्मा, सुभाष यादव, सुनील रूहेला, अम्बे प्रसाद शर्मा, पंडित सुनील दत्त शर्मा (राजा), प्रवेश शर्मा, पीयूष शर्मा, कुणाल शर्मा, एडवोकेट राकेश कौशिक सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# प्राथमिक विद्यालय कोताना नंबर 1 का धूमधाम के साथ मनाया गया वार्षिकोत्सव

**बागपत।**




प्राथमिक विद्यालय कोताना नंबर 1, विकास क्षेत्र बडौत जनपद बागपत में वार्षिकोत्सव एवं खेल उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम प्रधान मुकीम द्वारा विद्या की देवी मां सरस्वती के पावन चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा सांस्कृतिक एवं रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर बच्चों की 50 मीटर व 100 मीटर की दौड़ आयोजित की गई। प्रधानाध्यापक अशोक अंतिल ने बताया कि शासन की ओर से जारी आदेश के आलोक में वार्षिकोत्सव का उद्देश्य बच्चों के अंदर आत्मनिर्भरता, निर्भीकता , निर्भरता एवं अनुशासन पैदा करता है जिससे बच्चा अपने आप को विद्यालय के अंदर सहज महसूस करेगा। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के उत्सव प्रतिवर्ष विद्यालय में मनाए जाने चाहिए और इस प्रकार से बच्चों को सामूहिक कार्य करने में मदद मिलेगी और बच्चे अपनी संस्कृति के प्रति जागरूक होंगे। इस अवसर पर मेधावी बच्चों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित एवं सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एसएमसी अध्यक्ष नजमा ग्राम प्रधान मुकीम, संजू, सोनिया, सीमा, संतोष, दीप्ति गोयल, रतनपाल आदि शिक्षक , अभिभावक एवं एसएमसी सदस्य उपस्थित रहे।

# मंडलायुक्त निरीक्षण में कलेक्ट्रेट व्यवस्था मजबूत रिकॉर्ड निस्तारण पर सख्त निर्देश

### लंबित फाइलें खत्म करें समयबद्ध कार्य पारदर्शिता पर प्रशासन को चेतावनी जनसेवा सुधार के लिए सात दिन में कमियां दूर करने के निर्देश

**समाज जागरण**



बागपत। मेरठ मंडल के मंडलायुक्त भानु चंद्र गोस्वामी ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट का वार्षिक निरीक्षण कर प्रशासनिक कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कलेक्ट्रेट प्रशासन की रीढ़ है और यहां की व्यवस्था सीधे जनसेवा की गुणवत्ता को प्रभावित करती है। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने राजस्व अभिलेखागार, भूलेख, नगर निकाय, संग्रह, शस्त्र, नजारत, दैवीय आपदा और संयुक्त कार्यालय सहित विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने गार्ड फाइलों, पत्रावलियों और रजिस्टरों का अवलोकन कर अधिकांश रिकॉर्ड को अद्यतन पाया, जबकि कुछ कमियों पर संबंधित अधिकारियों को सात दिन के भीतर सुधार कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। ईआरके और भूलेख अनुभाग में कुछ पत्रावलियों में आवश्यक दस्तावेज संलग्न न मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताई और कहा कि प्रत्येक फाइल पूर्ण और व्यवस्थित होनी चाहिए, ताकि निर्णय प्रक्रिया में देरी न हो। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी पत्राचार अंतिम निस्तारण तक पहुंचें और कोई भी आदेश या शिकायत लंबित न रहे। नगर निकाय अनुभाग में शिकायत निस्तारण की समीक्षा करते हुए उन्होंने पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित करने को कहा। संग्रह अनुभाग में आरसी से संबंधित रिकॉर्ड की हार्ड कॉपी उपलब्ध रखने तथा तहसीलवार रोस्टर तैयार करने के निर्देश दिए। शस्त्र अनुभाग में लाइसेंस मामलों का निस्तारण 15 दिन के भीतर करने को कहा गया। मंडलायुक्त ने कार्यालयों की साफ-सफाई और सुव्यवस्थित वातावरण की सराहना करते हुए कहा कि बेहतर कार्य वातावरण से कार्यक्षमता बढ़ती है। उन्होंने अग्निशमन उपकरणों की नियमित जांच के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने आश्वस्त किया कि सभी निर्देशों का समयबद्ध पालन कराया जाएगा। निरीक्षण के दौरान एडीएम विनीत उपाध्याय, एडीएम न्यायिक शिव नारायण सिंह सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# आदिल अब्बासी को ओसिक्का गांव की दी जिम्मेदारी सदर मनोनीत

**समाज जागरण बागपत।**



अखिल भारतीय अब्बासी समाज के 360 गांव के चौधरी तजुर्मान अब्बासी का शुक्रवार को ओसिक्का गांव में जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर संगठन के कार्य कताओं और ग्रामीणो की उपस्थिति ने कार्यक्रम की भव्यता को और बढ़ा दिया। कार्यक्रम के दौरान अखिल भारतीय अब्बासी समाज ने आदिल अब्बासी को संगठन में उनकी मेहनत, जुझारूपन और समर्पण को देखते हुए ओसिक्का गांव के सदर पद पर मनोनीत किया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि आदिल अब्बासी संगठन के प्रति निष्ठावान रहकर इसके विकास और मजबूती के लिए निरंतर कार्य करेगा। कार्यक्रम में संगठन के उद्देश्यों की भागीदारी और सामाजिक जिम्मेदारियों पर जोर दिया गया। चौ० तजुर्मान ने उपस्थित जिम्मेदार व्यक्तियों से कहा कि संगठन के माध्यम से समाज में सशक्त बनाने और उनके अधिकारों के लिए काम करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि संगठन का लक्ष्य केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक जागरूकता को बढ़ाना है। इस अवसर पर ग्रामीणों और कार्यकताओं ने संगठन के प्रति अपनी आस्था और सहयोग की भावना व्यक्त की। कार्यक्रम के अंत में आदिल अब्बासी को ओसिक्का गांव का सदर और शान मोहम्मद अब्बासी को ओसिक्का गांव का मुनसब और शाहिद अब्बासी को ओसिक्का गांव का प्रचार मंत्री बनाया गया। इस मौके पर अखिल भारतीय अब्बासी समाज, ऑल इंडिया सदर हाजी जमीरउद्दीन अब्बासी, चौधरी इरशाद अब्बासी लोनी, 360 गांव के मुनसब सफीक अब्बासी बरनावा, कारी जावेद अब्बासी सरपंच बरनावा, रमजानी अब्बासी सदर बरनावा, नासिर अब्बासी ठेकेदार मुनसब उर्फ शममा, हाजी इरफान अब्बासी बागपत, इकबाल अब्बासी बड़ौत, मरहूम नानू चौधरी का पौता चौधरी तजुर्मान अब्बासी 360 गांव, हाजी आल्हा महर रटौल, उम्मेद अब्बासी, मईनुद्दीन अब्बासी आदि उपस्थित रहे।

# यूपीएमएसआरए ने चार श्रम संहिताओं का विरोध किया

### प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा, पुराने कानून बहाल करने की मांग

**समाज जागरण**



बड़ौत। केंद्र सरकार द्वारा 44 पुराने श्रम कानूनों को समाप्त कर चार नई श्रम संहिताएं लागू किए जाने के विरोध में उत्तर प्रदेश मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को तहसील परिसर में प्रधानमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी की गैरमौजूदगी में तहसीलदार हर्ष चावला को सौंपा।यूपीएमएसआरए के सदस्यों ने अपने ज्ञापन में बताया कि सेल्स प्रमोशन कर्मचारियों को नियोक्ताओं द्वारा विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इनमें अवैध स्थानांतरण, जबरन कार्य रुकवाना, बर्खास्तगी और वेतन व यात्रा भत्ता रोकने जैसे मुद्दे शामिल है। उन्होंने आरोप लगाया कि बिक्री संवर्धन कर्मचारी (सेवा की शर्तें) अधिनियम 1976 सहित अन्य श्रम कानूनों का उल्लंघन किया जा रहा है। संगठन का कहना है कि इससे कर्मचारियों के लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन हो रहा है। संगठन की प्रमुख मांगों में चारों नई श्रम संहिताओं को निरस्त कर पुराने श्रम कानूनों को बहाल करना शामिल है। इसके अतिरिक्त, फिक्स्ड टर्म रोजगार पर रोक लगाने, न्यूनतम वेतन 26,910 रुपए घोषित करने, ईपीएस पेंशन 9000 रुपए सुनिश्चित करने और 8 घंटे कार्य दिवस लागू करने की मांग भी उठाई गई। साथ ही दवाओं और चिकित्सा उपकरणों पर जीएसटी शून्य करने, दवाओं की ऑनलाइन बिक्री पर रोक लगाने और स्वास्थ्य बजट को सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 5 प्रतिशत करने की भी मांग की। संगठन ने श्रम कानूनों का उल्लंघन करने वाले नियोक्ताओं पर सख्त कार्रवाई की भी अपील की।

संगठन ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर सेल्स प्रमोशन कर्मचारियों को इन समस्याओं से राहत दिलाने का आग्रह किया है। इस दौरान राजीव शर्मा, सूर्य दत्त शर्मा, प्रदीप पुरी, राजकुमार चौहान, पवन शर्मा, विपिन शर्मा, सूरज तोमर आदि मौजूद रहे।

# एक दिवसीय निरंकारी संत समागम की तैयारियाँ जोरो पर

**समाज जागरण बागपत।**




संत निरंकारी मिशन का एक दिवसीय निरंकारी संत समागम, 15 फरवरी को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक जनता वैदिक डिग्री कॉलेज बड़ौत स्थल पर अत्यंत भव्यता, श्रद्धा और आध्यात्मिक उल्लास के साथ आयोजित होने जा रहा है। यह दिव्य आयोजन सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी के पावन सान्निध्य में संपन्न होगा, जिसकी शुभ सूचना ने समस्त श्रद्धालु भक्तों के हृदयों में अपार हर्ष और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार कर दिया है। मेरठ जोन 54 ए के जोनल इंचार्ज, कुवॅरपाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आत्ममंथन विषय पर आधारित इस एक दिवसीय संत समागम अपने आप में एक अद्भुत एवं अनुपम आध्यात्मिक यात्रा है, जहां श्रद्धालु ब्रह्मज्ञान की आंतरिक ज्योति में सेवा, सिमरन और सत्संग करते हुए आनंद और प्रेमाभक्ति का अनुभव प्राप्त करेंगे। बागपत के संयोजक यशवीर सिंह ने बताया कि सेवादल के भाई बहन द्वारा प्रदान की जा रही सेवा भाव की गरिमा को देखकर यह स्पष्ट हो जाता है कि इन सेवकों के मुखमंडलों पर कोई थकान नहीं, अपितु आनंद और उल्लास की आभा झलक रही है। यह वही दिव्य आनंद है, जिसे केवल सतगुरु की छत्रछाया में रहकर, सेवा और भक्ति के माध्यम से अनुभव किया जा सकता है। सतगुरु माता जी भी अपने प्रवचनों में बारंबार यही प्रेरणा देती हैं कि तन पवित्र सेवा किये, धन पवित्र दिये दान, मन पवित्र हरि भजन सों, त्रिबिध होई कल्याण। निसंदेह यह एक दिवसीय समागम केवल एक साधारण आयोजन नहीं, अपितु मानवता के उत्थान और समरसता के जागरण का एक अनुपम पर्व है, जहाँ विविध संस्कृतियों, भाषाओं और परिवेशों से आए श्रद्धालु भक्त वसुधैव कुटुम्बकम की भावना को आत्मसात करते हुए, सतगुरु की अमृतवाणी से अपनी अंतरात्मा को जागृत करते हैं। इस पावन अवसर पर हर उस सज्जन, भाई व बहन का हृदय से स्वागत है, जो प्रेम, शांति, समरसता के इस दिव्य महायज्ञ का हिस्सा बनना चाहती है।

# कक्षा 6 में पढ़ने वाली बेटी के साथ पिता ने किया दुष्कर्म, चेहरे-शरीर पर मिले काटने के निशान, पिता गिरफ्तार

**समाज जागरण**

बागपत। चांदीनगर क्षेत्र के एक गांव में पिता ने चाकू दिखाकर कक्षा छह में पढ़ने वाली अपनी नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म किया। पिता की बर्बरता के निशान भी पीड़िता के शरीर पर दिखाई दे रहे हैं। उसकी मां ने पुलिस से शिकायत नहीं की तो पीड़िता ने फोन करके दिल्ली में रहने वाले चाचा को घटना के बारे में बताया। चाचा की शिकायत पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी पिता को चाकू के साथ गिरफ्तार कर लिया। पीड़िता ने बताया कि दस फरवरी की रात में उसकी मां पड़ोस में एक परिवार में शादी समारोह में संगीत कार्यक्रम में गई थी। घर में वह अपने छोटे भाई-बहन के साथ बैठी हुई थी। पीड़िता ने बताया कि राजमिस्त्री का काम करने वाला उसका पिता शराब के नशे में घर में पहुंचा। चाकू दिखाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर मारपीट की गई। इस दौरान पिता ने चेहरे और शरीर पर जगह-जगह मुंह से काट लिया, जिसके निशान उसके शरीर पर अभी तक हैं। किसी से शिकायत करने पर चाकू से गला काटकर मारने की धमकी दी। पीड़िता ने संगीत कार्यक्रम से घर आई मां को इस बारे में बताया। इसके बाद भी पुलिस को शिकायत नहीं की गई तो पीड़िता ने बुधवार को दिल्ली में रहने वाले चाचा को फोन करके घटना की जानकारी दी। बुधवार शाम को दिल्ली से आए चाचा ने अपने बड़े भाई के खिलाफ चांदीनगर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई।

पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर उसके घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद किया। पुलिस के अनुसार पीड़िता का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया और विधि विज्ञान प्रयोगशाला भेजने के लिए सैंपल लिए गए। पीड़िता के बयान भी दर्ज कराए गए और उसने बयान में भी घटना के बारे में बताया। रोती रही और हाथ जोड़कर छोड़ने की गुहार लगाती रही

पीड़िता ने महिला पुलिसकर्मियों के सामने घटना की पूरी जानकारी दी। पीड़िता ने बताया कि घटना के दौरान वह रोती रही। अपने पिता के सामने हाथ जोड़कर छोड़ने की गुहार लगाती रही, लेकिन पिता नहीं माना। उसके शोर मचाने पर भी कोई नहीं आया। घटना की जानकारी देते हुए पीड़िता रोने लगी।

# वयोवृद्ध इलम चंद ने अलवर में जीते पांच पदक

**समाज जागरण बिनौली।**

रंछाड गांव के व्योश्रेष्ठ सम्मान प्राप्त 92 वर्षीय एथलीट पूर्व प्रधानाचार्य इलमचंद तोमर ने राजस्थान के अलवर में हुई 21 वीं ओपन नेशनल



एथलेटिक्स चैम्पियंनशिप में तीन स्वर्ण सहित पांच पदक जीते है। यूवरानी एथलेटिक्स समिति की और से अलवर के राज ऋषि ग्राउंड में बीती 6 और 7 फरवरी को हुई इस 21 वीं ओपन नेशनल एथलेटिक्स चैम्पियंनशिप में एथलीट इलम चंद तोमर 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में खेलते हुये 35 मिंट में पांच किमी दौड़ पूरी करके स्वर्ण पदक, हैमर थ्रो में स्वर्ण पदक, चार गुणा चार सौ रिले रेस में स्वर्ण पदक, गोला फेंक में रजत पदक, भाला फेंक स्पर्धा में रजत पदक जीतकर अपने प्रदेश, जिले और गांव का नाम रोशन किया है। चैम्पियंनशिप के आयोजकों ने पदक विजेता एथलीट इलमचंद मेडल पहनाकर और प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया। उनके पदक जीतने पर मास्टर प्रहलाद सिंह, प्राचार्य संत कुमार शर्मा, पूर्व प्रधानाचार्य सतबीर सिंह, उदयभान सिंह, चौधरी इकबाल सिंह, हरपाल सिंह,योगेंद्र सोलंकी, सेवानिर्वत एसआई ओमबीर सिंह, अवनीश तोमर ने खुशी जताई है।

# कमिश्नर और डीआईजी ने फाल्गुनी मेले की तैयारियों का निरीक्षण किया।

**समाज जागरण बालैनी।**



पुरा महादेव मंदिर पर लगने वाले तीन दिवसीय फाल्गुनी मेले की तैयारियों को लेकर कमिश्नर और डीआईजी ने मंदिर पहुँचकर निरीक्षण किया। गेस्ट हाउस मे अधिकारियो के साथ मीटिंग कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कहा कि कावंड़ यात्रा के दौरान शिवभक्तो को कोई भी असुविधा ना हो और उनका जलाभिषेक सुविधाजनक हो।ऐतिहासिक पुरा महादेव मंदिर पर शनिवार से तीन दिवसीय फाल्गुनी मेले का आयोजन किया जाएगा जिसमें 5 लाख के करीब शिवभक्त और कावंड़ियो की भीड़ आने की संभावना है। मेले को सफल बनाने के लिये प्रशासन पिछले एक महीने से तैयारियों मे लगा हुआ है। शुक्रवार को कमिश्नर भानु चन्द्र गौस्वामी और डीआईजी कलानिधि नैथानी ने पुरा महादेव मंदिर पहुँचकर तैयारियों का निरीक्षण किया।उन्होने बेरिकेटिंग, गर्भ गृह, मंदिर आने जाने वाले रास्ते, सीसीटीवी कैमरे, पार्किंग, कावंड़ शिविर आदि का निरीक्षण किया और कहा कि मेले के दौरान कावंड़ियो को किसी प्रकार की परेशानी ना हो। उन्होने मंदिर में बने गेस्ट हाउस में अधिकारियो के साथ मीटिंग ली और आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि कावंड़ यात्रा के दौरान सड़क,साफ-सफाई, पानी, चिकित्सा, सुरक्षा और प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था रहे। मंदिर आने वाले सभी कावंड़ियो और शिवभक्तो का जलाभिषेक बिना किसी परेशानी से हो।इस दौरान डीएम अस्मिता लाल, एसपी सुरज कुमार राय,एएसपी प्रवीण चौहान, एसडीएम अमरचंद वर्मा,भावना सिंह संजीव शर्मा, ब्रहमपाल मलिक सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# माहेश्वरी महिला संगठन कालांवाली की नई कार्यकारिणी गठित

**समाज जागरण**

कालांवाली (सुरेश जोरासिया) आज माहेश्वरी महिला संगठन कालांवाली की चुनावी बैठक वीणा कोठारी जी की अध्यक्षता में उत्साह, एकता और सौहार्द के वातावरण में सम्पन्न हुई। वर्ष 2026-2028 के लिए नई कार्यकारिणी का चयन सर्वसम्मति से किया गया। माहेश्वरी महिला संगठन की संरक्षक वीणा कोठारी ने बताया कि नवगठित कार्यकारिणी में अध्यक्ष खुशबू कोठारी ,उपाध्यक्ष मंजू कोठारी व संतोष राठी ,सचिव रंजू राठी ,सह सचिव रवीना मालानी,कोषाध्यक्ष रीतू लखोटिया, सह कोषाध्यक्ष प्रियंका राठी,संगठन मंत्री वीणा मालानी राठी,सांस्कृतिक मंत्री राजश्री कोठारी, कीर्ति कोठारी, चैफी राठी मालानी कार्य समिति सदस्य सीमा राठी, वीणा लखोटिया, रोजी राठी मालानी, राखी माहेश्वरी को चुना गया इस अवसर पर वीणा



कोठारी ने सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए आश्वासन दिया कि संगठन की उन्नति हेतु वे सदैव अपना सहयोग प्रदान करती रहेंगी। साथ ही अपने कार्यकाल में मिले स्नेह, विश्वास एवं सहयोग के लिए सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। हरियाणा पंजाब माहेश्वरी युवा संगठन के अध्यक्ष श्री संयोग कोठारी एवं कोषाध्यक्ष श्री मोहित राठी व अखिल भारतीय माहेश्वरी युवा संगठन के कार्य करनी सदस्य पंकज माहेश्वरी ने भी नई टीम को शुभकामनाएँ प्रेषित कर उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की माहेश्वरी समाज को आशा है नई ऊर्जा और समर्पण के साथ यह टीम संगठन को नई उपलब्धियों की ओर अग्रसर करेगी।

# प्रदेश में किसी भी बुजुर्ग की पैंशन न काटने का मुख्यमंत्री का सराहनीय कार्य : पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल

- जेपी दलाल बोले,,मुख्यमंत्री ने बुजुर्गों सहित हर श्रेणी के लाभपात्रों की पैंशन में बढ़ोतरी व जारी करवाकर किया हर वर्ग का सम्मान

- पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल शुक्रवार को झांझड़ा श्योराण,बरालू ,चहड खुर्द ,सिरसी, बहल, नूनसर आदि गांवो का दौरा कर नव विवाहितों को आशीर्वाद दिया।



**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल- लोहारू, 13 फरवरी। पूर्व वित्त एवं कृषि मंत्री जेपी दलाल ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की उस घोषणा का स्वागत किया है, जिसमें उन्होंने कहा है कि है कि प्रदेश में किसी भी बुजुर्ग की पैंशन नहीं काटी गई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने पूरे प्रकरण को साफ करते हुए इस मुद्दे पर राजनीति करने का प्रयास कर रहे विपक्ष को करारा जवाब दिया है। पूर्व मंत्री ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार अंत्योदय की भावना से काम |कर रही है। हर वर्ग के हित मे काम करने के लिए सरकार दृढ़संकल्प है।
पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल शुक्रवार को झांझड़ा श्योराण ,बरालू ,चहड खुर्द ,सिरसी,बहल, नूनसर आदि गांवो का दौरा किया। उन्होंने नव विवाहितों को आशीर्वाद दिया।
श्री जेपी दलाल ने कहा कि हाल ही में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने स्पष्ट कर दिया है कि प्रदेश में किसी भी बुजुर्ग की पैंशन नहीं कटी है और न ही काटी जाएगी। मुख्यमंत्री ने साफ तौर पर कहा है कि आय सत्यापन का कार्य चल रहा है और केवल वे ही पैंशन स्वत कटी है, जिन बुजुर्गों की मृत्यु को चुकी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में पैंशन बनना, जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र बनना आनलाइन प्रक्रिया के तहत होता है। ऐसे में यदि किसी बुजुर्ग की मृत्यु होती है तो उसके परिजन मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए आवेदन करते हैं। जैसे ही किसी बुजुर्ग का मृत्यु प्रमाण पत्र बनता है, उसकी पैंशन स्वतः कट जाती है। इसके अलावा सरकार ने किसी बुजुर्ग की पैंशन नहीं काटी है और विपक्ष के लोग केवल मृत्यु हो चुके बुजुर्गों की पैंशन कटने के नाम पर राजनीति करने का प्रयास कर रहे हैं।
जेपी दलाल ने कहा कि मुख्यमंत्री ने विपक्ष के झूठ का पूरी तरह से पदार्फाश करते हुए बुजुर्ग सम्मान भत्ता, लाडो लक्ष्मी योजना व अन्य योजनाओं के तहत मिलने वाली पैंशन भी जारी कर दी है। सरकार के इस कदम से बुजुर्गों सहित हर श्रेणी के लाभपात्रों ने खुशी जताई है। पूर्व मंत्री ने बुजुर्गों सहित अन्य श्रेणियों के लाभपात्रों से अपील की कि वे किसी तरह की बातों से गुमराह न हो और नियमित तौर पर अपनी पैंशन लेते रहें। सरकार केवल आय सत्यापन करवा रही है और आय सत्यापन करवाकर लाभपात्रों की पहचान करना और सच व झूठ का पता लगाना किसी तरह गलत नहीं है।

उन्होंने बुजुर्गों सहित अन्य श्रेणियों के लाभपात्रों की पैंशन जारी करके विपक्ष को करारा जवाब दिए जाने का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि सरकार के हर कार्य का विरोध करना विपक्ष ने अपना राजनीतिक हथकंडा बना लिया है लेकिन जनता सब सच्चाई समझ चुकी है। इस दौरान भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# हरियाणा में खेल प्रतिभाओं को तराशने के लिए 15 नए केंद्र स्थापित

**दैनिक समाज जागरण**

महेंद्रगढ़ (विशेष प्रतिनिधि): हरियाणा सरकार ने प्रदेश में खेल प्रतिभाओं को विकसित करने और भविष्य के ओलंपिक चैंपियन तैयार करने की दिशा में एक अहम कदम उठाया है। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ने देश भर में 139 अतिरिक्त खेल इंडिया केंद्रों को मंजूरी दी है, जिनमें महेंद्रगढ़ जिले के लिए भी विशेष योजना बनाई गई है।
इस योजना के तहत महेंद्रगढ़ जिले में 15 विभिन्न खेलों के केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इन केंद्रों का उद्देश्य न केवल स्थानीय प्रतिभाओं को प्रशिक्षित करना है, बल्कि उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार करना भी है।
केंद्रों की स्थापना के लिए उन संस्थानों को प्राथमिकता दी जाएगी, जिनके पास खेल के लिए पर्याप्त मैदान, आधुनिक उपकरण और प्रशिक्षण इन्फ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध हो। इससे खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण और सुविधा मिलेगी। राज्य सरकार का मानना है कि यह पहल प्रदेश में खेलों के स्तर को नई ऊँचाइयों तक ले जाएगी और बच्चों व युवाओं में खेलों के प्रति रुचि और प्रतिभा को निखारेगी।
साथ ही, इस पहल से महेंद्रगढ़ और आसपास के क्षेत्रों में खेल के लिए एक ठोस आधार तैयार होगा, जिससे स्थानीय युवा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित होंगे। विशेषज्ञों का कहना है कि यह केंद्र न केवल खेल कौशल को बढ़ावा देंगे, बल्कि युवाओं में अनुशासन, टीमवर्क और नेतृत्व क्षमता को भी मजबूत करेंगे।
हरियाणा सरकार की यह पहल प्रदेश को खेलों के क्षेत्र में अग्रणी बनाने और ओलंपिक जैसे बड़े मंच पर प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# हरियाणा-यूरोपियन व्यापार संघ बैठक: निवेश और निर्यात के नए अवसर सृजित होंगे

**दैनिक समाज जागरण**

नई दिल्ली (विशेष प्रतिनिधि): मुख्यमंत्री नयाब सैनी ने नई दिल्ली में आयोजित हरियाणाझ्रयूरोपियन व्यापार संघ की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में यूरोपियन देशों के व्यापार प्रतिनिधियों, निवेशकों और उद्योग जगत के विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रदेश में हरियाणाझ्रयूरोपीय संघ वर्किंग ग्रुप की स्थापना की घोषणा की, जिसका उद्देश्य निवेश और व्यापारिक अवसरों को और मजबूत बनाना है।




मुख्यमंत्री ने बैठक को संबोधित करते हुए निवेशकों को भरोसा दिलाया कि हरियाणा सरकार पारदर्शी, सुगम और अनुकूल निवेश वातावरण प्रदान करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार निवेशकों के हितों की सुरक्षा और सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार काम कर रही है, ताकि प्रदेश में उद्योग और रोजगार दोनों का विकास सुनिश्चित किया जा सके।
इस पहल से भारतझ्रयूरोपीय संघ समझौते के तहत हरियाणा के फल, सब्जियां और प्रसंस्कृत उत्पाद सीधे यूरोप के प्रमुख बाजारों तक पहुँचेंगे। इससे न केवल राज्य के कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों का निर्यात बढ़ेगा, बल्कि स्थानीय किसानों और उद्योगपतियों को भी वैश्विक बाजार में अपनी पहचान बनाने का अवसर मिलेगा।
बैठक में निवेशकों ने प्रदेश में औद्योगिक और तकनीकी निवेश को बढ़ावा देने के लिए हरियाणा सरकार की नीति और योजनाओं की सराहना की। विशेषज्ञों का मानना है कि यह पहल राज्य में रोजगार के अवसर बढ़ाने, आर्थिक विकास को गति देने और अंतरराष्ट्रीय व्यापार संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण साबित होगी।
मुख्यमंत्री ने अंत में सभी प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे हरियाणा में निवेश के लिए ठोस कदम उठाएँ और राज्य सरकार उनके हर स्तर पर सहयोग के लिए तैयार है।

# हरियाणा-अफ्रीका साझेदारी बैठक: युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे

**दैनिक समाज जागरण**

फरीदाबाद (विशेष प्रतिनिधि): फरीदाबाद के सूरजकुंड में आयोजित हरियाणाझ्रअफ्रीका रणनीतिक साझेदारी बैठक में विभिन्न अफ्रीकी देशों के राजदूतों और उच्चायुक्तों ने हरियाणा के साथ विविध क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की इच्छा व्यक्त की।



बैठक में कौशल विकास, औद्योगिक निवेश, कृषि, सूचना प्रौद्योगिकी, पर्यटन और सांस्कृतिक सहयोग सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। अफ्रीकी देशों और हरियाणा सरकार के सहयोग से इन क्षेत्रों में युवाओं के लिए नए रोजगार अवसर सृजित होंगे।
मुख्यमंत्री नयाब सैनी ने प्रतिनिधियों को भरोसा दिलाया कि हरियाणा सरकार हर स्तर पर सहयोग और समर्थन प्रदान करेगी ताकि व्यापारिक साझेदारी और निवेश के अवसर मजबूत हों। विशेष रूप से, इस बैठक के माध्यम से हरियाणा और अफ्रीका के देशों के बीच आर्थिक और सांस्कृतिक संबंधों को नई दिशा देने की योजना बनाई जा रही है।

# मुख्यमंत्री ने सूरजकुंड झूला हादसे के घायलों से की मुलाकात, जल्द स्वास्थ्य लाभ की कामना

**दैनिक समाज जागरण**

फरीदाबाद (विशेष प्रतिनिधि): मुख्यमंत्री नयाब सैनी ने आज फरीदाबाद के सुप्रीम अस्पताल का दौरा किया और 39वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय आत्मनिर्भर शिल्प मेले में हुई झूला दुर्घटना के घायलों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने घायलों का कुशल-क्षेम जाना और उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की।
इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने चिकित्सकों और अस्पताल प्रशासन को घायलों को सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधा और हर संभव मदद देने के निर्देश दिए। उन्होंने घायलों के परिजनों से भी बातचीत की और भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार उनकी हर आवश्यक सहायता सुनिश्चित करेगी।



प्राथमिक जांच में पता चला है कि झूला संचालन के दौरान सुरक्षा मानकों की अनदेखी के कारण यह दुर्घटना हुई। मुख्यमंत्री ने प्रशासन को निर्देश दिए कि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं से बचाव के लिए कड़े उपाय किए जाएँ।
सूरजकुंड मेला हर साल हजारों पर्यटकों और शिल्पकारों को आकर्षित करता है, लेकिन इस हादसे ने उत्सव की खुशियों पर छाया डाल दी। मुख्यमंत्री ने लोगों से धैर्य बनाए रखने और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करने की अपील भी की। प्रदेश सरकार की तरफ से घायलों के इलाज और पुनर्वास में हर संभव सहयोग देने का भरोसा दिलाया गया है।

# छतरपुर विधानसभा में 322 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का शुभारंभ

**दैनिक समाज जागरण**

नई दिल्ली (विशेष प्रतिनिधि): भाजपा नेता रेखा गुप्ता ने विकसित दिल्ली के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए छतरपुर विधानसभा क्षेत्र में 322 करोड़ से अधिक लागत के विकास कार्यों का शुभारंभ किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।




उन्होंने कहा कि छतरपुर का इतिहास दिल्ली की आत्मा से जुड़ा हुआ है और यहां का प्रत्येक क्षेत्र राजधानी की विकास यात्रा का साक्षी रहा है। हालांकि, उन्होंने आरोप लगाया कि लंबे समय तक पिछली सरकारों की उपेक्षा के कारण इस क्षेत्र का अपेक्षित विकास नहीं हो पाया।
रेखा गुप्ता ने बताया कि मात्र एक वर्ष में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में सरकार ने छतरपुर को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि आज शुरू हुई परियोजनाओं के तहत सड़कों का निर्माण व मरम्मत, नालियों का सुदृढ़ीकरण, स्कूलों का उन्नयन, ट्रैफिक समस्याओं का समाधान तथा आधारभूत ढांचे को मजबूत करने का व्यापक कार्य किया जाएगा।
उन्होंने विश्वास जताया कि इन विकास कार्यों से स्थानीय निवासियों का जीवन अधिक सुगम होगा और क्षेत्र में नई संभावनाओं के द्वार खुलेंगे।
इस मौके पर सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी, विधायक करतार सिंह तंवर, एमसीडी साउथ जोन के चेयरमैन उमेद सिंह फोगाट, जिला अध्यक्ष रविंदर सोलंकी, निगम पार्षद सुंदर सिंह तंवर सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# आयुष्मान आरोग्य मंदिरों से घर-घर तक पहुंचेगी स्वास्थ्य सुविधा: रेखा गुप्ता

**दैनिक समाज जागरण**

नई दिल्ली (विशेष प्रतिनिधि): नेता रेखा गुप्ता ने कहा कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर, माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस विजन का विस्तार हैं, जिसमें स्वास्थ्य सेवा को हर नागरिक का अधिकार माना गया है।
उन्होंने बताया कि बीते एक वर्ष में प्रदेश में 370 आयुष्मान आरोग्य मंदिर शुरू किए जा चुके हैं। सरकार का लक्ष्य इस संख्या को बढ़ाकर 1100 तक पहुंचाने का है, ताकि अधिक से अधिक लोगों को नजदीक ही गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।



रेखा गुप्ता ने कहा कि इन आरोग्य मंदिरों के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि किसी भी परिवार को इलाज के लिए दूर-दराज के अस्पतालों के चक्कर न लगाने पड़ें। लोगों को उनके घर के पास ही भरोसेमंद और सुलभ स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो सके, यही सरकार की प्राथमिकता है।
उन्होंने विश्वास जताया कि आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के विस्तार से प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं मजबूत होंगी और आम नागरिकों को समय पर उपचार मिल सकेगा। यह पहल विशेष रूप से ग्रामीण और शहरी गरीब वर्ग के लिए राहतकारी सिद्ध होगी।

# दिल्ली में 51 नए आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का शुभारंभ, स्वास्थ्य सेवाएं हुई और सुलभ

**दैनिक समाज जागरण**

नई दिल्ली (विशेष प्रतिनिधि): दिल्ली में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए आज 51 नए आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का शुभारंभ किया गया। सरकार ने इसे राजधानी में तेज गति और व्यापक स्तर पर स्वास्थ्य ढांचे के विस्तार का महत्वपूर्ण चरण बताया है।
सरकारी जानकारी के अनुसार, मात्र एक वर्ष में दिल्ली में 370 आयुष्मान आरोग्य मंदिर शुरू किए जा चुके हैं, जो सरकार की स्पीड और स्केल का प्रमाण माने जा रहे हैं। इन केंद्रों के शुरू होने से दिल्लीवासियों को अपने ही क्षेत्र में जांच, उपचार और आवश्यक दवाइयों की सुविधा आसानी से उपलब्ध हो रही है।
सरकार ने भरोसा जताया है कि जल्द ही 1100 से अधिक आयुष्मान



आरोग्य मंदिर स्थापित करने का लक्ष्य भी पूरा कर लिया जाएगा, ताकि हर नागरिक को उसके नजदीक भरोसेमंद और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।
इन आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में मरीजों को फ्री टेस्ट, निःशुल्क दवाइयां, उन्नत डायग्नोस्टिक सेवाएं, कैंसर स्क्रीनिंग, टीकाकरण तथा मातृ-शिशु देखभाल जैसी महत्वपूर्ण सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि इससे प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं मजबूत होंगी और अस्पतालों पर दबाव भी कम होगा।
इस अवसर पर सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी, विधायक करतार सिंह तंवर, निगम पार्षद सुंदर सिंह तंवर सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# केरल में जमीनी स्तर पर बदलाव की दिशा में बढ़ रही भाजपा: रेखा गुप्ता

**दैनिक समाज जागरण**

नई दिल्ली/केरल (विशेष प्रतिनिधि): भाजपा नेता रेखा गुप्ता ने कहा है कि केरल में जमीनी स्तर पर एक निर्णायक बदलाव की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। उन्होंने कहा कि पंचायतों से लेकर शहरों तक भाजपा कार्यकर्ता सेवा, जवाबदेही और परिणाम आधारित सुशासन के मॉडल को मजबूत कर रहे हैं।
रेखा गुप्ता के अनुसार, भाजपा कार्यकर्ताओं के सतत प्रयासों से राज्य में जनभागीदारी और विकास कार्यों को नई गति मिल रही है। उन्होंने कहा कि यह परिवर्तन केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि सामाजिक और प्रशासनिक स्तर पर भी दिखाई दे रहा है।
उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में यह सकारात्मकmomentumकेरल में एक सशक्त विकास मॉडल की नींव रख रहा है।
रेखा गुप्ता ने विश्वास जताया कि कार्यकताओं की मेहनत और जनसमर्थन से विकसित केरलमह्व (#VikasitaKeralam) के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में ठोस प्रगति होगी। उन्होंने कार्यकताओं से इसी समर्पण और सेवा भाव के साथ जनता के बीच काम करते रहने का आह्वान भी किया।

# आईटी शेयरों में बिकवाली जारी, निफ्टी आईटी हफ्ते में 8.2% टूटा; सेंसेक्स 1048 अंक लुढ़का

**दैनिक समाज जागरण**

बिकवाली का यह नया दौर गुरुवार को अमेरिका में प्रौद्योगिकी शेयरों में भारी गिरावट के बाद शुरू हुआ जिसमें नैस्डैक कंपोजिट इंडेक्स करीब 2 फीसदी तक गिर गया।
आईटी यानी सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों के शेयरों में बिकवाली का दौर थम नहीं रहा है। निफ्टी आईटी सूचकांक आज कारोबार के दौरान 5.2 फीसदी तक लुढ़क गया था मगर बाद में नुकसान की भरपाई करते हुए 1.44 फीसदी गिरावट के साथ बंद हुआ। अंतिम घंटों में थोड़े सुधार के बावजूद इस हफ्ते आईटी सूचकांक 8.2 फीसदी नुकसान में रहा जो 4 अप्रैल, 2025 के बाद इसका सबसे खराब प्रदर्शन है।
आईटी शेयरों में बिकवाली का असर बेंचमार्क सूचकांकों पर भी पड़ा। सेंसेक्स 1,048 अंक टूटकर 82,627 पर बंद हुआ। निफ्टी भी 336 अंक गिरकर 25,471 पर बंद हुआ। 1 फरवरी के बाद दोनों सूचकांकों में एक दिन की यह सबसे बड़ी गिरावट है। बंबई स्टॉक एक्सचेंज पर सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 7 लाख करोड़ रुपये घटकर 465 लाख करोड़ रुपये रहा।
आईटी सूचकांक की बात करें तो इस



साल अभी तक देश की प्रमुख सॉफ्टवेयर कंपनियों के कुल बाजार पूंजीकरण में करीब 4.7 लाख करोड़ रुपये की कमी आई है। निवेशकों की परिसंपत्ति में यह सबसे तेज गिरावट में से एक है। आईटी शेयरों में तेज गिरावट की मुख्य वजह आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) में नए विकास से पारंपरिक आईटी कंपनियों की वृद्धि पर पड़ने वाले असर को लेकर बढ़ती चिंता है।
बिकवाली का यह नया दौर गुरुवार को अमेरिका में प्रौद्योगिकी शेयरों में भारी गिरावट के बाद शुरू हुआ जिसमें नैस्डैक कंपोजिट इंडेक्स करीब 2 फीसदी तक गिर गया। स्टार्टअप एंथ्रोपिक के नए एआई टूल से भारत की लगभग 25 लाख करोड़ रुपये के आईटी उद्योग की भविष्य की वृद्धि की संभावनाओं पर प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका है। जेपी मॉर्गन के एक नोट में कहा गया है कि बाजार का एक हिस्सा इससे परेशान है कि भारतीय आईटी कंपनियां आय वृद्धि के लक्ष्य से चूक सकती हैं क्योंकि आर्टिफिशल इंटेलिजेंस दक्षता को देखते हुए ग्राहक अपने खर्च एआई के लिए आवंटित कर रहे हैं।
कारोबार के दौरान इन्फोसिस 7.54 फीसदी तक लुढ़क गया था मगर बाद में थोड़ा संभलते हुए 1.2 फीसदी नुकसान में बंद हुआ। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने 6 फीसदी तक टूटने के बाद नुकसान की थोड़ी भरपाई की और कारोबार की समाप्ति पर 2 फीसदी गिरावट पर बंद हुआ। एचसीएल टेक भी 1.2 फीसदी नुकसान में रहा। टीसीएस का बाजार पूंजीकरण मार्च 2020 के बाद पहली बार 10 लाख करोड़ रुपये से कम रह गया है। बाजार के भागीदारों ने कहा कि तेज गिरावट के बाद कम दाम पर लिवाली से शेयरों में थोड़ा सुधार हुआ।

# कैफे-3 नियमों में तकनीकी छूट पर सख्ती, बीईई 'ईंधन बचाने वाली तकनीक' की सूची दुरुस्त करेगा

**दैनिक समाज जागरण**

अधिकारियों ने कहा कि भारत के यात्री वाहन बाजार में ईंधन बचाने वाली कई तकनीकों का जमकर उपयोग हो रहा है।
ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) उन तकनीकों की फेहरिस्त दुरुस्त करने की योजना बना रहा है जिन्हें कार कंपनियां कैफे-3 मानकों के तहत अपने बेड़े के औसत कार्बन डाई ऑक्साइड उत्सर्जन की गणना करते समय ह्यईंधन बचाने वाली तकनीक की श्रेणी में डाल सकती हैं और ह्यतकनीकी छूट क्रेडिट का दावा कर सकती हैं। बिजनेस स्टैंडर्ड को यह जानकारी मिली है।
अधिकारियों ने कहा कि भारत के यात्री वाहन बाजार में ईंधन बचाने वाली कई तकनीकों का जमकर उपयोग हो रहा है। इनमें करीब 54 फीसदी कारों में आइडल स्टार्ट-स्टॉप (कार कुछ देर खड़ी रहने पर इंजन का खुद बंद हो जाना और क्लच दबाते ही दोबारा स्टार्ट हो जाना) सिस्टम, 47 फीसदी में रीजेनरेटिव ब्रेकिंग (ब्रेक लगाने पर बैटरी चार्ज हो जाना), 63 फीसदी में टायर की हवा पर नजर रखने की प्रणाली और 59 फीसदी में 6-स्पीड या उससे अधिक ट्रांसमिशन होता है। इसलिए प्रस्तावित कैफे-3 मानकों में इन पर तकनीक छूट क्रेडिट नहीं मिलेगा। कॉरपोरेट एवरेज फ्यूल एफिशिएंसी (कैफे) मानदंड के तहत कार कंपनियों को साल भर में बिके अपने सभी यात्री वाहनों का औसत कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन एक सीमा के भीतर रोकना होता है।
उत्सर्जन को ग्राम प्रति किलोमीटर में मापा जाता है। प्रस्तावित कैफे-3 मानकों पर अभी विमर्श चल रहा है और जल्द ही उन्हें अधिसूचित किया जा सकता है। ये मानक वित्त वर्ष 2027-28 से 2031-32 तक लागू रहेंगे।
अधिकारियों ने कहा कि पात्र तकनीकों की सूची ही ठीक नहीं की जा रही है बल्कि कंपनियों के दावे के लिए अधिकतम लाभ भी घटाने का प्रस्ताव है। उन्होंने कहा कि ब्यूरो ने सितंबर 2025 में कैफे-3 का जो मसौदा जारी किया था, उसमें 9 ग्राम/किमी तक तकनीकी छूट देने का प्रस्ताव था मगर अंतिम अधिसूचना में यह सीमा घटाकर 6 ग्राम/किमी की जा सकती है। इसमें मंजूरी प्राप्त हरेक तकनीक पर 1 ग्राम/किमी तक ही लाभ मिलेगा।
अधिकारियों ने समझाया कि रियायत की सीमा घटाकर 6 ग्राम/किमी इसलिए की जा रही है क्योंकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यही सीमा चलती है और भारतीय वाहन उद्योग की मंशा भी ऐसी ही थी। इसके अलावा प्रत्येक तकनीक से उत्सर्जन में आने वाली सटीक कमी को स्वतंत्र रूप से सत्यापित और प्रदर्शित करने के लिए अभी कोई अधिसूचित सरकारी परीक्षण विधि नहीं है। कम सीमा का मकसद यह पक्का करना है कि प्रोत्साहन वास्तव में नई तकनीक पर ही केंद्रित रहें।

# सूचीबद्ध व गैरसूचीबद्ध फर्मों को खरीदने के लिए बैंक दे सकेंगे ऋण, आरबीआई ने दी मंजूरी

**दैनिक समाज जागरण**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बैंकों को सूचीबद्ध और असूचीबद्ध कंपनियों के अधिग्रहण के लिए ऋण मुहैया कराने की इजाजत दे दी है। मगर ऋण की सीमा कुल मूल्य की 75 फीसदी तय की गई है।
अधिग्रहण के लिए कर्ज देने पर जारी अंतिम नियम में बैंकिंग नियामक ने कहा कि बैंकों को ऐसे निवेश को ऋण सुविधा देनी चाहिए जिसमें लंबी अवधि में अधिग्रहण करने वाली कंपनी के लिए मूल्य सृजित करने की क्षमता हो। केवल अल्पावधि के लाभ या वित्तीय पुनर्गठन के मकसद से ऐसा नहीं करना चाहिए। बैंक अधिग्रहणकर्ता की एनबीएफसी इकाई या विशेष मकसद वाली इकाई (एसपीवी) के अधिग्रहण के लिए भी धन दे सकते हैं। नियमों के मुताबिक खरीदने वाली कंपनी सूचीबद्ध हो या असूचीबद्ध, उसकी नेटवर्थ कम से कम 500 करोड़ रुपये होनी चाहिए और उसे बीते तीन वित्त वर्ष में लगातार कर बाद मुनाफा हुआ हो। असूचीबद्ध कंपनियों की निवेश ग्रेड रेटिंग बीबीबी- या उससे ऊपर होनी चाहिए। अधिग्रहण खरीद करार की तारीख से 12 महीने के अंदर पूरा हो जाना चाहिए।
अंतिम नियमों में उस मसौदा प्रस्ताव को हटा दिया गया कि जिसमें कहा गया था कि अधिग्रहण के लिए कर्ज के मामले में बैंक का कुल निवेश उसकी टियर 1 पूंजी के 10 फीसदी से ज्यादा नहीं होना चाहिए।
अगर अधिग्रहण करने वाली कंपनी के पास लक्षित कंपनी को खरीदने के लिए कर्ज लेने से पहले ही नियंत्रण हो तो पैसे अतिरिक्त शेयर खरीदने के लिए ही दिए जाने चाहिए। आरबीआई ने कहा कि अधिग्रहण करने वाली कंपनी और लक्षित कंपनी में सीधे तौर पर कोई संबंध नहीं हो।

# नगवां ब्लॉक के पहाड़ी क्षेत्रों में पीडब्ल्यूडी द्वारा सड़क निर्माण में उड़ाई जा रही मानक की धज्जियां

## एक सप्ताह पूर्व पेंटिंग हुई सड़क पर उगी घांस फूंस, गुणवत्ता की खोल रही पोल

**विजय शंकर पाण्डेय/ जिला संवाददाता/ समाज जागरण**




सोनभद्र। विकास खंड नगवां के पहाड़ी क्षेत्रों में पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा सड़क निर्माण में कोरम पूरा कर मानक की धज्जियां उड़ाई जा रही है। जानकारी के अनुसार विकास खंड नगवां के रामपुर पनौरा मेन रोड से सोमा की ओर जाने वाली लगभग तीन किमी लम्बी सड़क पर पेंटिंग का कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा एक सप्ताह पूर्व किया गया था जिसपर जगह जगह घांस फूंस उग आए हैं जो सड़क निर्माण के गुणवत्ता पर सवाल खड़े कर रहे हैं ग्रामीणों का कहना है की ठेकेदार द्वारा रोड की पटरियों को साफ तक नहीं किया गया न तो पेंटिंग के समय रोड़ की अच्छी तरह सफाई किए बिना ही हल्की गिट्टी छिड़क कर पेंटिंग का कोरम पूरा कर दिया गया है सड़क निर्माण में गिट्टी की भुजाइ में कम तारकोल डाला गया है जिससे सड़क ज्यादा दिनों तक चल नहीं पाएगी ग्रामीणों का कहना है कि बहुत दिनों बाद इस सड़क पर सरकार की नजर पड़ी और निर्माण कार्य शुरू हुआ तो हम लोगों को खुशी हुई लेकिन ये सड़क ठेकेदार और विभागीय जेई की मिलीभगत से भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई ।

सरकार के जीरो टार्लेंस की धज्जियां उड़ाई जा रही है उच्च अधिकारियों का किसी को कोई भय नहीं है, ठेकेदार और विभागीय अधिकारी अपनी जेबें भरने में लगे हुए हैं। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी सोनभद्र से जांचकर कार्यवाही की मांग की है।

# अनियंत्रित ओवरलोड ट्रेलर ने छ दुकानें, चार मोटर साइकिलों सहित एक कार को किया क्षतिग्रस्त–चालक फरार

**आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण**



चोपन/ सोनभद्र। वाराणसी शक्तिनगर मुख्यमार्ग पर गुरूद्वारा स्कूल के समीप गुरुवार की भोर करीब 3.45 बजे डाला से रावट्सगंज की तरफ जा रही तेज रफ्तार ओवरलोड 18-चक्का ट्रेलर ने कहर बरपा दिया। अनियंत्रित वाहन गुरुद्वारा इंटर कॉलेज के पास स्थित करीब छ दुकानों सहित चार मोटरसाइकिल एवं एक कार को रौंदता हुआ आगे जाकर फंस गया। हादसे में रामकुमार सोनी, लक्ष्मण सोनी, माता प्रसाद पांडे, अमित गर्ग सहित कई दुकानदारों की दुकानों का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि सामने खड़े कई दोपहिया वाहन चकनाचूर हो गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक डाला से रॉबर्ट्सगंज की ओर जा रहा था। आशंका जताई जा रही है कि चालक को नींद या नशा था, जिससे उसने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया। अंधेरे का फायदा उठाकर चालक मौके से फरार हो गया। सुचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद क्रेन के सहयोग से उक्त वाहन को ले जाकर थाना परिसर में खड़ा करा दिया

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि यही हादसा दिन में होता, तो बड़ी जनहानि से इनकार नहीं किया जा सकता था। सूचना पर पहुंची चोपन पुलिस ने मौके का मुआयना कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# वार्षिक खेल-कूद उत्सव का प्रधानमंत्री और खेलमंत्री ने हरी झंडी दिखा कर किया शुभारंभ

**जिला संवाददाता विजय शंकर पांडेय/ समाज जागरण**



सोनभद्र। विकास खण्ड दुद्धी के अंतर्गत ग्राम पंचायत बुटबेढ़वा के कम्पोजिट विद्यालय में एक दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता के समापन पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इसके पहले खेलकूद प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के प्रधान मंत्री कार्तिक कुमार और खेल मंत्री ज्योति यादव ने संयुक्त रूप से माँ सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पूजन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। खेल का उद्घाटन उक्त द्वेय ने संयुक्त रूप से हरी झण्डी दिखा व फिता काटकर किया। 100मी० दौड़ प्राथमिक वर्ग में अपने-अपने कक्षा में शिवांगी, शिवानी, प्रिया, हिना, राशि शहादत, शाहिद, अंशु पियूष और. 100 मी० उच्च प्राथमिक वर्ग में जोया, संजना, लक्ष्मी, बबलू शर्मा, आयुष, अभय क्रमशः प्रथम स्थान पर रहे। लम्बी कूद में बबलू शर्मा, प्रतीक, अभय तथा बालिका वर्ग में जोया, संजना, लक्ष्मी ने बाजी मारी। कबड्डी व खो-खो तथा बेडमिंटन में भी बच्चों ने दम-खम दिखाया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक राजकमल यादव ने खेल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उज्जवल भविष्य की शुभ कामना देते हुए कहा कि अच्छी शिक्षा के साथ-साथ खेलों को बढ़ावा दिया जाना भी बेहद जरुरी हो गया है क्योंकि खेलों से शरीर स्वस्थ रहने के साथ ही मानसिक विकास भी होता है और भाईचारे की भावना भी बढ़ती है। खेल कूद कार्यक्रम में कुशल संचालन शालिनी कुमारी व वरिष्ठ शिक्षिका अंजूरानी ने किया।

# तेज रफ्तार का कहरः अनियंत्रित बाइक नहर की पटरी पर फिसली कर गिरी, बाइक सवार युवक की हालत चिंताजनक, गंभीर

**अवधेश कुमार गुप्ता- सदर संवाददाता समाज जागरण**



सोनभद्र।चोपन थाना क्षेत्र के सलखन मुख्य सोनपम्प नहर मार्ग पर शुक्रवार की सुबह तेज रफ्तार की कहर ने एक बाइक सवार युवक को अपने चपेट में ले लिया।घायल युवक की हालत काफी चिंताजनक गंभीर बनी हुई है।जिसे पीआरबी 112 के सहयोग से आपातकालीन सेवा 108 एंबुलेंस सेवा के माध्यम से गंभीर रूप से घायल युवक को जिला चिकित्सालय रावर्ट्सगंज -सोनभद्र में भर्ती कराया गया है,जहां पर घायल युवक की हालत काफी बेहद चिंताजनक बनी हुई है।

बताते हैं कि सुदामा (15 वर्ष) पुत्र बचाऊ धईकार निवासी सलखन बैरिहवा टोला शुक्रवार की सुबह तकरीबन 9 बजे अपने घर से मारकुंडी की तरफ तेज रफ्तार से अपनी प्लसर मोटरसाइकिल से सुबह तेज रफ्तार से नहर मार्ग से जा रहा था कि वाहन चालक वाहन से अपना नियंत्रण खो बैठा और वाहन अनियंत्रित होकर सलखन के मुनगा टोला स्थित जितेंद्र अग्रहरि घर के समीप मुख्य सोनपंप नहर की पटरी पर फिसल कर गिर गया। बाइक तकरीबन 20 मीटर तक बाईक सवार को अपने साथ घसीट ले गयीं।जिससे बाइक सवार युवक की हालात गम्भीर हो गयी है तथा स्थिति काफी चिंताजनक बनी हुई है।

# जिलाधिकारी ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान में तेजी लाने के दिये निर्देश

## विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान से जुड़े कार्यालय व विद्यालय 14 व 15 फरवरी को भी रहेगें खुलें

**जिला संवाददाता विजय शंकर पांडेय/ समाज जागरण**



सोनभद्र। जिला निर्वाचन अधिकारी ने अवगत कराया है कि भारत निर्वाचन आयोगा आयोग द्वारा अर्हता दिनांक 01.01.2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम की तिथियों में संशोधन किया गया है। दावे एवं आपत्तियां दर्ज कराने की अंतिम तिथि 06 मार्च, 2026, नोटिस जारी करने, सुनवाई, सत्यापन तथा दावों/आपत्तियों के निस्तारण की अवधि रू 27 मार्च, 2026 तक, निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन रू 10 अप्रैल, 2026, जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया है कि दिनांक 14 एवं 15 फरवरी, 2026 (सार्वजनिक अवकाश) को भी विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान से जुड़े कार्यालय व विद्यालय रहेगें खुलेंगे, कोई भी कार्यालय, स्कूल अथवा कॉलेज बंद नहीं रहेगा तथा विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण का कार्य अवकाश दिवसों में भी निरंन्तर जारी रहेगा। ई0आर0ओ0/ ए0ई0आर0ओ0 एवं अतिरिक्त ए0 ई0आर0ओ0 को निर्देशित किया गया है कि जिन प्रकरणों में नोटिस जारी कर सुनवाई की तिथि निर्धारित है, उनकी सुनवाई नियत तिथि पर अनिवार्य रूप से की जाए। जहां सुनवाई निर्धारित नहीं है, वहां संबंधित अधिकारी मतदान केंद्रों पर जाकर बी0एल0ओ0 के साथ दस्तावेजों का संकलन सुनिश्चित करें। नो-मैपिंग एवं लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी से संबंधित कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों एवं कार्मिकों को निर्देशित किया है कि निर्धारित अवधि में कार्य पूर्ण करते हुए अभियान को लक्ष्य के अनुरूप सफल बनाया जाए।

# थाना ओबरा पुलिस व एसओजी टीम की तत्परता से ओबरा मर्डर केस का खुलासा, लूटी गई नगदी व उपकरण बरामद

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरी**



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्री अनिल कुमार के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी ओबरा अमित कुमार के कुशल पर्यवेक्षण में थाना ओबरा पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 31/2026 धारा 103(1), 238 बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्त श्रवन सिंह उर्फ श्रवण गोंड पुत्र राम प्रसाद सिंह निवासी ग्राम झारा, थाना सनावल, जिला बलरामपुर, छत्तीसगढ़ उम्र लगभग 36 वर्ष, को दिनांक 12/13 .02.2026 की रात्रि मुखबिर खास की सूचना पर बग्घा नाला ओवरब्रिज के पास से घेराबंदी कर उक्त अभियुक्त को समय करीब 00:35 बजे गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के पश्चात अभियुक्त की निशानदेही पर घटना स्थल से लगभग 300 मीटर दूर पक्के नाले व झाड़ियों में छिपाए गए इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी बरामद किए गए। उक्त बरादगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 315 बीएनएस की बढोत्तरी की गयी। घटना का संक्षिप्त विवरण- दिनांक 07/08.02.2026 की रात्रि में गिरधर सीमेंट्स लिमिटेड परिसर में कंपनी के संचालक के चाचा विष्णु हरि उपाध्याय की अज्ञात व्यक्ति द्वारा सिर पर पत्थर से वार कर हत्या कर दी गई थी। घटना के पश्चात कार्यालय का ताला खोलकर दराज में रखे ₹6500 नगद एवं मृतक का मोबाइल फोन चोरी कर लिया गया था। साथ ही पहचान छुपाने के उद्देश्य से सीसीटीवी कैमरा क्षतिग्रस्त कर उसके उपकरण (मॉनिटर व प्रिंटर) हटाकर छिपा दिए गए थे। उक्त घटना के संबंध में थाना ओबरा पर मु0अ0सं0 31/26 धारा 103 (1), 238 बीएनएस पंजीकृत किया गया।

पुलिस कार्यवाही का संक्षिप्त विवरण- घटना की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन में विशेष टीम गठित कर अभियुक्त की तलाश प्रारंभ की गई। दिनांक 12/13.02.2026 की रात्रि मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्त श्रवन सिंह उर्फ श्रवण गोंड पुत्रः राम प्रसाद सिंह निवासीः ग्राम झारा, थाना सनावल, जिला बलरामपुर, छत्तीसगढ़ उम्रः लगभग 36 वर्ष बग्घा नाला ओवरब्रिज के पास भागने की फिराक में बैठा है। सूचना पर तत्काल घेराबंदी कर उक्त अभियुक्त को समय करीब 00:35 बजे गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के पश्चात अभियुक्त की निशानदेही पर घटना स्थल से लगभग 300 मीटर दूर पक्के नाले व झाड़ियों में छिपाए गए इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी बरामद किए गए।

पूछताछ का संक्षिप्त विवरण-अभियुक्त से पूछताछ करने पर उसके द्वारा बताया गया कि वह पूर्व में गिरधर सीमेंट्स लिमिटेड परिसर में 02 वर्षों तक मिस्त्री के पद पर कार्यरत था। नौकरी से निकाले जाने तथा मृतक द्वारा डांट-फटकार किए जाने से वह रंजिश रखता था। दिनांक 07/08.02.2026 की रात लगभग 11-12 बजे वह बाउंड्री कूदकर परिसर में घुसा। बरामदे में सो रहे विष्णु हरि उपाध्याय के सिर पर पत्थर से 3-4 बार वार कर हत्या कर दी। इसके बाद मृतक के पास से चाबी का गुच्छा लेकर कार्यालय खोला तथा दराज से ₹6500 नगद एवं मृतक का मोबाइल फोन ले लिया। साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से सीसीटीवी तोड़ दिया तथा मॉनिटर एवं प्रिंटर को उठाकर पास के नाले में झाड़ियों के नीचे छिपा दिया कि उसकी पहचान न हो सके।

# महिला से छेड़छाड़ प्रकरण में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, थाना अनपरा पुलिस की त्वरित कार्यवाही

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरी**



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के पर्यवेक्षण में थाना अनपरा पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 26/2026 धारा 64 (1), 351(2) बीएनएस से संबंधित वांछित 01 नफर अभियुक्त विकास उर्फ विक्की पुत्र भोला राम निवासी ग्राम कुंडाडोही टोला लोहरा पोस्ट खदुआ, थाना अनपरा जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 29 वर्ष, को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

घटना का संक्षिप्त विवरणः-वादी द्वारा थाना अनपरा पर लिखित सूचना दी गई थी कि अभियुक्त विकास उर्फ विक्की द्वारा महिला के साथ छेड़छाड़ की गई। उक्त सूचना के आधार पर थाना अनपरा पर मु0अ0सं0 26/2026 धारा 64(1), 351(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया था। प्रकरण में अभियुक्त वांछित चल रहा था। दिनांक 13.02.2026 को मुखबिर खास की सूचना पर थाना अनपरा पुलिस द्वारा अभियुक्त को डिबुलगंज तिराहा के पास से समय लगभग 09:56 बजे गिरफ्तार कर लिया गया। आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर अभियुक्त को माननीय न्यायालय भेजा गया।

# सात दिवसीय संगीतमय रुद्र महायज्ञ एवं श्रीराम कथा का पांचवां दिन

**जिला संवाददाता विजय शंकर पाण्डेय/समाज जागरण**



सोनभद्र। थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम धूमा में स्थित पंचेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में आयोजित सात दिवसीय संगीतमय रुद्र महायज्ञ में पांचवें दिन कथा का वाचक दिलीप कृष्ण महाराज (केन्द्र श्रीधाम वृंदावन) के ओजस्वी वाणी, मधुर संगीत में भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, मयार्दा, त्याग और भक्ति से जुड़े प्रसंगों का वर्णन सुनकर श्रोता धर्म और संस्कार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा प्राप्त कर रहे हैं। कथा के दौरान भजन-कीर्तन एवं धार्मिक प्रस्तुतियों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना हुआ है।

कार्यक्रम के अंतर्गत विधिवत यज्ञ, पूजन एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठान भी संपन्न कराए जा रहे हैं। बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रतिदिन पहुंचकर यज्ञ में आहुतियां अर्पित कर पुण्यलाभ प्राप्त कर रहे हैं। आयोजन स्थल पर व्यवस्था, सुरक्षा एवं श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया है। इस भव्य आयोजन के मुख्य आयोजक श्रवण सिंह गौड़ विधानसभा दुद्धी भाजपा के पूर्व विधायक प्रत्याशी रह चुके हैं। इनके नेतृत्व में ग्रामवासियों, युवक समिति, महिला समिति एवं समस्त क्षेत्रवासियों का सराहनीय सहयोग मिल रहा है।

आयोजन समिति ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि शेष 4 दिनों के कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस पावन धार्मिक आयोजन में सहभागिता करें। कार्यक्रम का समापन 16 फरवरी को प्रातः हवन, पूजन एवं विशाल भंडारे के साथ किया जाएगा। यह आयोजन धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक समरसता और भाईचारे का भी संदेश दे रहा है।

# 6 माह से खराब सबमर्सिबल पंप, सिंदुरिया के यादव बस्ती में पेयजल संकट गहराया

## ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन, जल्द मरम्मत न होने पर आंदोलन की दी चेतावनी

**आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण**



चोपन/ सोनभद्र। स्थानीय विकास खंड अंतर्गत सिंदुरिया ग्राम पंचायत के यादव बस्ती के पीछे स्थित बोरिंग में लगाया गया सबमर्सिबल पंप बीते करीब छह माह से खराब पड़ा है। इसके चलते वहां स्थापित पानी की टंकी में सप्लाई पूरी तरह बाधित हो गई है, जिससे दर्जनों परिवारों को पीने के पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि उदल चेरो व दुलारे धोबी के घर के पास बोरिंग कर सबमर्सिबल पंप लगाया गया था। साथ ही सौर ऊर्जा प्लेट भी स्थापित की गई थी, जिससे टंकी में पानी चढ़ाकर पूरे मोहल्ले में आपूर्ति की जाती थी। लेकिन पंप खराब होने के बाद से यह व्यवस्था पूरी तरह ठप हो चुकी है और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पेयजल संकट से नाराज ग्रामीणों पंकज चेरो, मनोज चेरो, लाल बहादुर चेरो, सुरेंद्र यादव, शाहिद सहित बड़ी संख्या में लोगों ने टंकी के पास एकत्र होकर संबंधित विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना है कि इस समस्या को लेकर कई बार ग्राम पंचायत प्रधान को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। लोगों ने चेतावनी दी है कि गर्मी का मौसम नजदीक है यदि समय रहते सबमर्सिबल पंप की मरम्मत या नया पंप नहीं लगाया गया, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# बल्कर ने बाउंड्री वॉल तोड़ते हुए बाइक सवार को मारा जोरदार टक्कर, घायल

**अनिल कुमार अग्रहरि/ समाज जागरण**

डाला/ सोनभद्र। स्थानीय चौकी क्षेत्र के डाला ओबरा संपर्क मार्ग पर एक बल्कर ने बाइक सवार व्यक्ति को धक्का मारते हुए सीमेंट फैक्ट्री की बाउंड्री वॉल में टकरा गया। जिसके टक्कर से बाउंड्री वॉल टूट गया और घटना में



बाइक सवार मामूली रूप से चोटिल हो गया। मिली जानकारी मुताबिक शुक्रवार की सुबह करीब 11 बजे स्थानीय पुलिस चौकी क्षेत्र के डाला ओबरा संपर्क मार्ग पर लाल बत्ती चौराहे से रेक्सहवा सेक्टर बी चौराहे की तरफ जा रहे बाइक सवार नई बस्ती डाला बाजार निवासी अनिल जायसवाल (41) पुत्र राधेश्याम को सीमेंट कंपनी के पुराने लेबर गेट के पास ओबरा की तरफ से आ रही एक बल्कर वाहन ने धक्का मारते हुए सीमेंट फैक्ट्री की बाउंड्री वॉल में टक्कर मार दिया। जिससे कंपनी की बाउंड्री वॉल टूट कर क्षति ग्रस्त हो गया । घटना में बाइक सवार मामूली रूप से चोटिल हो गया। सूचना मिलते ही निजी कंपनी के सुरक्षा गार्ड व डाला पुलिस मौके पर पहुंच गए। डाला पुलिस ने बल्कर वाहन को अपने कब्जे में ले लिया।

# कांग्रेस की मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान पदयात्रा शुरू

**विजय शंकर पाण्डेय जिला संवाददाता/ समाज जागरण**

सोनभद्र। रावर्ट्सगंज ब्लाक के चतरा कस्बा सण्डी रोड तिराहा से दोपहर 12 बजे मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान पदयात्रा शुरू हुई। नाई सेमर हरथर कुशम्हा होते हुए नई बाजार में जनसभा को संबोधित किया गया पद यात्रा में सोनभद्र के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पर्यवेक्षक पुर्व विधायक आदरणीय भगवती प्रसाद चौधरी शिरकत किए, कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अध्यक्ष श्री राम राज सिंह गोड़ जी द्वारा किया गया, मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) एक महत्वपूर्ण कानून है जो ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की गारंटी प्रदान करता है। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में, इस कानून को कमजोर करने और इसके लाभों को कम करने के प्रयास किए गए हैं। इसी के खिलाफ, मनरेगा बचाओ आंदोलन शुरू किया गया है, जिसका उद्देश्य इस कानून को मजबूत करना और इसके लाभों को बढ़ाना है। मनरेगा के तहत, ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को 100 दिनों का रोजगार प्रदान किया जाता है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होता है। इसके अलावा, इस कानून के तहत, ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्य भी किए जाते हैं, जैसे कि सड़क निर्माण, जल संरक्षण, और वनस्पति रोपण। मनरेगा बचाओ आंदोलन के मुख्य लक्ष्य हैं कि मनरेगा के बजट में कटौती को रोकना, मनरेगा के लाभों को बढ़ाना, ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की गारंटी प्रदान करना, ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्य को बढ़ावा देना मनरेगा बचाओ




आंदोलन एक महत्वपूर्ण आंदोलन है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की गारंटी प्रदान करना और विकास कार्य को बढ़ावा देना है। जिसमें कार्यक्रम का संचालन राबर्ट्सगंज ब्लाक अध्यक्ष अमरेश देव पांडेय ने किया, पुर्व अध्यक्ष श्री रमेश देव पाण्डेय, कन्हैया पाण्डेय, कमलेश ओझा, आशुतोष दुबे, जितेंद्र कुमार पासवान, विनोद तिवारी, अशोक कुमार यादव, राजीव कुमार, त्रिपाठी, रामेश्वर यादव, दयाशंकर पाण्डेय, राजबली पाण्डेय, लल्लू राम पाण्डेय, रामविलास पनिका, आशिष कुमार सिंह, श्री कांत मिश्रा, अर्जुन खरवार,शीतला सिंह आदि ने सम्बोधित किया कार्यक्रम में ओमकार नाथ मिश्रा, नंद किशोर देव पाण्डेय, राजा हरिजन, शिव भोला बिन्द विजय शंकर शर्मा, निजामुद्दीन, मोहम्मद हयात आजम, राम केवल चंद्र बंशी, वेचू विश्वकर्मा, प्रदीप, उर्मिला, भूवरी जैसवाल, राजू जयसवाल, कल्लू कनौजिया, रवि कनौजिया, रामविलास, राम-लखन, उपेंद्र विंद, पप्पू विंद नितिश कुमार यादव मनोरथ देव, सिकंदर, कृपा शंकर तिवारी, अवनीश सिंह, नितेश कुमार, जूल रहमान डाक्टर दिनेश चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट का किया औचक निरीक्षण

## पत्रावलियों के रख-रखाव में लापरवाही क्षम्य नहीं, सफा-सफाई की जिम्मेदारी अपने-अपने विभागों के कार्यालयाध्यक्ष करें।

**जिला संवाददाता विजय शंकर पांडेय/ समाज जागरण**



सोनभद्र। आज जिलाधिकारी बी.एन. सिंह ने कलेक्ट्रेट के विभिन्न अनुभागों एवं विभागीय कार्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पत्रावलियों के अस्त-व्यस्त रख-रखाव और स्वच्छता के प्रति उदासीनता पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की और संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाओं को सुधार के लिए निर्देशित किया, जिलाधिकारी श्री सिंह कलेक्ट्रेट के विभिन्न कक्षों मीटिंग हाल, न्याय सहायक अनुभाग, सामान्य कार्यालय, पासपोर्ट अनुभाग, राजस्व सहायक अनुभाग, ई.आर.के./आंग्ल अनुभाग , स्थानीय निकाय अनुभाग, रिकॉर्ड रूम, मुख्य राजस्व अनुभाग, नजारत अनुभाग का बारीकी से जायजा लिया। जिलाधिकारी ने प्रत्येक पटल पर जाकर वहां लंबित कार्यों की प्रगति जानी और कर्मचारियों से पत्रावलियों की स्थिति के बारे में पूछताछ किये, निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने देखा कि अनुभागों में पुरानी फाइलें और महत्वपूर्ण पत्रावलियां उचित ढंग और सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिये, उन्होंने कहा कि पत्रावलियों का प्रबंधन इस प्रकार होना चाहिए कि आवश्यकता पड़ने पर उन्हें खोजने में समय नष्ट न हो और कोई भी नये कर्मचारी भी खोज सकें। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि कार्यालय के कार्यों का संपादन कराना संबंधित विभागीय अधिकारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है, अधिकारी अपने कार्यों को पूरी तरह अधीनस्थों के सहारे न छोड़, उन्होंने निर्देश दिए कि अधिकारी स्वयं विभागीय आदेशों और नियमों का भली-भांति अध्ययन करें और अपने मार्गदर्शन में ही पत्रावलियों की कार्यवाही सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर पाई गई त्रुटि के लिए संबंधित अधिकारी जिम्मेदार होंगे। कलेक्ट्रेट परिसर की सुंदरता और सफाई को लेकर जिलाधिकारी ने विशेष निर्देश दिए उन्होंने कहा कि कार्यालय कक्षों के साथ-साथ पूरे परिसर में स्वच्छता बनी रहनी चाहिए। उन्होंने सभी कार्यालयाध्यक्षों को अपने-अपने अनुभागों में सफाई व्यवस्था की नियमित निगरानी करने को कहा। उन्होंने ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर को भी तकनीकी व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मौके पर उपस्थित अपर जिला धिकारी (वि0/रा0) श्री वागीश कुमार शुक्ला, अपर जिला धिकारी (न्यायिक) रमेश कुमार, प्रशासनिक अधिकारी श्री रामलाल यादव, वरिष्ठ कोषाधिकारी इंद्रभान सिंह, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर दिव्यतोष मिश्रा, कलेक्ट्रेट नाजिर बाबू लाल सहित कलेक्ट्रेट के अन्य वरिष्ठ कर्मचारी एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

# विकास खण्ड सेवापुरी के न्याय पंचायत देईपुर में लगा शिक्षा चौपाल

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**



रामेश्वर वाराणसी।। बेसिक शिक्षा को जन सामान्य से जोड़ने के उद्देश्य लिए हुए सेवापुरी विकासखंड के न्याय पंचायत देईपुर के कंपोजिट विद्यालय देई पुर में न्याय पंचायत स्तरीय एक शिक्षा चौपाल का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि प्रीतम शुक्ला जिला भाजपा नेता और विशिष्ट अतिथि अमन सिंह जिला पंचायत सदस्य एवं खंड शिक्षा अधिकारी सेवापुरी संजय कुमार यादव शामिल हुए। अतिथियों का नोडल शिक्षक संकुल संतोष मिश्रा के प्रधानाध्यापक ने अंग वस्त्र से आच्छादित कर स्वागत व अभिनंदन किया। इसके उद्घाटन को करते हुए मुख्य अतिथि प्रीतम शुक्ला ने यह बताया कि शिक्षा एक अनमोल धन है इसे बच्चों को हासिल करने के लिए हम सभी को सामूहिक प्रयास करना चाहिए दूसरी ओर विशिष्ट अतिथि संजय कुमार यादव ने यह बताया कि विद्यालयों की स्थिति पुराने समय से काफी बदला है और बच्चे उत्साह पूर्वक अध्ययन कर रहे हैं आप सभी इन्हें पढने -लिखने में सहयोग कर एक निपुण छात्र बनाएं।अमन सिंह ने कहा सरकार का मुख्य उद्देश्य है सबको शिक्षा मिले जिसे हम सभी को एक जुट हो कर पूरा करना चाहिए जिससे सभी बच्चे शिक्षित हो पाए।कार्यक्रम के प्रारंभ में नोडल शिक्षक संकुल ने सभी आए हुए अतिथियों का स्वागत किया और अपने न्याय पंचायत में विद्यालयों के स्तर पर चल रही विभागीय योजनाओं एवं शैक्षिक कार्यक्रम से अवगत कराया। प्रधानाध्यापक भी अपने विद्यालय में इन योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में अभिभावकों की इस चौपाल में विस्तार से चर्चा किया इस अवसर पर न्याय पंचायत बदेईपुर के चयनित विद्यालयों के बच्चों को निपुण प्रमाण पत्र एवं अभिभावकों को शॉल माला पहनाकर सम्मानित किया गया इस अवसर पर संतोष सिंह अध्यक्ष पूर्व माध्यमिक शिक्षा संघ,आशुतोष सिंह सहित अभिभावक उपस्थित रहे,साथ ही न्याय पंचायत से समस्त प्रधानाध्यापक भी उपस्थित रहे।

# ऑयलर मोटर्स ने वाराणसी में अपनी नई डीलरशिप के साथ उत्तर प्रदेश में अपनी उपस्थिति मजबूत की

**समाज जागरण अनिल कुमार**





हरहुआ वाराणसी।इलेक्ट्रिक कमर्शियल वाहन क्षेत्र की अग्रणी कंपनी ऑयलर मोटर्स ने कृष्णा ऑयलर के साथ साझेदारी में वाराणसी में अपनी नई डीलरशिप खोली है। एयरपोर्ट रोड स्थित सराय काजी में यह डीलरशिप भारत भर में कंपनी की 64वीं डीलरशिप है। यह उत्तर भारत में कंपनी के निरंतर विस्तार और कमर्शियल सेगमेंट में ईवी (इलेक्ट्रिक व्हीकल) अपनाने की गति को तेज करने की इसकी प्रतिबद्धता को दशार्ती है। इस लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, सौरव कुमार, फाउंडर और सीईओ, ऑयलर मोटर्स ने कहा, "हम वाराणसी में अपनी नई डीलरशिप खोलकर उत्साहित हैं, जो उत्तर प्रदेश में हमारी उपस्थिति को और मजबूत करती है। हमारा लक्ष्य उत्तरी यूपी में अपने ग्राहकों तक अपने इलेक्ट्रिक कमर्शियल वाहनों का पूरा पोर्टफोलियो लाने पर है, जिसे मजबूत आफ्टर-सेल्स इंफ्रास्ट्रक्चर और प्रशिक्षित सर्विस टीमों का समर्थन प्राप्त है। जैसे-जैसे हम प्रमुख विकास बाजारों में विस्तार कर रहे हैं, हमारी प्राथमिकता उच्च अपटाइम और दीर्घकालिक परिचालन दक्षता के लिए इंजीनियर किए गए वाहन प्रदान करना बनी हुई है। यह डीलरशिप एक मजबूत क्षेत्रीय नेटवर्क बनाने की दिशा में एक और कदम है जो व्यवसायों को आत्मविश्वास के साथ इलेक्ट्रिक मोबिलिटी अपनाने में सक्षम बनाता है।"डीलरशिप में प्रशिक्षित तकनीशियनों के साथ एक अत्याधुनिक सर्विस सेंटर शामिल है, जो फ्लीट ऑपरेटरों के लिए कम से कम टर्नअराउंड समय और अधिकतम अपटाइम सुनिश्चित करता है। ग्राहक टेस्ट ड्राइव शेड्यूल कर सकते हैं, लाइव प्रदर्शन देख सकते हैं और कंपनी के वित्तीय भागीदारों के बढ़ते नेटवर्क के माध्यम से फाइनेंसिंग और लीजिंग समाधान प्राप्त कर सकते हैं। आफ्टर-सेल्स सपोर्ट और स्पेयर पार्ट्स की त्वरित उपलब्धता पर ध्यान केंद्रित करते हुए, ऑयलर मोटर्स कमर्शियल ऑपरेटरों के लिए सहज स्वामित्व का अनुभव प्रदान करती है।अगले 12 महीनों में, कंपनी की योजना लगभग 60 शहरों में 80 शोरूम की वर्तमान उपस्थिति से विस्तार कर इस वित्तीय वर्ष के अंत तक 100 शहरों तक पहुँचने की है।

उत्तर प्रदेश में वर्ष 2025 तक कुल 14.7 लाख से अधिक ईवी पंजीकरण दर्ज किए गए हैं, जो भारत में सबसे अधिक है और देश के कुल ईवी पंजीकरण का 18.45% है। इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर इस विकास की रीढ़ हैं, जो राज्य के कुल ईवी पंजीकरण में लगभग 79% का योगदान देते हैं, जिसमें 72.69% पैसेंजर थ्री-व्हीलर और 6.16% कार्गो थ्री-व्हीलर शामिल हैं। इस मजबूत विकास को राज्य की 'इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माण एवं गतिशीलता नीति 2022' का समर्थन मिला है, जो सड़क कर और पंजीकरण शुल्क में छूट के साथ-साथ चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर सहायता प्रदान करती है। वाराणसी जैसे शहरों में, जहाँ शहर के भीतर व्यापार और वितरण गतिविधियाँ मजबूत हैं, इलेक्ट्रिक कमर्शियल वाहनों को लागत प्रभावी मोबिलिटी समाधान के रूप में तेजी से अपनाया जा रहा है। यह नई डीलरशिप रणनीतिक रूप से स्थानीय फ्लीट ऑपरेटरों, छोटे व्यवसायों और लॉजिस्टिक्स भागीदारों की मदद करने के लिए तैयार है जो भरोसेमंद इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की तलाश में हैं।

यह डीलरशिप ऑयलर मोटर्स के पैसेंजर और कमर्शियल इलेक्ट्रिक वाहनों के पूरे पोर्टफोलियो की पेशकश करेगी। इसमें हाईलोड ईवी (HiLoad EV), जो एक थ्री-व्हीलर कार्गो वाहन है, और स्टॉर्म ईवी (StormEV), भारत का पहला चार पहियों वाला एससीवी (Small Commercial Vehicle), जो एडीएएस (ADAS) तकनीक से लैस है शामिल है। स्टॉर्म ईवी (StormEV) इंटरसिटी और इंट्रासिटी दोनों प्रकार के लॉजिस्टिक्स संचालन में सुरक्षा और दक्षता को बदलने के उद्देश्य से बनाया गया है। शोरूम में हाल ही में लॉन्च किया गया टर्बो ईवी 1000 (Turbo EV 1000) भी प्रदर्शित किया जाएगा, जो दुनिया का सबसे किफायती 1-टन इलेक्ट्रिक कमर्शियल वाहन है। इसके साथ ही नियो मोबिलिटी (Neo Mobility) ब्रांड के तहत नियो हाईरेंज (Neo HiRange) और नियो हाईसिटी (Neo HiCity) को भी प्रदर्शित किया जाएगा, जो ड्राइवर की कमाई बढ़ाने, कम परिचालन लागत और ऑटो-रिक्शा सेगमेंट के लिए बेहतर सवारी आराम के लिए बनाए गए उद्देश्य-आधारित इलेक्ट्रिक पैसेंजर थ्री-व्हीलर हैं।

# बिना निर्धारित लक्ष्य के जीवन मे सफलता सम्भव नहीं:चंदन पांडेय

## - कक्षा 12 वीं के छात्राओं की भावभीनी विदाई

**समाज जागरण अनिल कुमार**



हरहुआ वाराणसी । स्थानीय राजेश्वरी बालिका इंटर कॉलेज के सभागार में बोर्ड परीक्षा में शामिल होने जा रही कक्षा 12 वीं की छात्राओं के सम्मान में नवमंगल कामना विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि चंदन पांडेय और कल्पना यादव, डॉ0 कुमुद सिंह के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

उक्त समारोह में सरस्वती वंदना ,स्वागत गान ,नारी शक्ति एकांकी, विदाई गीत , दक्षिण भारतीय गीत , होली गीत का छात्राओं ने मोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि चंदन पांडेय ने कहा कि जीवन में लक्ष्य निश्चित होना चाहिए ' बिना लक्ष्य के किसी भी चीज की प्राप्ति संभव नहीं है। डा0 कुमुद सिंह ने कहा कि आज के बच्चों को मोबाइल से दूरी बनाकर पुस्तकों से प्रेम रखना चाहिए साथ ही बालिका सशक्तिकरण पर जोर दिया।

विशिष्ट अतिथि कल्पना यादव ने कहा कि बालिकाओं को स्वालंबन की दिशा में बढ़कर समाज का मार्ग दर्शन करना चाहिए।

वरिष्ठ पत्रकार के0 एल0 पथिक ने कहा कि आज सरोजिनी नायडू की जयंती 'राष्ट्रीय महिला दिवस' पर बालिकाओं व महिलाओं के शिक्षा, समानता, अधिकार,सुरक्षा और आत्मनिर्भरता की आवाज बन छात्राएं अपने नैतिक दायित्वों के प्रति सजग बन समाज,परिवार ,प्रियजनों के प्रति प्रेरणास्त्रोत बनें ताकि कल गर्व से गार्गी, अपाला ,सीता, सावित्री ,रानी लक्ष्मीबाई,कल्पना चावला समेत आदर्श नारियों के श्रेणी को सम्मानित कर सकें।

प्रबंधक कौशलेंद्र नारायण सिंह ने कहा कि बच्चे आंतरिक रूप से प्रेरित होकर शिक्षा की तरफ मजबूती से बढ़े क्योंकि शिक्षा वह धन है जो खर्च करने पर भी बढ़ती है। उपव्यवस्थापिका डॉ0 सीमा राय ने कहा कि बालिकाओं को अपने ज्ञान के शैक्षिक भविष्य को अधिक से अधिक बेहतर बनाना चाहिए ' कार्यक्रम में नारी शक्ति के सफल मंचन पर अशोक सिंह को सम्मानित किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि को अंगवस्त्रम भेंट किया गया ' कार्यक्रम का संचालन रचना दुबे, मानवी गुप्ता और संस्कृति गुप्ता के संयुक्त रूप से किया गया। आभार ज्ञापन डॉ0 सीमा राय द्वारा किया गया।

# झांझूपुर (व्यासपुर)में वनविभाग के बिना अनुमति काटे गये शीशम व सागौन के हरे पेड़

**समाज जागरण अनिल कुमार**



हरहुआ वाराणसी। झांझूपुर (व्यासपुर)में गांव सभा की जमीन पर लगे शीशम एवं सागौन के दो हरे पेड़ वन विभाग की अनुमति लिए बिना ही काट दिये गये।सूचना पाकर वन विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारी अरविन्द कुमार मौके पहुंचा।दोनों पेड़ काटकर शुक्रवार को ही जमीन पर बोटा बनाकर रखा गया था।पेड़ काटने के बारे में वनकर्मी ने फोन से ग्रामप्रधान सुरेन्द्र से पूछा तो ग्रामप्रधान द्वारा पेड़ कटवाने की जानकारी नहीं होने की बात कही।वनकर्मी ने ग्रामप्रधान को मौके पर बुलाया तो आने में समय लगने की बात कही।इंतजार करने के बाद भी ग्रामप्रधान मौके पर नहीं आये। ग्रामप्रधान नेयह भी कहा कि कुछ दिन पूर्व बीडीओ चिरईगांव, लेखपाल, सचिव संग आये थे।यहीं पर अन्नपूर्णा भवन बनवाने हेतु जमीन चिन्हित की गयी थी।पेड़ कौन कटवाया यह मेरी जानकारी में नहीं है।वहीं वनकर्मी अरविन्द कुमार का कहना है कि मैं मौके पर गया था।वहां पर एक सागौन और एक शीशम का हरा पेड़ मशीन से जड़ से उखाड़ कर बोटा बनाया गया है। ग्रामप्रधान बुलाने पर भी नहीं आये।

# समूह से जुड़ी महिलाओं की किया गया सम्मानित

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शुक्रवार को जन कवि धूमिल स्मारक पुस्तकालय खेवली पर महिला सम्मान सामारोह का उपयोग किया गया। इस अवसर पर समूह की महिलाओं,आशा कार्यकर्ता तथा समाजसेवा से जूडी क्षेत्र की महिलाओं को प्रगति पथ फाउंडेशन व परोपकार फाउंडेशन के द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण प्रेमी मनीष पटेल ने महिलाओं के संघर्षों पर चर्चा की, समाजसेवी बृजेश कुमार ने महिलाओं के अधिकारों पर चर्चा की। समाजसेवी प्रेमा देवी ने महिलाओं को प्रेरणास्त्रोत गीत सुनकर जागरूक किया। समूह की सुनीता देवी ने महिलाओं को आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर पुष्पा देवी, प्रियंका, संगीता, गायत्री,सोनी आदि लोग उपस्थित थी। इस कार्यक्रम को संपन्न कराने हेतु अन्य संगठनों का विशेष सहयोग रहा।



# किसान मेले में जुटे सैकड़ों किसान, ली अच्छी उपज की जानकारी

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

मिर्जापुर।। नमामि गंगे योजना से जुड़े बायोसर्ट इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड द्वारा सीखड़ विकासखंड के बसारतपुर गांव में जैविक किसान मेले का आयोजित किया गया। जैविक कृषि मेला में किसानों से जैविक खेती करने का आह्वान किया गया।विशेषज्ञ मास्टर ट्रेनर योगेंद्र कुमार सिंह ने कम लागत में अधिक उत्पादन के तौर-तरीके बताए। रासायनिक उर्वरक और कीटनाशकों के अंधाधुंध प्रयोग से उपजाऊ भूमि बदलते स्वभाव एवं लगातार हो रही कार्बन की कमी को लेकर किसानों को आगाह किया। किसानों से पशुपालन कर पशुओं के गोबर से तैयार खाद का प्रयोग करने की अपील किया। किसानों को जैविक विधि से टमाटर,मिर्च,गोभी इत्यादि की हाईटेक नर्सरी डालने की विधि बताई गई। डॉ सुरेश ने किसानों को प्रकृति में जो भी उपलब्ध है , उसका समावेश करके खेती में प्रयोग कर अपनी उपज को बढ़ाने के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन कौशल सिंह ने किया। कार्यक्रम में सचिनदेव सिंह, आनंद सिंह, गुलाब सिंह, मनीष सिंह, ओमकार सिंह, रुद्रप्रताप सिंह, निखिल सिंह सहित सैकड़ों किसानो ने मेले में आ कर कृषि संबंधित जानकारी ली।

# सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल में "पुलिस की पाठशाला" कार्यक्रम का सफल आयोजन

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर**
**दैनिक समाज जागरण**





साइबर अपराध और आम जनता से जुड़े सुरक्षा मुद्दों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पुलिस की पाठशाला कार्यक्रम का आयोजन अमर उजाला द्वारा सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल बोरसिया गाजीपुर में किया गया। यह कार्यक्रम गाजीपुर के विद्यार्थियों और आम नागरिकों के लिए अत्यंत उपयोगी रहा।

कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में टीएसपी गाजीपुर राकेश कुमार मिश्रा,स्कूल की प्रबंधक डॉ प्रीति सिंह, सत्यदेव ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के काउंसलर दिग्विजय उपाध्याय, स्कूल के प्रधानाचार्य चन्द्रसेन तिवारी, सत्यदेव नर्सिंग एवं पैरामेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य राजकुमार त्यागी आदि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में स्कूल के विद्यार्थियों ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का भव्य स्वागत किया। इसके बाद प्रबंधक डॉ प्रीति सिंह ने अपने स्वागत भाषण में सभी अतिथियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों और समाज दोनों के लिए बेहद आवश्यक हैं, क्योंकि आज के डिजिटल युग में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं।

सिटी एसपी राकेश कुमार मिश्रा ने अपने संबोधन में साइबर अपराधों से बचाव, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, ऑनलाइन फ्रॉड से बचने के तरीके, और दैनिक जीवन में अपनाई जाने वाली सुरक्षा सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि किसी भी संदिग्ध कॉल, लिंक या मैसेज पर तुरंत प्रतिक्रिया न दें और जरूरत पड़ने पर पुलिस से संपर्क करें। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस और जनता का सहयोग समाज को सुरक्षित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने साइबर सुरक्षा और पुलिस कार्यप्रणाली से जुड़े कई प्रश्न पूछे, जिनका सिटी एसपी ने सरल और स्पष्ट भाषा में उत्तर दिया। इससे विद्यार्थियों में जागरूकता और आत्मविश्वास दोनों बढ़े।

**अंत में प्रधानाचार्य**

चन्द्रसेन तिवारी कानून का सम्मान करने के लिए सभी अतिथि गण समेत विद्यार्थियों को शपथ दिलाई तत्पश्चात उन्होंने सभी अतिथियों, आयोजकों और विद्यार्थियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम के सफल समापन की घोषणा की। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों और समाज के लिए ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुआ। उक्त अवसर पर आवेश कुमार, श्रेया सिंह, अभिमन्यु यादव, विशेश्वर तिवारी, भानु प्रताप सिंह, पूजा राय, अंकिता राय, भोली त्रिपाठी, अंकित मिश्रा समेत सभी शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी गण उपस्थित थे।

# सत्तनपुर में चकबंदी कैंप का हुआ आयोजन

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। सेवापुरी क्षेत्र के सत्तनपुर गांव में चकबंदी विभाग द्वारा आयोजित कैंप में शुक्रवार को एडीएम सप्लाई अमित भारती पहुंचे। उन्होंने मौजूद किसानों से वार्ता कर उनकी समस्याएं सुनीं और निष्पक्ष समाधान का आश्वासन दिया। एडीएम भारती ने बताया कि इस कैंप के जरिए अब तक लगभग 200 आपत्तियों का निस्तारण किया जा चुका है। उन्होंने यह भी कहा कि लगातार नई आपत्तियां मिल रही हैं, जिनका प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जा रहा है। आवश्यकता पड़ने पर कैंप की अवधि बढ़ाई जा सकती है।



एडीएम ने आकार पत्र-23 से संबंधित आपत्तियों के त्वरित समाधान का भी आश्वासन दिया। हालांकि, किसानों ने चल रही चकबंदी प्रक्रिया में अनियमितता और पक्षपात के आरोप लगाए हैं। इसे लेकर किसानों में असंतोष देखा गया। इस दौरान शिशु त्रिपाठी, चंदन कुमार, सभाजीत, भुईधरराम, धनपत, राजपति, लालमन शिरोमण, शंकर, धीरज त्रिपाठी, सुगना देवी, लालमनी, चंपा देवी, शिवकुमार सहित सैकड़ों किसान मौजूद थे।

# स्कूली बच्चों ने चुनी अपनी सरकार: विद्यालय में 'बाल संसद' चुनाव संपन्न

**समाज जागरण**
**ओंकार नाथ चौधरी**



जनपद बहराइच देहात संस्था द्वारा आयोजित आज विकास खंड चित्तौरा अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय उन्नैसा में 'बाल संसद' के चुनाव बड़े ही उत्साह और लोकतांत्रिक तरीके से संपन्न कराया गया। इस गतिविधि का मुख्य उद्देश्य छात्रों में नेतृत्व क्षमता विकसित करना और उन्हें देश की लोकतांत्रिक चुनाव प्रक्रिया से परिचित कराना रहा।

चुनाव की प्रक्रिया बिल्कुल आम चुनावों की तरह रही। मतदान प्रक्रिया को कक्षा [6] से [8] तक के छात्रों ने गुप्त मतदान के जरिए अपने पसंदीदा प्रतिनिधियों को चुना। मतदान के तुरंत बाद शिक्षकों की देखरेख में मतगणना हुई और परिणामों की घोषणा कराई गई।

प्रधानमंत्री: विवेक
उपप्रधानमंत्री : रूपाली
सूचना मंत्री : टिंकू
खेल मंत्री : अंकिता
स्वास्थ्य मंत्री: आस्था
रक्षा मंत्री: अंकिता
शिक्षा मंत्री: रविशंकर

विद्यालय की अध्यापिकाओं ने नवनिर्वाचित सदस्यों को बधाई देते हुए कहा, "बाल संसद केवल एक खेल नहीं है, बल्कि यह बच्चों को जिम्मेदारी लेने, अनुशासन बनाए रखने और सामूहिक निर्णय लेने की सीख देता है।" नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री ने वादा किया कि वे स्कूल की सफाई और खेल गतिविधियों को बेहतर बनाने के लिए जी-जान से काम करेंगे।

कार्यक्रम को सफल बनाने में निर्वाचन टीम त्रिवेणी,कामिनी सिंह, मैनावती,शेषराज वर्मा,शबीना व देहात टीम से अमरेश कुमार सहित विद्यालय के बच्चे मौजूद रहे ।

# परिवार नियोजन के तहत 43 महिलाओ ने कराया बंधयाकरण

**समाज जागरण**

मीरजापुर /हलिया क्षेत्र के उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को परिवार नियोजन के तहत बंधयाकरण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें महिलाओ ने अपने क्षेत्र के आशा कार्यकर्त्ताओ के माध्यम से बंन्ध्याकरण कराने के लिए पंजीकरण कराया शिविर में कुल 44 महिलाओ ने परिवार नियोजन के लिए बंधयाकरण के लिए उपस्थित हुई जिला मुख्यालय से आये सर्जन संतलाल ने महिलाओ का बंधयाकरण कराया है शिविर में महिलाओ के सापेक्ष कुल 43 महिलाओ का बंधयाकरण किया है 1 महिला बंधयाकरण के योग्य नही पाई गई है इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया की परिवार नियोजन के तहत शिविर में कुल 44 महिलाओ ने पंजीकरण कराया था कुल 43 महिलाओ का बंन्ध्याकरण सर्जन द्वारा किया गया है इस दौरान सहयोग में एआरओ संतोष कुमार,एलटी अनिल पटेल, अखिलेश तिवारी आदि मौजूद रहे

# श्रावस्ती में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता रथ रवाना

**समाज जागरण**
**ओंकार नाथ चौधरी**



जनपद श्रावस्ती के विकास खंड हरिहरपुर रानी में 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 13 फरवरी 2026 को देहात इंडिया संस्था के तत्वाधान में जागरूकता रथ का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक मुख्यालय हरिहरपुर रानी में किया गया, जहाँ प्रभारी खंड विकास अधिकारी श्री हरिओम मिश्रा तथा ग्राम प्रधान भंगहा श्री संजय कुमार पांडेय ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रथ को रवाना किया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी,पंचायत प्रतिनिधि एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बाल विवाह के दुष्परिणामों, बाल अधिकारों, शिक्षा के महत्व तथा सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि बाल विवाह न केवल बच्चों के भविष्य को प्रभावित करता है, बल्कि समाज के समग्र विकास में भी बाधा उत्पन्न करता है।

जागरूकता रथ ब्लॉक मुख्यालय से रवाना होकर विभिन्न ग्राम पंचायतों कोकल माटखनवा शिवगढ़ कला असरफ नगर रसूलपुर टिकुईया आदि में पहुँचा, जहाँ , पोस्टर, पंपलेट वितरण और जनसंवाद के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। रथ के माध्यम से ग्रामीणों को यह संदेश दिया गया कि 18 वर्ष से कम आयु की बालिका एवं 21 वर्ष से कम आयु के बालक का विवाह कानूनन अपराध है। साथ ही, बाल विवाह की सूचना संबंधित अधिकारियों या चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर देने की अपील भी की गई।

देहात इंडिया संस्था के प्रतिनिधि मोहम्मद युसुफ जी वा हंसराम जी ने बताया कि यह अभियान 100 दिनों तक सतत रूप से चलाया जाएगा, जिसमें स्कूलों, ग्राम पंचायतों एवं सामुदायिक स्थलों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान का उद्देश्य समाज को बाल विवाह जैसी कुप्रथा से मुक्त कर बच्चों को सुरक्षित, शिक्षित और सशक्त भविष्य प्रदान करना है।

कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने बाल विवाह न करने और न होने देने का संकल्प लिया। यह पहल जनपद को बाल विवाह मुक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# ग्राम स्तरीय बाल संरक्षण समिति की बैठक का आयोजन किया गया

**समाज जागरण**
**ओंकार नाथ चौधरी**




जनपद बलरामपुर देहात इंडिया के तत्वाधान मे ब्लॉक बलरामपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत बराव में पंचायत भवन में ग्राम स्तरीय बाल संरक्षण समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

जिसमे बच्चों से जुड़े मुद्दों बाल संरक्षण, सरकारी योजनाओं,चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 नंबर की जानकारी,ड्रॉप आउट बच्चों की स्थिति एवं शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने हेतु विषय पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई।

देहात संस्था के प्रोग्राम एसोसिएट विशाल उनियाल ने बताया कि इस बैठक का मूल उद्देश्य सभी हितधारकों को एक मंच पर एकत्रित होकर बाल विवाह,बालश्रम एवं मानव तस्करी,साइबर अपराध से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करना है तथा निराकरण भी निकलना है।

हमें ऐसे बालहित समाज का निर्माण करना है जिसमे बच्चों के अधिकार सुनिश्चित हो पाए और बच्चा जिम्मेदार नागरिक बने।

तत्पश्चात हितधारकों द्वारा संवाद स्थापित करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

देहात संस्था से विशाल उनियाल पंचायत सहायक मैना गौतम आशा सुधा वर्मा,अनुराधा श्रीवास्तव, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी रेनू चौधरी, ग्रामवासी, अभिभावक, बच्चे महिलाएं,आदि उपस्थित रहे !

# बरौंधा में ई डी की टीम ने की छापेमारी नौ घंटे तक चली कार्रवाई से स्थानीय लोगों में मचा हड़कंप

**समाज जागरण**

मीरजापुर /लालगंज थाना क्षेत्र के बरौंधा बाजार और हथियाबाद में शुक्रवार को नई दिल्ली से आई ई डी टीम के पहुंचने पर स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। ईडी टीम की नौ घंटे तक चली कार्रवाई के दौरान टीम ने स्थानीय इंडियन बैंक में आरोपित के खातों और संपत्तियों की गहन जांच परख की। जानकारी के अनुसार ई डी की टीम ने बरौंधा बाजार निवासी राम बिलास उर्फ बनारसी गुप्ता के यहां शुक्रवार की अलसुबह दबिश देकर चारों तरफ से घेराबंदी में ले लिया।इसी तरह ई डी की टीम ने बरौंधा चौकी क्षेत्र के हथियाबाद गांव निवासी अब्दुल बारी के मकान को अभेद्य सुरक्षा के घेरे में ले लिया गया। ई डी टीम द्वारा आरोपियों की संपत्तियों और उनके खातों को खंगाला गया। क्षेत्र में चर्चा है कि राम बिलास उर्फ बनारसी गांजा का थोक व्यवसाई है। आज के तीन वर्ष पूर्व छत्तीसगढ़ में आरोपी राम बिलास का दस क्विंटल गांजा बरामद किया गया था। ई डी के आने की सूचना पर लालगंज इंस्पेक्टर अभय कुमार सिंह फोर्स के पहुंचकर बाजार में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। क्षेत्र में शांति सुरक्षा व्यवस्था के तहत चौकी इंचार्ज बरौंधा संजय कुमार को दिशा-निर्देश दिया।

# मध्य प्रदेश पटवारी संघ भोपाल शाखा अनूपपुर के पटवारियों द्वारा कलमबंद हड़ताल

**समाज जागरण अनूपपुर।**
मध्य प्रदेश पटवारी संघ भोपाल शाखा अनूपपुर के अंतर्गत कार्यरत पटवारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर कलमबंद (कार्य बहिष्कार) हड़ताल शुरू कर दी है। पटवारियों ने आरोप लगाया है कि उन्हें समय पर वेतन नहीं दिया जा रहा है तथा कई मामलों में वेतन रोके जाने की कार्रवाई की जा रही है, जिससे कर्मचारियों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।




तहसील कार्यालय के अंदर जाकर हड़ताल स्थल पर पटवारी संघ के अध्यक्ष से बात की उन्होंने बताया कि हमारी जो सबसे बड़ी समस्या है वह प्रशासन से यह है कि हमारे ऊपर कई ऐसे झूठे आरोप लगाए जाते हैं जिसमें हम परेशान होते हैं और हमारी कार्यक्षमता भी प्रभावित होती है कई ऐसे जमीनी मामले रहते हैं जिसमें जमीन मालिक द्वारा हमारे ऊपर दबाव बनाया जाता है कि हम उनके कहे अनुसार कार्य करें यदि हम उस कार्य को नहीं करते हैं जो नियम विरुद्ध होता है तो अनैतिक ही हमारी शिकायत जिला प्रशासन पर की जाती है और उस शिकायत की एवज में कई पटवारी के ऊपर कार्रवाई की जाती है जिससे हमारी मांग है कि उसे अपात्र घोषित करें

दूसरी मांग हमारी है कि SIR से संबंधित नाम जोड़ने एवं काटने की प्रक्रिया चल रही थी उसमें हमारी ड्यूटी लगाई गई ड्यूटी लगाने के बाद दिन-रात कार्य लिया गया लेकिन भुगतान की बात आते ही हमारा जनवरी माह का वेतन रोक दिया गया जिससे पटवारीयों के ऊपर घर चलाने का संकट खड़ा हो गया महीने की इनकम से ही उनका घर परिवार चलता है बच्चों की फीस दी जाती है यहां तक की कई ऐसे पटवारी हैं जिनके ऊपर लोन इत्यादि भी हैं वह भी प्रभावित हो रहा है इसलिए जनवरी माह के वेतन को भी जिला प्रशासन से अपील करते हैं कि वह रिलीज करें

तीसरी मांग हमारी हमारे कार्य करने के टाइम टेबल पर है पटवारी कितने बजे से कितने बजे तक कार्य करेगा यह निर्धारित करें क्योंकि पटवारी के कार्य करने का समय सीमा निर्धारित नहीं की जाती है जिससे उनको सुबह से लेकर शाम तक तो कार्य करना ही है इसके अलावा रात में भी काम करना पड़ जाता है लेकिन उनके अतिरिक्त काम के एवज में कोई भी वेतन या भुगतान नहीं दिया जाता है और भी कुछ छोटी छोटी मांगे हैं जो हम प्रशासन से कर रहे हैं हमारी मांग है कि जिला प्रशासन हमारी मांगों को पूरी करें यदि वह मांगों को पूरी नहीं करता तो हम ऐसे ही अनिश्चितकालीन हड़ताल के लिए जाएंगेपटवारियों का कहना है कि नियमित रूप से कार्य संपादन के बावजूद वेतन में अनिश्चितता बनी हुई है। साथ ही अतिरिक्त कार्यभार दिए जाने के बावजूद उसका समुचित मानदेय/भुगतान नहीं किया जा रहा है। संघ के पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि जब तक वेतन समय पर जारी करने, रोके गए वेतन का भुगतान करने तथा एसएआर के अतिरिक्त कार्य का उचित पारिश्रमिक देने संबंधी मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक अनिश्चित कालीन कलमबंद हड़ताल जारी रहेगी। इस हड़ताल से राजस्व संबंधी कार्यों, नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन एवं अन्य प्रशासनिक प्रक्रियाओं पर प्रभाव पड़ने की संभावना है।

पटवारी संघ ने प्रशासन से शीघ्र सकारात्मक पहल करते हुए समस्याओं का समाधान करने की मांग की है, ताकि आम जनता को होने वाली असुविधा से बचाया जा सके।

# मोहनलालगंज के अधीक्षक डॉ. दिवाकर भारद्वाज को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मान

**विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता**



डॉ. दिवाकर भारद्वाज को उनके उत्कृष्ट कार्य और स्वास्थ्य सेवाओं में बेहतर प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। मोहनलालगंज सीएचसी की रैंकिंग में सुधार और अस्पताल की व्यवस्थाओं को मजबूत बनाने में उनकी अहम भूमिका को देखते हुए यह सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में सीएमओ ने अधीक्षक डॉ. भारद्वाज को प्रशस्ति पत्र देकर उनके प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद अस्पताल प्रशासन द्वारा मरीजों को बेहतर उपचार, साफ-सफाई, दवा उपलब्धता और व्यवस्थाओं में सुधार लाने का सराहनीय कार्य किया गया है। अधीक्षक डॉ. दिवाकर भारद्वाज ने सम्मान के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि पूरी टीम की मेहनत का परिणाम है। अस्पताल का स्टाफ निरंतर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है और आगे भी मरीजों की सुविधा को प्राथमिकता दी जाएगी।स्थानीय लोगों के साथ सीएचसी स्टाफ ने इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए उम्मीद व्यक्त की कि भविष्य में भी मोहन लालगंज सीएचसी की स्वास्थ्य सेवाएं इसी तरह बेहतर होती रहेंगी।

# उपनिबंधक कार्यालय में जेबकतरे सक्रिय नजर आए लोगों से सतर्क रहने और अपने सामान की सुरक्षा स्वयं सुनिश्चित करने की अपील की गई है।

**विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता...**

लखनऊ, मोहनलालगंज स्थित उप निबंधक कार्यालय में शुक्रवार को जेबकतरे सक्रिय नजर आए। रजिस्ट्री कराने पहुंचे एक अधिवक्ता की जेब से सत्रह हजार रुपये चोरी होने का मामला सामने आया है। घटना के बाद तहसील परिसर में हड़कंप मच गया। पीड़ित अधिवक्ता ने पुलिस को लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है।जानकारी के अनुसार, मोहनलालगंज तहसील के अधिवक्ता शिवशंकर शुक्रवार दोपहर करीब साढ़े बारह बजे उपनिबंधक कार्यालय में एक संपत्ति की रजिस्ट्री कराने पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि रजिस्ट्री कार्यालय में उस समय काफी भीड़ थी। इसी दौरान किसी अज्ञात जेबकतरे ने उनकी जेब में रखे कोर्ट फीस के सत्रह हजार रुपये पार कर दिए।रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूरी होने के बाद जब अधिवक्ता कोर्ट फीस जमा करने काउंटर पर पहुंचे और जेब में हाथ डाला तो रुपये गायब देख उनके होश उड़ गए। उन्होंने तत्काल आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। घटना की जानकारी मिलते ही अन्यअधिवक्ताओं में भी नाराजगी देखी गई और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए गए।

पीड़ित अधिवक्ता ने बताया कि तहसील और उपनिबंधक कार्यालय में आए दिन बाहरी लोगों की भीड़ रहती है, जिससे जेबकतरों को मौका मिल जाता है। उन्होंने परिसर में सुरक्षा बढ़ाने और संदिग्ध लोगों की जांच कराने की मांग की है।इस संबंध में इंस्पेक्टर बृजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि अधिवक्ता की ओर से लिखित शिकायत प्राप्त हुई है। मामले की जांच की जा रही है। कार्यालय परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जाएगी और संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

घटना के बाद तहसील परिसर में आने वाले लोगों से सतर्क रहने और अपने सामान की सुरक्षा स्वयं सुनिश्चित करने की अपील की गई है।

# महिला के साथ पड़ोसी द्वारा गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला

**विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता..**

राजधानी लखनऊ के मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के राजा खेड़ा मजरा धनुवासड़ में खेत से घर लौट रही एक महिला के साथ पड़ोसी द्वारा गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता ने थाना में प्रार्थना पत्र देकर आरोपित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की है।प्राप्त जानकारी के अनुसार राजा खेड़ा मजरा धनुवासड़ निवासी ऊषा देवी पत्नी दयानन्द बीते सोमवार को दोपहर में खेत से काम कर अपने घर लौट रही थीं।

आरोप है कि तभी गांव के ही धर्मेन्द्र पुत्र गंगाप्रसाद ने उन्हें रास्ते में रोक लिया और उनके 10 वर्षीय बेटे पर अपने घर से खुरपी चोरी करने का आरोप लगाया।पीड़िता के अनुसार संबंधित खुरपी बाद में विपक्षी के घर से ही बरामद हो गई, जिसका विरोध करने पर आरोपित भड़क गया। आरोप है कि धर्मेन्द्र ने पहले महिला को भद्दी-भद्दी गालियां दीं, फिर ईंट तथा लात-घूंसों से मारपीट कर दी, जिससे उन्हें गंभीर अंदरूनी चोटें आई हैं। साथ ही जान से मार डालने की धमकी भी दी गई।घटना के समय महिला की चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। पीड़िता का कहना है कि यदि ग्रामीण समय पर न पहुंचते तो बड़ी अनहोनी हो सकती थी।इस संबंध में थाना प्रभारी बृजेश त्रिपाठी का कहना है कि महिला की तहरीर प्राप्त हुई है। मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे,उसके आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# मस्जिद की दर्ज भूमि पर रोड-नाली निर्माण का आरोप, एसडीएम के निर्देश पर पुलिस जांच हुई तेज

**थाने में हुई बैठक, नहीं बनी सहमति, आईजीआरएस शिकायत और सीमांकन का दावा**

**कानूनी प्रावधान के तहत कई धाराओं में बन सकता है मामला, मामला धार्मिक तथा कई महत्वपूर्ण विधिक प्रावधानों से है जुड़ा संवेदनशील हुआ मामला,प्रशासन पर टिकीं है लोगों की निगाहें**

**अवधेश कुमार गुप्ता सदर संवाददाता समाज जागरण**

सोनभद्र। करमा विकास खंड की ग्राम पंचायत तकिया में स्थित मस्जिद की दर्ज भूमि (गाटा संख्या 80, खाता संख्या 00487) पर कथित रूप से अवैध कब्जा कर रोड एवं नाली निर्माण कराए जाने का मामला अब प्रशासनिक स्तर पर पहुंच गया है।ग्रामीणों द्वारा दिए गए सामूहिक प्रार्थना पत्र के आधार पर उपजिलाधिकारी राबर्ट्सगंज ने प्रकरण में विधिक कार्रवाई के निर्देश जारी किए हैं,जिसके बाद पुलिस ने दोनों पक्षों को तलब कर वार्ता की, हालांकि समाधान नहीं निकल सका। सामूहिक प्रार्थना पत्र के बाद प्रशासन पूरी तरह से हरकत में आया आ गया है।

ग्राम पंचायत तकिया, पोस्ट सुकृत के दर्जनों ग्रामीणों - लल्लू खान, जुबैर अहमद, गुफरान तौफीक मिर्जा,सैफ, सहाबुद्दीन, मंसूर आलम, गयासुद्दीन, इरफान खान, एजाज, हबीब, हारून बेग, अजहरुद्दीन उर्फ राज खान, तनवीर मिर्जा, मेराज बेग, हकीक मिर्जा,अब्दुल केयूम, एखलाक खान, तनवीर, मुनव्वर अली, मंजूर आलम, सद्दाम खान, शाहनवाज आलम सहित अन्य ने उप जिलाधिकारी को सामूहिक प्रार्थना पत्र सौंपकर आरोप लगाया कि राजस्व अभिलेखों में मस्जिद के नाम दर्ज भूमि पर ग्राम पंचायत द्वारा सरकारी धन से जबरन निर्माण कराया गया है।

प्रार्थना पत्र में कहा गया कि यह निर्माण बिना विधिक प्रक्रिया, बिना सक्षम प्राधिकारी की अनुमति और बिना संबंधित पक्ष/स्थानीय मुस्लिम समाज की सहमति के कराया गया, जिससे धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं और गांव का माहौल तनावपूर्ण हो गया है। दिनांक 10 फरवरी 2026 को उपजिलाधिकारी उत्कर्ष द्विवेदी ने मामले को गंभीर मानते हुए राबर्ट्सगंज थाना प्रभारी को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश भी दिये है।



बताते हैं कि एसडीएम के निर्देश के क्रम में 11 फरवरी 2026 को थाना राबर्ट्सगंज में दोनों पक्षों को बुलाया गया तथा मस्जिद की देखरेख से जुड़े लोगों तथा मामले को प्रमुखता से उठाने वाले इरशाद अहमद की उपस्थिति में वार्ता करायी गयी। इस बाबत गांव के अन्य लोग भी थाने में मौजूद रहे।बैठक के दौरान दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस के साथ ही काफी नोंक-झोंक हुई। आलम यह रहा कि सहमति बनने के बजाय विवाद और बढ़ गया। आरोप है कि तकिया निवासी सरफराज अहमद उर्फ मुन्ना खान ने इरशाद अहमद को देख लेने तक की धमकी देते हुए कोतवाली परिसर से बाहर निकलते समय मारपीट की चेतावनी भी दी हालांकि पुलिस की मौजूदगी में स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया अन्यथा किसी बड़ी अनहोनी घटना घटित होने से कदापि इनकार नहीं किया जा सकता था। थाना प्रभारी ने दोनों पक्षों को आगामी शनिवार को आयोजित थाना दिवस पर पुनः उपस्थित होकर अपने-अपने अभिलेख,खसरा खतौनी, सीमांकन रिपोर्ट आदि प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।ग्रामीणों के अनुसार इस मामले में पूर्व में आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत संख्या 40020 026000033 दर्ज करायी गयी थी।शिकायत के क्रम में संबंधित लेखपाल द्वारा भूमि की नापी, रेखांकन एवं सीमांकन किया गया, जिसमें मस्जिद की भूमि पर अतिक्रमण पाए जाने का दावा किया गया है।ग्रामीणों का कहना है कि यदि सीमांकन में अतिक्रमण स्पष्ट है, तो प्रशासन को राजस्व प्रक्रिया के तहत तत्काल कब्जा मुक्त कराने की कार्रवाई करनी चाहिए।कानूनी प्रावधान के तहत कई धाराओं में मामला बन सकता है। मामला कई महत्वपूर्ण विधिक प्रावधानों से भी जुड़ा हुआ है। उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006,यदि भूमि राजस्व अभिलेखों में धार्मिक /सार्वजनिक संपत्ति के रूप में दर्ज है, तो उस पर अवैध कब्जा हटाने हेतु धारा 67 के तहत कार्रवाई की जा सकती है।अवैध अतिक्रमण की स्थिति में प्रशासन को नोटिस, सुनवाई और आवश्यक होने पर बेदखली का अधिकार प्राप्त है। वक्फ अधिनियम 1995 नियमावली के तहत यदि संबंधित भूमि वक्फ संपत्ति की श्रेणी में आती है तो बिना वक्फ बोर्ड या सक्षम प्राधिकारी की अनुमति उस पर निर्माण/ परिवर्तन अवैध माना जाएगा। अधिनियम की धारा 52 व अन्य प्रावधान अतिक्रमण हटाने एवं संरक्षण से संबंधित हैं।भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) धार्मिक स्थल से छेड़छाड़,शांति भंग करने, आपराधिक धमकी (धारा 503/506) अथवा अवैध अतिक्रमण से जुड़े मामलों में आपराधिक मुकदमा दर्ज किया जा सकता है यदि आरोप प्रमाणित होते हैं तो संबंधित प्रधान,पंचायत सचिव अथवा अन्य जिम्मेदार व्यक्तियों पर विधिक कार्रवाई संभव है। प्रधान और पंचायत सचिव पर सवालिया निशान सवाल खड़ा करता है। ग्रामीणों का आरोप है कि वर्तमान प्रधान के कार्यकाल में बिना वैधानिक अनुमति रोड़ एवं नाली निर्माण कराया गया। साथ ही यह भी कहा गया कि तकिया में मस्जिद संबंधी कोई विधिवत प्रबंधन कमेटी नहीं है, जिससे भूमि संरक्षण की व्यवस्था कमजोर पड़ी है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि निर्माण कार्य की स्वीकृति, तकनीकी स्वीकृति,बजट आवंटन और स्थल चयन की पूरी जांच कराई जाए ताकि यह स्पष्ट हो सके कि कहीं सरकारी धन का दुरुपयोग तो नहीं हुआ।ग्रामीणों की प्रमुख मांगें मस्जिद की भूमि पर कथित अवैध कब्जे की निष्पक्ष प्रशासनिक जांच, राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में कब्जा मुक्त कराना, अवैध रूप से निर्मित रोड एवं नाली को हटाकर भूमि की पूर्व स्थिति में बहाल करना, दोशियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई, भविष्य में अतिक्रमण रोकने हेतु चारदीवारी निर्माण और सुरक्षा व्यवस्था मुख्य रूप से रहे।मामला अति संवेदनशील बना हुआ है तथा लोगों की प्रशासन पर निगाहें टिकी हुई हैं। मामला धार्मिक संपत्ति से जुड़े होने के कारण अति संवेदनशील बना हुआ है तथा लोगों की निगाहें शासन-प्रशासन पर टिकीं हुई है।ग्रामीणों का कहना है कि समय रहते निष्पक्ष और पारदर्शी कार्रवाई नहीं हुई तो कानून- व्यवस्था की स्थिति प्रभावित हो सकती है।फिलहाल प्रशासन ने दोनों पक्षों को थाना दिवस पर साक्ष्य प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।अब यह देखना अहम होगा कि राजस्व अभिलेखों, सीमांकन रिपोर्ट और कानूनी प्रावधानों के आधार पर प्रशासन क्या निर्णय लेता है।

# एक महिला ने पुलिस पर सुनवाई न करने और सुलह का दबाव बनाने का आरोप लगाया

**विवेक कुमार दैनिक जागरण समाज संवाददाता.**

,लखनऊ राजधानी के निगोहां थाना क्षेत्र के रामपुर गांव की एक महिला ने पुलिस पर सुनवाई न करने और सुलह का दबाव बनाने का आरोप लगाया है। पीड़िता बीते तीन दिनों से थाने के चक्कर काट रही है, लेकिन कार्रवाई के बजाय समझौता करने की बात कही जा रही है।पीड़ित महिला के अनुसार उसका पति राजगीर का काम करता है। गांव के ही एक व्यक्ति दुर्गेश ने उसे अपने मकान के निर्माण कार्य के लिए बुलाया था। महिला का कहना है कि उसके पति ने निर्माण शुरू करने से पहले मकान का नक्शा मांगा था, लेकिन आरोपित ने बिना नक्शे के ही निर्माण कार्य करने को कहा और आश्वस्त किया कि ह्लइसी तरह बना दो।महिला का आरोप है कि उसके पति ने मेहनत से पूरा मकान तैयार कर दिया। निर्माण कार्य पूरा हुए लगभग तीन महीने बीत चुके हैं, लेकिन अब जब मजदूरी मांगी जा रही है तो आरोपित टालमटोल कर रहा है। उल्टा यह कहकर दबाव बना रहा है कि दीवार टेढ़ी बना दी गई है और इसके एवज में एक लाख रुपये हजार्ना देने की मांग कर रहा है।पीड़िता का कहना है कि मजदूरी मांगने पर उसके पति को रोककर विवाद किया जा रहा है और जान से मारने की धमकी भी दी जा रही है। इस पूरे प्रकरण की शिकायत महिला ने निगोहां थाने में की, लेकिन आरोप है कि पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बजाय सुलह करने का दबाव बनाया।पुलिस से राहत न मिलने पर महिला ने मुख्यमंत्री पोर्टल सहित उच्च अधिकारियों को प्रार्थना पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता का कहना है कि उसे और उसके परिवार को सुरक्षा प्रदान की जाए तथा बकाया मजदूरी दिलाई जाए।इस संबंध में थाना पुलिस का पक्ष जानने का प्रयास किया गया, लेकिन समाचार लिखे जाने तक आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी। मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित शादी समारोह हेतु सोनभद्र पुलिस की पहल

## मैरेज लान/होटल व डी0जे0 संचालकों के साथ समन्वय बैठक, नियमों के कड़ाई से अनुपालन के निर्देश

**समाज जागरण/ उपेन्द्र कुमार तिवारी**

सोनभद्र। जनपद में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने, ध्वनि प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने तथा यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में आज दिनांक 13.02.2026 को क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा द्वारा थाना रॉबर्ट्सगंज परिसर में मैरेज लान/होटल संचालकों एवं डी0जे0 संचालकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।



बैठक में वर्तमान वैवाहिक सत्र को दृष्टिगत रखते हुए आयोजनों के दौरान उत्पन्न होने वाली संभावित समस्याओं–जैसे अत्यधिक ध्वनि, सड़क जाम, असलहों का प्रदर्शन, नशे का सेवन एवं अव्यवस्थित पार्किंग–पर विस्तार से चर्चा की गई तथा सभी संचालकों को स्पष्ट रूप से अवगत कराया गया कि नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर सख्त वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

**बैठक में दिए गए प्रमुख निर्देश—**

ध्वनि प्रदूषण नियंत्रणः रात्रि 10:30 बजे के पश्चात किसी भी दशा में डी0जे0 नहीं बजेगा। निर्धारित समयसीमा के उल्लंघन पर संबंधित डी0जे0 संचालक एवं मैरेज लान/गेस्ट हाउस प्रबंधन के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी।

यातायात व्यवस्थाः बारात या जुलूस के दौरान सड़क पूर्णतः अवरुद्ध नहीं की जाएगी। कम से कम आधी सड़क यातायात हेतु खाली रखना अनिवार्य होगा, जिससे आमजन को असुविधा न हो।

अवैध गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंधः मैरेज लान/गेस्ट हाउस में असलहों का प्रदर्शन एवं हर्ष फायरिंग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। उल्लंघन की स्थिति में संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

पार्किंग प्रबंधनः आयोजनों में आने वाले वाहनों हेतु पर्याप्त एवं सुव्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। सड़क किनारे अवैध पार्किंग नहीं होने दी जाएगी।

सीसीटीवी व्यवस्थाः सभी मैरेज लान/गेस्ट हाउस में मुख्य प्रवेश द्वार, पार्किंग स्थल एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से स्थापित एवं क्रियाशील रखे जाएंगे। नशा निषेधः मैरेज लान/गेस्ट हाउस परिसर में किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थों का सेवन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। बैठक के अंत में क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा सभी संचालकों से अपील की गई कि वे सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन करते हुए प्रशासन के साथ समन्वय बनाए रखें तथा शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में आयोजन संपन्न कराएं। सोनभद्र पुलिस जनपदवासियों की सुरक्षा, शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु पूर्णतः प्रतिबद्ध है तथा आगे भी इस प्रकार की समन्वयात्मक कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

# आईसीडीएस विभाग एवं अडानी फाउंडेशन के मध्य "Suposhan Project"" हेतु एम०ओ०यू० हस्ताक्षरित

**समाज जागरण/ उपेन्द्र कुमार तिवारी**

सोनभद्र। माननीय मंत्री श्रीमती बेबी रानी मौर्य महिला कल्याण एवम बाल विकास सेवा पुष्टाहार के विधानसभा कार्यालय में आज बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग एवं अडानी फाउंडेशन के मध्य जनपद सोनभद्र में "Suposhan Project" के क्रियान्वयन हेतु महत्वपूर्ण MoU हस्ताक्षरित किए गए। यह एम० ओ०यू० माननीय मंत्री बेबी रानी मौर्य की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर अपर मुख्य सचिव, बाल विकास एवं पुष्टाहार श्रीमती लीना जौहरी तथा निदेशक, आईसीडीएस श्रीमती सरनीत कौर ब्रोका व डॉ अनुपमा शांडिल्य उप निदेशक उपस्थित थे। अडानी समूह की ओर से नॉर्थ इंडिया प्रमुख एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष (कॉरपोरेट एवं सरकारी मामले) श्री आनंद सिंह विसेन तथा महाप्रबंधक (कॉरपोरेट एवं सरकारी मामले) श्री मनीष अग्रवाल भी उपस्थित रहे।



"Suposhan Project" का उद्देश्य आईसीडीएस सेवाओं को सुदृढ़ करते हुए 0-5 वर्ष के बच्चों, किशोरियों, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं में कुपोषण की रोकथाम तथा पोषण सुरक्षा को सशक्त करना है। परियोजना विभागीय व्यवस्थाओं के साथ समन्वय स्थापित कर तकनीकी एवं क्रियान्वयन सहयोग प्रदान करेगी। परियोजना के अंतर्गत 0-5 वर्ष के बच्चों में दुबलापन (Wasting), कम वजन (Underweight) एवं ठिगनापन (Stunting) की पहचान एवं प्रबंधन पर विशेष बल दिया जाएगा। गंभीर कुपोषित (SAM) बच्चों की समयबद्ध पहचान कर उन्हें पोषण पुनर्वास केंद्रों एवं स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने में सहयोग किया जाएगा। अडानी फाउंडेशन द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का क्षमता वर्धन, व्यवहार परिवर्तन संचार (BCC), पोषण परामर्श एवं ग्रोथ मॉनिटरिंग संबंधी प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। परियोजना के अंतर्गत सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम, किशोरियों में एनीमिया नियंत्रण हेतु परामर्श, संतुलित आहार संबंधी मार्गदर्शन तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को प्रोत्साहित करने वाले अभियान भी संचालित किए जाएंगे। Suposhan Project पूर्णतः गैर-वित्तीय (Non-Financial) प्रस्ताव है तथा विभागीय संसाधनों एवं संरचनाओं के साथ अभिसरण के माध्यम से कार्य करेगा। इस अवसर पर माननीय मंत्री महोदया ने कहा कि कुपोषण उन्मूलन राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है तथा इस प्रकार की साझेदारी से जमीनी स्तर पर ठोस एवं मापनीय परिणाम प्राप्त होंगे। अपर मुख्य सचिव महोदया ने विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में नवाचार एवं तकनीकी सहयोग की महत्ता पर बल दिया। निदेशक, आईसीडीएस ने विश्वास व्यक्त किया कि यह पहल जनपद सोनभद्र में पोषण सुरक्षा को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर सिद्ध होगी।

# शासकीय तालाब से मिट्टी की अवैध रूप से खुदाई कर रहे जेसीबी एवं हाइवा को किया गया जप्त

**समाज जागरण**

रीवा। रीवा जिले के रायपुर कर्चुलियान तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत नवागांव में स्थित शासकीय तालाब कोल्हा में अवैध रूप से खुदाई कर रहे हैं जेसीबी मशीन एवं परिवहन में लगे हाइवा वाहन को खनिज विभाग द्वारा जप्त कर सगरा थाने में




खड़ा करवाया गया है।जानकारी देते हुए खनिज अधिकारी दीपमाला तिवारी ने बताया कि कार्यालय में लगातार शिकायत आ रही थी कि रायपुर कर्चुलियान तहसील क्षेत्र के नवगांव स्थित शासकीय तालाब कोल्हा में अवैध खुदाई का कार्य चल रहा है इसके बाद टीम गठित कर जांच दल को मौके पर भेजा गया और जांच सही पाए जाने पर जेसीबी मशीन और हाईवे को जप्त कर सगरा थाना में खड़ा करवा दिया गया है और खनिज अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।

खनिज अधिकारी दीपमाला तिवारी ने यह भी कहा कि सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वाले लोगों के खिलाफ लगातार ऐसे ही कार्रवाई जारी रहेगी।

# फाल्गुनी मेले को लेकर डीएम और एसपी ने ली ब्रीफिंग मीटिंग

**समाज जागरण बालैनी।**

पुरा महादेव मंदिर पर लगने वाले तीन दिवसीय फाल्गुनी मेले को लेकर डीएम और एसपी ने ब्रीफिंग मीटिंग ली।कहा कि सभी लोग अपनी ड्यूटी ईमानदारी के साथ करे ड्यूटी में लापरवाही मिलने पर कार्यवाही की जाएगी। परशुरामेश्वर पुरा महादेव मंदिर पर शनिवार से लगने वाले तीन दिवसीय फाल्गुनी मेले को सफल बनाने को लेकर शुक्रवार को डीएम और एसपी ने ब्रीफिंग मीटिंग ली। डीएम अस्मिता लाल ने कहा कि ड्यूटी दो शिफ्ट में रहेगी पहली शिफ्ट वाला ड्यूटी पॉइंट तभी छोडे जब दुसरी शिफ्ट वाला आ जाये। सभी अपने ड्यूटी पोइंट को पहले से ही चेक कर ले और सभी ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी आपस में संपर्क में रहे किसी भी असमाजिक तत्व को देखे तो तुरंत इसकी सुचना अपने आलाधिकारियों को दे। सफाई कमचार्री लगातार मेले में सफाई करते रहे जिससे मेले में गंदगी ना हो। एसपी सुरज कुमार राय ने कहा कि गर्भ गृह में ज्यादा देर भीड़ को रुकने ना दे और लगातार भीड़ को निकालते रहे मंदिर पर आने



वाला कांवड़िये और शिवभक्त लंबी लंबी लाइनो में लगकर आते है और बहुत बार वह गुस्सा भी हो जाते है उन्हे प्यार से समझाये और शांतिपूर्ण तरीके से उनका जलाभिषेक कराने में उनकी मदद करे। ब्रीफिंग के बाद डीएम और एसपी ने मंदिर का निरीक्षण भी किया और अधिनिष्ठो को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इस दौरान एएसपी प्रवीण चौहान, एसडीएम अमरचंद वर्मा,पंडित जयभगवान शर्मा,संजीव शर्मा आदि मौजूद रहे।

# आतंकवाद और क्रिकेट साथ-साथ नहीं चल सकता

## वैलेंटाइन डे के नाम पर युवाओं को अनैतिकता की खाई में धकेलने वाली कुप्रथा पर पाबंदी लगायी जाए

**समाज जागरण**
**रंजीत तिवारी रामेश्वर वाराणसी**

पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने 15 फरवरी 2026 को कोलंबो में होने वाले आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप में भारत के विरुद्ध मैच खेलने की तैयारी जताई है, किंतु भारत सरकार को इस प्रस्ताव के आगे झुकना नहीं चाहिए । भारत की नीति स्पष्ट और दृढ़ होनी चाहिए कि "जब तक सीमा पार से जारी आतंकवाद रुकेगा नहीं, तब तक पाकिस्तान के साथ कोई संबंध नहीं रखा जाएगा ।" क्रिकेट के मैदान पर केवल हाथ मिलाना टाल देना पाकिस्तान के विरोध के लिए पर्याप्त नहीं है; पाकिस्तान के साथ न क्रिकेट होना चाहिए, न ही किसी अन्य प्रकार का संबंध । खून के धब्बे क्रिकेट की जर्सी से नहीं ढके जा सकते, अतः भारत और पाकिस्तान क्रिकेट मैच को तुरंत रद्द किया जाए, ऐसी मांग हिन्दू जन जागृति समिति ने पिंडरा तहसील में उप जिलाधिकारी कु. प्रतिभा मिश्रा के प्रतिनिधि को आज ज्ञापन सौंपते समय की । इस समय पिंडरा बार एसोसिएशन के अधिवक्ता उमेश कुमार सिंह, अधि. श्यामशंकर सिंह (बीजेपी उपाध्यक्ष), अधि.संतोष सिंह अनुपम (युवा मोर्चा अध्यक्ष भाजपा),अधि.अतुल सिंह, अधि. सुंदरम मिश्रा, अधि.सुब्रत त्रिपाठी, अधि.आशुतोष सिंह (वरिष्ठ, युवा अधिवक्ता) त्रिशान्त सिंह, अधिवक्ता मानता पटेल, छात्रनेता श्री वीरेंद्र कुमार पटेल तथा हिन्दू जनजागृति समिति के कार्यकर्ता उपस्थित थे। । व्यावसायिक लाभ के लिए थोपी गई इस विकृत अवधारणा के कारण युवा पीढ़ी अनैतिकता की खाई में धकेली जा रही है । इस दिन के नाम पर अश्लील प्रदर्शन, पार्टियों में शराब, धूम्रपान और नशीली दवाओं के सेवन में भारी वृद्धि होती है । साथ ही, गर्भनिरोधक साधनों की बिक्री में होने वाली भारी बढ़ोतरी इस दिन होने वाले अनैतिक संबंधों की वृद्धि को दशार्ती है । इस संदर्भ में सरकार जिला पुलिस, आबकारी और शिक्षा विभाग के साथ समन्वय कर ठोस उपाय करने की मांग भी समिति ने ज्ञापन के माध्यम से की ।



अतः देश की सुरक्षा के लिए पाकिस्तान के साथ मैच उनके द्वारा आतंकवाद बंद किए जाने तक तथा अपनी महान संस्कृति की वैलेंटाइन डे जैसी कुप्रथा से रक्षा के लिए भारत सरकार का कठोर कदम उठाना आवश्यक है ।

# 15 मार्च तक पूरा हो सकता है रोपवे का काम

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने शुक्रवार को रोपवे परियोजना का निरीक्षण किया। इस दौरान निर्माण कार्य के बारे में जानकारी ली। वहीं कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों को गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध तरीके से काम पूरा कराने के निर्देश दिए। रोपवे का 91.40 फीसदी काम पूरा हो चुका है। रोपवे की टेस्टिंग इस समय चल रही है। डीएम ने रथयात्रा स्टेशन की प्रगति का आकलन किया तथा सिविल और फिनिशिंग गतिविधियों को बारीकी से देखा। इसके अलावा उन्होंने रोपवे परिचालन तैयारियों की जांच कर व्यवस्थाओं को परखा। नेशनल हाइवेज लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट लिमिटेड (एनएच एल एमएल) के अभियंता ने बताया कि वाराणसी रोपवे 3.85 किलोमीटर लंबा है और वाराणसी कैंट स्टेशन को गोदौलिया चौक से जोड़ता है। इसकी अधिकतम क्षमता 3,000 यात्रियों की है और यह प्रतिदिन 16 घंटे चलता है। यह पूरी यात्रा 15 मिनट में पूरी करता है। निरीक्षण के दौरान रिपोर्ट की गई भौतिक प्रगति 91.40%है।जिलाधिकारी ने नेशनल हाइवेज लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट लिमिटेड (एनएचएल एमएल) के अभियंताओं से स्टेशन परिसर के भीतर यात्रियों की आवाजाही के साथ-साथ प्रवेश और निकास व्यवस्था पर चर्चा की।इसके अलावा जिलाधिकारी द्वारा यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था पर विचार-विमर्श किया गया, जिसमें डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर (डीएफएमडी), हैंड-हेल्ड मेटल डिटेक्टर (एचएमडी) के माध्यम से तलाशी लेना और टर्नस्टाइल के माध्यम से विनियमित प्रवेश और निकास शामिल हैं।स्टेशन परिसर के भीतर फूड कोर्ट सुविधा और वाणिज्यिक स्थानों की उपलब्धता और योजना पर चर्चा की गई।स्टेशन पर मौजूदा पार्किंग सुविधाओं की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने भविष्य में चार पहिया वाहनों की पार्किंग के किसी भी प्रस्ताव के बारे में जानकारी ली।स्टेशन पर उपलब्ध सौर ऊर्जा क्षमता पर चर्चा की गई और यह जानकारी दी गई कि स्थापित सौर पैनलों की क्षमता 120 किलोवाट है।जिलाधिकारी ने रथयात्रा स्टेशन पर अंतिम रूप देने के कार्यों के पूरा होने के बारे में पूछताछ की,तो कार्यदायी संस्था ने बताया किया कि अंतिम रूप देने का काम 15 मार्च 2026 तक पूरा होने की संभावना है। जिलाधिकारी ने निर्माण कार्यों को मानक और गुणवत्ता के साथ ससमय पूर्ण कराने के निर्देश दिए। डीएम ने गोंडोला की आवाजाही और यात्रियों के चढ़ने-उतरने की प्रक्रिया के बारे में भी पूछताछ की, जिसके बारे में नेशनल हाइवेज लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट लिमिटेड (एनएचएल एमएल) के अभियंता ने विस्तार से जानकारी दी।



# जे आर एफ में मिली सफलता परिवार में हर्ष

**समाज जागरण रंजीत तिवारी वाराणसी।**

चंद्रशेखर मिश्र (एलएलबी, एलएलएम) जो दिल्ली विश्वविद्यालय में पीएचडी प्रथम वर्ष में अध्ययनरत हैं, जारी हुए परीक्षा परिणाम के जेआरएफ (जूनियर रिसर्च फेलोशिप) परीक्षा में 218 अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार एवं क्षेत्र का नाम रोशन हुआ है।



चंद्रशेखर मिश्र के पिता अरुण कुमार मिश्र श्री काशी विश्वनाथ मंदिर, वाराणसी में वरिष्ठ सहायक के पद पर कार्यरत हैं। चंद्रशेखर की इस सफलता पर उन्होंने आशीर्वाद देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है।इस उपलब्धि से परिजनों एवं शुभचिंतकों में हर्ष का माहौल है। लोगों ने इसे उनकी कड़ी मेहनत, लगन और समर्पण का परिणाम बताया है तथा उन्हें बधाई दी है।

# बहजोईः अपर जिलाधिकारी न्यायिक ने किया आकस्मिक निरीक्षण, अनुपस्थित कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी

**समाज जागरण**

बहजोई/संभल। जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया के निदेर्शानुसार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सौरभ कुमार पाण्डेय ने बहजोई स्थित जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय, समग्र शिक्षा कार्यालय और मिड डे मील सेल का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया और तीनों कार्यालयों की उपस्थित पंजिकाओं की जांच की। इसमें कुल 24 कर्मचारियों में से 16 अनुपस्थित पाए गए। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अवकाश पर मिलीं। अपर जिलाधिकारी ने अनुपस्थित कर्मचारियों और अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी कर्मचारियों को समय पर कार्यालय में उपस्थित रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यालयों और परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने और स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करने के लिए भी कड़ा निर्देश दिया।

इस कार्रवाई से कार्यालयों में अनुशासन और सुचारू कार्य प्रणाली सुनिश्चित करने की दिशा में कदम बढ़ाने की उम्मीद जताई जा रही है।

# मुलभूत साक्षरता एवं संख्यामकता पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला हुआ सम्पन्न

**समाज जागरण ओंकार नाथ चौधरी**

जनपद सिद्धार्थनगर के जिला बेसिक शिक्षा विभाग एवं स्माइल फाउंडेशन के सहयोग से आकांक्षी ब्लॉक परिवर्तन कार्यक्रम के अंतर्गत आकांक्षी विकास




खंड खेसरहा के प्राथमिक विद्यालय के अध्यापक/अध्यापिकाओं, एकेडमिक रिसोर्स पर्सन, स्टेट एवं रिर्सोस ग्रुप का मूलभूत साक्षरता एवं संख्यामकता पर एक दिवसीय प्रशिक्षण किया गया। इस प्रशिक्षण में भाषा एवं गणित के अभ्यास एवं बच्चों के निपुण बनाने के प्रयोग की विधियों के बारे में प्रशिक्षित किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा निति 2020 के तहत गुणवत्ता शिक्षा, निपुण लक्ष्य प्राप्त करना है।

# आईसीडीएस के अंतर्गत किशोरी जीवन कौशल एवं नेतृत्व कार्यक्रम का जिला स्तरीय शुभारंभ

**समाज जागरण**
**ओंकार नाथ चौधरी**

जनपद श्रावस्ती महिला एवं बाल विकास विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार तथा मिलान संस्था द्वारा दिनांक 13 फरवरी 2026 को ए ऐन एम ट्रेनिंग सेंटर, श्रावस्ती में एकीकृत बाल विकास सेवा योजना (आईसीडीएस) के अंतर्गत किशोरियों के जीवन कौशल एवं नेतृत्व विकास कार्यक्रम का जिला स्तरीय शुभारंभ किया गया।

यह कार्यक्रम भारत सरकार के आकांक्षात्मक जिला कार्यक्रम के अंतर्गत चिन्हित जिलों में संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य 11 से 18 वर्ष की आयु की किशोरियों की नियमित सहभागिता को सुदृढ़ करना तथा शिक्षा में निरंतरता, स्वास्थ्य एवं पोषण जागरूकता, जीवन कौशल और नेतृत्व क्षमता से जुड़े परिणामों में सुधार लाना है। वर्तमान में यह कार्यक्रम बलरामपुर, श्रावस्ती और बहराइच में संचालित किया जा रहा है ।



कार्यक्रम को मौजूदा सरकारी प्रणालियों के भीतर समाहित करते हुए इसका क्रियान्वयन आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से किया जाएगा। इसके अंतर्गत गाँव स्तर पर किशोरियों के सुरक्षित समूहों का गठन, आंगनवाड़ी कार्यकताओं एवं पर्यवेक्षकों की क्षमता सुदृढ़ीकरण तथा महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, मिशन शक्ति एवं अन्य संबंधित विभागों के बीच विभागीय समन्वय को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य किसी समानांतर संरचना का निर्माण किए बिना संस्थागत सुदृढ़ीकरण एवं दीर्घकालिक स्थिरता सुनिश्चित करना है।

इस पहल के तहत आंगनवाड़ी केंद्रों पर गतिविधियों के माध्यम से किशोरियों को शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण और कल्याण से संबंधित सरकारी सेवाओं की जानकारी एवं लाभ से जोड़ा जाएगा। संस्था द्वारा इस कार्यक्रम की अवधि के दौरान तीनों आकांक्षात्मक जिलों में पाँच लाख से अधिक किशोरियों तक पहुँच बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है । कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए परियोजना निदेशक जिला ग्राम विकास अभिकरण अधिकारी श्री अश्विनी कुमार ने कहा कि किशोरियों में किया गया निवेश समाज के दीर्घकालिक एवं सतत विकास की एक मजबूत नींव है। साथ ही उन्होंने यह जानकारी दी कि समाज के वंचित तबके को खास कर घुमंतू परिवार को सरकार की सभी विशेष योजनाओं से जोड़ा जाए! उन्होंने यह भी कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान को जमीनी स्तर पर अधिक से अधिक किशोरी समूह के सहयोग से प्रभावी ढंग से लागू किया जा सकता हैं साथ ही किशोरियों के समग्र विकास हेतु सभी सरकारी योजनाओं के साथ समन्वय स्थापित करके योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों तक पहुँचाया जा सके।

कार्यशाला के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी (डीपीओ) श्री प्रभात कुमार ने कहा कि कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम स्तर पर किशोरी ग्रुप के माध्यम से कार्य किया जाना एक अच्छी पहल है और आंगनवाड़ी विभाग द्वारा इस कार्यक्रम में यथा संभव सहयोग प्रदान किया जायेगा। उन्होंने यह भी बताया श्रावस्ती जनपद में बालिकाओं की शिक्षा, पोषण एवं स्वास्थ्य पर अधिक ध्यान दिया जाए!

**मिलान के एसोसिएट प्रोग्राम डायरेक्टर**

श्री जावेद अब्बास ने मिलान संस्था के बारे में जानकारी देकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया जिसके बाद मिलान के एसोसिएट डायरेक्टर श्री गौरव शुक्ला ने कार्यक्रम के डिजाइन, क्षमता निर्माण तथा क्रियान्वयन से संबंधित तथा जमीनी स्तर पर इसके प्रभावी क्रियान्वयन की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम में जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, आईसीडीएस के अधिकारी एवं कर्मचारी, स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग, डेवलॅपमेंट पार्टनर्स तथा मिलान संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# चंदौसीः नाले के जलभराव को लेकर व्यापारियों ने किया प्रदर्शन

**समाज जागरण, चंदौसी।**

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के नेतृत्व में जिला अध्यक्ष सागर गुप्ता ने नगर पालिका के ठेकेदार द्वारा नाला निर्माण के दौरान उत्पन्न समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया। सागर गुप्ता ने बताया कि सीकरी गेट महाजन मोहल्ला में नाले बनाने के नाम पर ठेकेदार पिछले दस दिनों से व्यापारियों



का उत्पीड़न कर रहा है। नाले में भरे पानी के कारण व्यापारियों और नागरिकों को गंभीर असुविधा हो रही है। कई दुकानों और मकानों में पानी घुस गया है, बच्चों का स्कूल जाना मुश्किल हो गया है और गंदे पानी से बीमारियां फैल रही हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर अगले दो दिनों में जलभराव का निस्तारण नहीं किया गया तो अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल द्वारा लगभग 500 व्यापारियों और जनता के साथ सीकरी गेट में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शन में जिला अध्यक्ष सागर गुप्ता, इरफान खान, असीम अगरवाल, डॉक्टर मोहनलाल पाल, फहीम शमसी, मोहित सक्सेना, साजिद कुरैशी, विकास बंसल, माज समसी, नवयुग अंसारी, आबाद कुरैशी, सौरभ अग्रवाल, अभिनेश रस्तौगी, प्यारे समसी, अशोक अग्रवाल, अनील गुप्ता और अंकुर गोयल सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

# कटनी के पूर्व एसपी अभिजीत रंजन की बढ़ सकती हैं मुश्किलें; विभागीय जांच के लिए गृह विभाग को भेजी गई फाइल

**समाज जागरण**

भोपाल/जबलपुर। कटनी जिले के पूर्व पुलिस कप्तान और 2014 बैच के आईपीएस (IPS) अधिकारी अभिजीत कुमार रंजन के विरुद्ध विभागीय जांच (Departmental Inquiry) की अनुशंसा के बाद अब मामला मुख्यमंत्री कार्यालय में लंबित होने की जानकारी सामने आई है।



**क्या है पूरा मामला?**

यह विवाद तब शुरू हुआ जब कटनी की तत्कालीन सीएसपी ख्याति मिश्रा के तहसीलदार पति शैलेंद्र बिहारी शर्मा ने आरोप लगाया कि एसपी के निर्देश पर पुलिसकर्मियों ने उनके घर पर धावा बोलकर परिवार के सदस्यों, महिलाओं और उनके आठ वर्षीय बेटे के साथ मारपीट की। घटना की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 1 जून 2025 को सोशल मीडिया के माध्यम से एसपी अभिजीत रंजन को हटाने के निर्देश दिए थे, जिसके बाद उन्हें भोपाल पुलिस मुख्यालय (PHQ) में एआईजी के पद पर अटैच कर दिया गया था।

**गंभीर आरोपों की फेहरिस्त**

जबलपुर हाई कोर्ट के अधिवक्ता देवेन्द्र शर्मा द्वारा मुख्यमंत्री को लिखे गए पत्र में अधिकारी पर कई संगीन आरोप लगाए गए हैंः

**जांच रुकवाने का आरोपः**

* शिकायतकर्ता का दावा है कि पुलिस मुख्यालय और एसीएस होम (ACS Home) द्वारा तीन माह पहले ही विभागीय जांच की फाइल मुख्यमंत्री कार्यालय भेजी जा चुकी है, लेकिन अधिकारी ने अपने पद, धनबल और बाहुबल का प्रयोग कर इसे लंबित रखवाया है।
* धमकी और षड्यंत्रः पत्र में आरोप लगाया गया है कि अधिकारी लगातार आवेदक और उसके परिवार की हत्या कराने का आपराधिक षड्यंत्र रच रहे हैं।
* सेवा नियमों का उल्लंघनः अधिकारी पर अखिल भारतीय सिविल सेवा आचरण नियमों के विपरीत कार्य करने, निर्धारित संख्या (दो) से अधिक बच्चे होने और आईपीएस पद के लिए आवश्यक न्यूनतम लंबाई (165 सेमी) के मानकों को पूरा न करने जैसे आरोप भी लगाए गए हैं।
* अकूत संपत्ति की जांचः अधिवक्ता ने मांग की है कि अधिकारी की मात्र 10-11 वर्षों की सेवा में अर्जित की गई कथित 'अकूत संपत्ति' की जांच सीबीआइ (CBI) से करवाई जाए।

**प्रशासनिक स्थिति**

दस्तावेजों के अनुसार, जबलपुर डीआईजी (DIG) द्वारा की गई जांच में दो आरोप पहले ही सिद्ध हो चुके हैं और इसकी रिपोर्ट पीएचक्यू भेजी जा चुकी है। पुलिस मुख्यालय ने 6 पेज की तथ्यात्मक रिपोर्ट तैयार कर गृह विभाग को भेजी है। यदि विभागीय जांच में अधिकारी दोषी पाए जाते हैं, तो उन पर वेतन वृद्धि रोकने से लेकर सेवा से बर्खास्तगी तक की कार्रवाई हो सकती है।

# राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने अखिल भारतीय सम्मेलन का उद्घाटन किया, ब्रह्म कुमारी के राष्ट्रव्यापी अभियान ' सशक्त भारत के लिए कर्मयोग ' की शुरूआत की

राष्ट्रपति ने कहा कर्मयोग द्वारा प्रत्येक नागरिक भारत के सतत और समग्र विकास में योगदान दे सकता हैः राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने आज नई दिल्ली में अखिल भारतीय सम्मेलन का उद्घाटन किया और ब्रह्म कुमारी के राष्ट्रव्यापी अभियान 'सशक्त भारत के लिए कर्मयोग' अभियान की शुरूआत की। राष्ट्रपति ने गुरुग्राम स्थित ओम शांति रिट्रीट सेंटर के रजत जयंती समारोह का भी शुभारंभ किया। राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में कहा कि संतुलित और समग्र विकास के लिए भौतिक प्रगति के साथ ही नैतिक मूल्यों और आध्यात्मिकता का समेकन आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आर्थिक प्रगति समृद्धि को बढ़ावा देती है और तकनीकी प्रगति नवाचार, दक्षता और प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित करती है। ये दोनों एक समृद्ध राष्ट्र की नींव रखते हैं। लेकिन नैतिकता के बिना आर्थिक और तकनीकी विकास समाज में असंतुलन उत्पन्न कर सकते हैं। अनैतिक आर्थिक प्रगति - धन और संसाधनों के केंद्रीकरण, पर्यावरण को नुकसान और समाज के कमजोर वर्गों के शोषण का कारण बन सकती है। उन्होंने कहा कि नैतिक मूल्यों के बिना प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल मानवता के लिए विनाशकारी साबित हो सकता है। राष्ट्रपति ने कहा कि आध्यात्मिकता हमें आधारभूत मूल्य और नैतिक ढांचा प्रदान करती है जो हमें कर्मयोग, यानी निस्वार्थ सेवा के लिए प्रेरित करती है। राष्ट्रपति ने कहा आध्यात्मिकता - सत्यनिष्ठा, करुणा, अहिंसा और दूसरों की सेवा जैसे सद्गुणों पर भी बल देती है। ये सिद्धांत शांतिपूर्ण और न्यायपूर्ण समाज निर्मित करने के लिए आवश्यक हैं।

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं की डिलीवरी में बदलाव

भारत में एआई आधारित निदान, टेलीमेडिसिन और निगरानी उपकरणों के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं की क्रांति सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों में अब तेजी से आगे बढ़ रही है। इन अत्याधुनिक तकनीकों को एकीकृत करते हुए भारत सरकार सेवाएँ प्रदान करने की राह में मौजूद खामियों को दूर करते हुए, चिकित्सा सेवाओं और उत्पादों के मानकों को ऊँचा उठाते हुए और प्रत्येक नागरिक के लिए किफायती स्वास्थ्य देखभाल सुनिश्चित करते हुए 'सबके लिए स्वास्थ्य कवरेज' की अपनी प्रतिबद्धता को पूरा कर रही है।

केंद्र सरकार ने सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय के विजन से प्रेरित होकर मार्च 2024 में इंडियाएआई मिशन की शुरूआत की। इसका उद्देश्य समावेशी विकास को बढ़ावा देना, शासन को मजबूत बनाना और स्वास्थ्य सेवाओं सहित सार्वजनिक सेवाओं की डिलीवरी में सुधार लाना है। यह मिशन दो मुख्य सिद्धांतों पर आधारित हैः

ग्रामीण और अल्पसेवा प्राप्त लोगों सहित समाज के सभी वर्गों तक एआई उपकरणों की पहुँच सुनिश्चित करते हुए प्रौद्योगिकी को सर्वसुलभ बनाना

मानवता के लिए प्रौद्योगिकी, केवल प्रौद्योगिकी के विकास के लिए नहीं, बल्कि महत्वपूर्ण सामाजिक चुनौतियों को हल करने, जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने और सार्वजनिक कल्याण को बढ़ाने के लिए एआई का उपयोग करना




इस समग्र दृष्टिकोण का उद्देश्य 2047 तक विकसित भारत बनने की भारत की यात्रा के तहत स्वास्थ्य सेवाओं की डिलीवरी में आमूल-चूल बदलाव लाना है।

केंद्र सरकार ने वर्षों पहले ही स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने में एआई की परिवर्तनकारी क्षमता को पहचान लिया था। 2018 में, नीति आयोग ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता के लिए राष्ट्रीय रणनीति प्रकाशित की थी, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में इसके अनगिनत अनुप्रयोगों के बीच एआई,रोबोटिक्स और इंटरनेट ऑफ मेडिकल थिंग्स को स्वास्थ्य सेवाओं के लिए केंद्रीय प्रणाली के तौर पर देखा गया।

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रमों में अपनाए गए एआई-सक्षम उपकरण भारत भर में स्वास्थ्य विशेषज्ञता को सर्वसुलभ बना रहे हैं। उदाहरण के लिए, ये उपकरण पूरे देश में 282 मिलियन टेलीमेडिसिन परामर्शों में सहायता करते हुए फ्रंटलाइन कार्यकताओं को टीबी और डायबिटिक रेटिनोपैथी की स्क्रीनिंग करने में सक्षम बनाते हैं। कुल मिलाकर, इन कोशिशों के ठोस नतीजे सामने आए, जिनमें टीबी के प्रतिकूल परिणामों में 27% की कमी आना और मामलों की पहचान में 12-16% की बढ़ोतरी होना शामिल हैं। इंडिया एआई इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन 2026

भारत 16 से 20 फरवरी तक नई दिल्ली में ग्लोबल साउथ का पहला अंतरराष्ट्रीय एआई शिखर सम्मेलन आयोजित कर रहा है, जिसमें वैश्विक नेता, नीति निमार्ता, प्रौद्योगिकी कंपनियां, नवप्रवर्तक और विशेषज्ञ एकत्रित होंगे। इस शिखर सम्मेलन में एआई-केंद्रित नीति, अनुसंधान, उद्योग और सार्वजनिक सहभागिता पर चर्चा की जाएगी।

**स्वास्थ्य सेवाओं प्रदान करने में एआई की भूमिका**

एआई ने विभिन्न सार्वजनिक स्वास्थ्य पहलों के बेहतर कार्यान्वयन को संभव बनाया है, जिससे प्रौद्योगिकी का उपयोग जन स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव डालने में किया जा रहा है। यह दिखाता है कि प्रौद्योगिकी-संचालित समाधान किस प्रकार लगातार बनी रहने वाली विकास संबंधी चुनौतियों का सामना कर सकते हैं तथा समावेशी और समग्र सामाजिक विकास को बढ़ावा दे सकते हैं।5 यह आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत की भावना को भी प्रतिबिंबित करता है।

2022 से 2025 तक, भारत ने एआई को एकीकृत रणनीति में शामिल करते हुए सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं की डिलीवरी में मौलिक बदलाव किया है, जिसने विशेषज्ञों की कमी को दूर किया और सक्रिय, अग्र सक्रियता से देखभाल करने को बढ़ावा दिया। राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम, राष्ट्रीय डायबिटिक रेटिनोपैथी स्क्रीनिंग कार्यक्रम और मीडिया डिजीज सर्विलांस सिस्टम में एआई-सक्षम उपकरणों का उपयोग करके, सरकार ने गैर-विशेषज्ञों को उच्च-स्तरीय स्क्रीनिंग करने में सक्षम बनाया है। इसके परिणामस्वरूप टीबी के प्रतिकूल परिणामों में 27% की कमी आई है और रोग फैलने से संबंधित 4,500 से अधिक चेतावनियाँ जारी की गई । यह परिवर्तन ई-संजीवनी के माध्यम से और मजबूत हुआ, जिसने 282 मिलियन परामर्शों में एआई सहायता प्राप्त संभावित निदान से सहायता प्रदान की, और उद्योगयंत्र एआई सिस्टम के माध्यम से कुपोषण निगरानी को पुख्ता किया। इस प्रकार, एक ऐसा समग्र स्वास्थ्य इकोसिस्टम तैयार हुआ, जो संक्रामक रोग प्रबंधन और कैंसर देखभाल से लेकर पारंपरिक आयुर्वेदिक चिकित्सा के आधुनिकीकरण और राष्ट्रीय वन हेल्थ कार्यक्रम तक व्याप्त है।

सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं की डिलीवरी को बेहतर बनाने के लिए भारत सरकार द्वारा 2022-2025 में की गईं एआई-सक्षम पहलेंः

**स्वास्थ्य फोकस**

एआई समाधान/ पहल प्रक्रिया, प्रौद्योगिकी "उपचार" अनुभव नैदानिक / परिचालन प्रभाव टीबी प्रबंधन प्रतिकूल परिणाम पूवार्नुमानात्मक विश्लेषणः एआई उपचार शुरू होते ही रोगियों में उपचार की विफलता के उच्च जोखिम पहले ही पहचान लेती है। देशव्यापी स्तर पर लागू होने के बाद प्रतिकूल परिणामों में 27% की कमी दर्ज की गई6 टीबी ट्राइएज डीप सीएक्सआर (चेस्ट एक्स-रे) रेडियोलॉजी एआईः टीबी के संभावित मामलों के लिए गांठों और केविटीज की पहचान हेतु डिजिटल एक्स-रे की ऑटोमेटेड रीडिंग। 8 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में लागू; विशेषज्ञों की कमी को पूरा करने के लिए सरकार के लिए निशुल्क उपलब्ध मधुमेह (डीआर) मधु नेत्रएआई रेटिनल ट्रायजः गैर-विशेषज्ञों द्वारा रेटिना की तस्वीरें लेना; एआई द्वारा उनकी ग्रेडिंग करके जरूरी विशेषज्ञ रेफरल को प्राथमिकता देना8 38 सुविधाओं में 7,100 रोगियों को लाभ मिला; भारत का पहला एआई-सक्षम सामुदायिक स्क्रीनिंग कार्यक्रम दिसंबर 2025 में लॉन्च किया गया9 टेलीमेडिसिन ई-संजीवनी सीडीएसएस संभावित निदान : रोगी की शिकायतों को व्यवस्थित करना और एआई-आधारित संभावित निदान सुझाना अप्रैल 2023 से नवंबर 2025 तक 282 मिलियन परामर्श; विशेष रूप से एआई- अनुशंसित निदानों से 12 मिलियन रोगियों को लाभ मिला।

# 105 लीटर विदेशी शराब बरामद, तीन तस्कर गिरफ्तार

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



किशनगंज जिले के गलगलिया थाना क्षेत्र में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए 105 लीटर विदेशी शराब बरामद की है। इस दौरान एक टेम्पो वाहन जब्त करते हुए तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार के निर्देशन में शराब एवं अन्य मादक पदार्थों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक 12 फरवरी 2026 की सुबह सूचना प्राप्त हुई कि बंगाल से शराब लोड कर गलगलिया के रास्ते मधेपुरा ले जाई जा रही है। सूचना के सत्यापन के बाद गलगलिया मध निषेध चेक पोस्ट पर गश्ती दल को तैनात किया गया। जांच के दौरान बंगाल की ओर से आ रहे काले रंग के टेम्पो (रजि० नं० BR11PB2196) को रोककर गहन तलाशी ली गई। तलाशी के क्रम में वाहन की छत से कुल 105 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई। तत्पश्चात वाहन को जब्त कर उस पर सवार तीनों व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तों में (1) अभिनव आनंद, पिताझललन यादव, (2) संजय कुमार, पिताझजागो चौधरी एवं (3) प्रिंस कुमार, पिताझमोहन सिंह शामिल हैं। तीनों उदाकिशुनगंज, जिला मधेपुरा के निवासी बताए गए हैं।

इस संबंध में गलगलिया थाना कांड संख्या 14/25, दिनांक 12.02.2026 के तहत धारा 30 (A) बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। बरामदगी में 105 लीटर विदेशी शराब एवं एक टेम्पो (BR11PB2196) शामिल है। छापेमारी दल में पु०अ०नि० राकेश कुमार (थानाध्यक्ष, गलगलिया), परि०पु०अ०नि० वेद प्रकाश निषाद तथा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# धार्मिक टूरिज्म, साइकिलिंग कल्चर व हेल्दी लाइफ को बढ़ावा हेतु साइकिल से अयोध्या यात्रा

**समाज जागरण संवाददाता**



गलगलिया (किशनगंज)। गलगलिया से सटे भद्रपुर, नेपाल साइकिल सोसाइटी के प्रेसिडेंट जीवन कुमार श्रेष्ठ (पूर्व मेयर, भद्रपुर) ने एडवाइजर मनोज सिंह के साथ मिलकर 13 फरवरी 2026 को श्री राम जन्मभूमि, अयोध्या की ओर एक खास साइकिल यात्रा शुरू की है। वहीं गलगलिया पहुंचने पर स्थानियों द्वारा उनका स्वागत कर शुभ व मंगलमय यात्रा की शुभकामनायें दी गई। इस दौरान स्थानियों में अरुण सिंह, सुरेश साह, सूर्य नारायण मंडल, धनंजय कुमार, अमर राय, राकेश कुमार, सुभाष यादव आदि उपस्थित रहें।

उक्त यात्रा गलगलिया से अररिया होते हुए फॉरबिसगंज - सुपौल- सकरी- दरभंगा- मुजफ्फरपुर- मोतिहारी- बेतिया -गोरखपुर - बस्ती और अयोध्या श्रीराम जन्मभूमि पहुंचेगी। अयोध्या का दौरा पूरा करने के बाद वे अयोध्या से नेपालगंज साइक्लिंग क्लब द्वारा ऑर्गनाइज किए गए ह्लटूर डी ठाकुरद्वाराह्ल के 8वें एडिशन में हिस्सा लेने के लिए नेपालगंज जाएंगे।

भद्रपुर, नेपाल साइकिल सोसाइटी के प्रेसिडेंट जीवन कुमार श्रेष्ठ ने बताया कि इस साइकिलिंग यात्रा का मकसद बॉर्डर पार दोस्ती, धार्मिक टूरिज्म, साइकिलिंग कल्चर और हेल्दी लाइफ को बढ़ावा देना है। उन्होंने रास्ते में शुभचिंतकों, साइकिलिंग के शौकीनों, लोकल अधिकारियों और सपोर्टर्स से दिल से अनुरोध किया कि वे पूरी यात्रा के दौरान अपना कीमती सहयोग और हौसला बढ़ाएं।

# निःशुल्क सोलर पैनल लगाने के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**




पटना/ राज्य सरकार ऊर्जा विभाग की ओर से निःशुल्क सोलर पैनल लगवाने के लिए सहमति पत्र प्रदान करने के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू कर दी गयी है। जिसकी जानकारी देते हुए बिजली बिभाग के पालीगंज सहायक अभियंता बिपिन बिहारी लाल ने बताया कि यह सरकार की बहुत ही अच्छी योजना है। जिसका लाभ लोगो को जरूर उठाना चाहिए। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत राज्य के सभी कुटीर ज्योति उपभोक्ताओं के घर की सरकार द्वारा निःशुल्क सोलर पैनल लगाए जाना प्रस्तावित है। प्रथम चरण में वैसे राज्य के ढाई लाख कुटीर ज्योति उपभोक्ताओं जिनके पास छाया मुक्त छत है उनके परिसर में सोलर लगाई जाएगी। जिसकी देखरेख उपभोक्ताओं को ही करनी पड़ेगी। इसके लिए सुविधा ऐप पर उपभोक्ताओं की ओर से सहमति पत्र मांगी गई है। जिसे सुविधा ऐप के माध्यम से देना है। सहमति पत्र देने की अंतिम तिथि 28 फरवरी 2026 तक निर्धारित है। जिसको लेकर सहायक अभियंता बिपिन बिहारी लाल ने बताया कि जिन्हें सहमति पत्र ऑनलाइन करने में परेशानी हो रही है वे शीघ्र ही तय समय सीमा के अंदर बिजली कार्यालय पहुंचकर परामर्श ले सकते है। उपभोक्ताओं को हर सम्भव सहायता की जाएगी।

# चांडिल बिजय तिर्की हत्याकांड में पुलिस की बड़ी कार्रवाई, चार आरोपी गिरफ्तार, एक की तलाश जारी

**समाज जागरण, संवाददाता, बिकाश**




ईचागढ़ः चांडिल थाना क्षेत्र के हारूडीह गांव में 24 दिसंबर 2025 को हुई सनसनीखेज गोलीकांड की घटना में पुलिस ने त्वरित और प्रभावी कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक अन्य आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी अभियान जारी है। इस संबंध में चांडिल थाना कांड संख्या-199/25 दर्ज की गई है। मृतक बिजय तिर्की की पत्नी द्वारा दिए गए लिखित आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी। दर्ज कांड में भारतीय न्याय संहिता की गंभीर धाराओं के साथ-साथ आर्म्स एक्ट की धाराएं भी लगाई गई हैं।

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक विशेष अनुसंधान टीम का गठन किया गया। टीम ने मानवीय सूचना (ह्यूमन इंटेलिजेंस) एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर छापेमारी करते हुए तीन आरोपियों–शाहिद खान उर्फ शहजादा (उम्र 27 वर्ष), विवेक कुमार मन्ना उर्फ विक्की (उम्र 24 वर्ष) एवं राहुल राव (उम्र 26 वर्ष)–को गिरफ्तार किया। वहीं, एक अन्य आरोपी मनीष कुमार ठाकुर उर्फ लिंगर पहले से ही न्यायिक हिरासत में बंद है, जिसे इस कांड में संलिप्त पाए जाने पर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। मामले में शामिल एक अन्य फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही है। छापामारी दल में शामिल चाण्डिल थाना प्रभारी डील्सन बिरूवा, चौक थाना प्रभारी सोनू कुमार, नीमडीह थाना प्रभारी संतान कुमार तिवारी, कपाली ओपी प्रभारी धिरंजन कुमार आदि शामिल थे

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि हत्याकांड से जुड़े हर पहलू की गहनता से जांच की जा रही है। घटना में प्रयुक्त हथियारों, आपसी रंजिश तथा अपराध के पीछे के कारणों की भी बारीकी से पड़ताल की जा रही है। पुलिस का स्पष्ट कहना है कि इस जघन्य अपराध में शामिल किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा और सभी को कानून के अनुसार सख्त सजा दिलाने की कार्रवाई जारी रहेगी।

# ऑटो सेक्टर की जोरदार शुरुआत, जनवरी में दोपहिया 19.25 लाख और यात्री वाहन 4.49 लाख की बिक्री

**समाज जागरण**

ग्रामीण बाजार में शानदार प्रदर्शन से प्रेरित होकर जनवरी के दौरान यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री 7.22% बढ़कर 5,13,475 हो गई, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह आंकड़ा कम था।

डीलरों को भेजी गई यात्री वाहनों और दोपहिया की खेपों ने दो अंकों की वृद्धि के साथ जनवरी महीने की अब तक की सर्वाधिक बिक्री दर्ज की है। यह इस बात का संकेत है कि जीएसटी सुधार के बाद की रफ्तार पटरी से नहीं उतरी है।

जनवरी में यात्री वाहनों की थोक बिक्री 12.6 प्रतिशत बढ़कर 4,49,616 हो गई, जबकि दोपहिया की बिक्री सालाना आधार पर 26.2 प्रतिशत बढ़कर 19,25,603 हो गई। डीलरों को भेजी गई दोपहिया वाहनों की खेपों में स्कूटर आगे रहे, जिनमें 37 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जबकि मोटरसाइकलों में 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई। हालांकि मोटरसाइकल अधिक मात्रा वाली श्रेणी है और दोपहिया की कुल बिक्री में 58 प्रतिशत से अधिक का योगदान करती है।

सायम के महानिदेशक राजेश मेनन ने कहा, यात्री वाहन, दोपहिया और तिपहिया ने जनवरी 2025 की तुलना में दो अंकों की वृद्धि के साथ जनवरी 2026 के दौरान जनवरी की अब तक की सबसे अधिक बिक्री दर्ज की।ह्ल पिछले वर्ष के जनवरी माह के मुकाबले तिपहिया श्रेणी में 30.2 प्रतिशत की जोरदार वृद्धि देखी गई और बिक्री 75,725 रही।

उन्होंने कहा, नए साल की शुरूआत सकारात्मक संकेत से हुई है, जो जीएसटी दर में कमी के बाद लगातार मांग के कारण पिछली तिमाही में देखी गई जोरदार रफ्तार को व्यापक कर रही है। आम बजट 2026 में भारत के विनिर्माण आधार को मजबूत करने के लिए घोषित किए गए कार्यक्रमों के साथ-साथ मौजूदा नीतिगत सहायक हालात से इस क्षेत्र को दीर्घकालिक लाभ मिलने और मध्य अवधि में विकास को मदद मिलने की उम्मीद है।

# एकलव्य आवासीय फुटबॉल प्रशिक्षण केंद्र का भव्य उद्घाटन

## प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को मिलेगा आधुनिक प्रशिक्षण व आवासीय सुविधा

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



13 फरवरी। किशनगंज में खेल विभाग, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में बिहार राज्य एकलव्य आवासीय फुटबॉल प्रशिक्षण केंद्र का भव्य उद्घाटन किया गया। यह केंद्र जिले सहित आसपास के क्षेत्रों के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के लिए नई संभावनाओं के द्वार खोलेगा। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी विशाल राज ने विधिवत रिबन काटकर प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया। इसके पश्चात उन्होंने केंद्र का निरीक्षण कर उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली तथा प्रशिक्षु खिलाड़ियों से संवाद करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। अपने संबोधन में जिला पदाधिकारी ने कहा कि आज के समय में खेल केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि एक सशक्त करियर विकल्प बन चुका है। सरकार द्वारा खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने हेतु विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से अनुशासन, नियमित अभ्यास और समर्पण के साथ अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर रहने का आह्वान किया।

अधिकारियों ने बताया कि इस आवासीय प्रशिक्षण केंद्र में चयनित खिलाड़ियों को नियमित तकनीकी प्रशिक्षण, फिटनेस कार्यक्रम, पोषणयुक्त भोजन, आवासीय सुविधा तथा अनुभवी प्रशिक्षकों का मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाएगा। खिलाड़ियों के शारीरिक, मानसिक एवं नैतिक विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि वे राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें।

कार्यक्रम के दौरान खिलाड़ियों ने भी अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि इस केंद्र से उन्हें बेहतर अवसर और मार्गदर्शन मिलेगा। जिला खेल पदाधिकारी ने बताया कि खिलाड़ियों का चयन निर्धारित मानदंडों के आधार पर किया गया है और आने वाले समय में यहां से कई उत्कृष्ट खिलाड़ी तैयार होंगे।

समारोह में एडीएम (आपदा प्रबंधन), एडीएम पीजीआरओ, अनुमंडल पदाधिकारी, वरीय उपसमाहर्ता (बैंकिंग), एडीएमओ, जिला खेल पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, प्रशिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

# पटना में फिरौती के लिए डॉक्टर का अपहरण मामले का हुआ खुलासा

## पुलिस ने किया तीन अपराधियों को गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के फुलवारीशरीफ स्थित जानीपुर थाना क्षेत्र से अपहत एक चिकित्सक को पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर समस्तीपुर जिले से सकुशल बरामद कर लिया। इस सनसनीखेज अपहरण कांड में शामिल तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार यह अपहरण 70 लाख रुपये के कथित लेनदेन विवाद को लेकर किया गया था। सिटी पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) भानु प्रताप सिंह ने गुरुवार को प्रेस वार्ता में पूरे मामले का खुलासा करते हुए बताया कि 10 फरवरी 2026 को डॉ. सर्वेश कुमार तिवारी जानीपुर थाना क्षेत्र स्थित आर्यभट्ट इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग और पारा मेडिकल कॉलेज, रामपुर से अपने राजीवनगर स्थित आवास लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में अपराधियों ने उनका अपहरण कर लिया। अपहरण के बाद अपराधियों ने चिकित्सक के परिजनों से संपर्क कर 70 लाख रुपये की फिरौती की मांग की। रकम नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी गई थी। परिजनों ने तत्काल जानीपुर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस प्रशासन सक्रिय हो गया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी फुलवारीशरीफ 02 तथा जानीपुर थानाध्यक्ष के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। टीम ने तकनीकी अनुसंधान, मोबाइल लोकेशन ट्रैकिंग और मानवीय सूचना के आधार पर कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने कॉल डिटेल रिकॉर्ड और अन्य डिजिटल साक्ष्यों की मदद से अपहृत डॉक्टर की लोकेशन का पता लगाया। जांच के क्रम में पुलिस को सूचना मिली कि डॉक्टर को समस्तीपुर जिले के वारिसनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत मकसूदपुर गांव में रखा गया है। इसके बाद टीम ने वहां छापेमारी कर डॉ. तिवारी को सकुशल बरामद कर लिया। मौके से समस्तीपुर निवासी रविन्द्र प्रसाद, राकेश कुमार और मनीष कुमार को गिरफ्तार किया गया। सिटी पुलिस अधीक्षक ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि नौकरी दिलाने और परीक्षा पास कराने के नाम पर हुए पैसों के लेनदेन को लेकर डॉ. तिवारी और ह्यमनोजह्ल नामक व्यक्ति के बीच विवाद चल रहा था। इसी विवाद के चलते 70 लाख रुपये की मांग की जा रही थी। जब रकम नहीं मिली तो मनोज ने समस्तीपुर के अपराधियों को सुपारी देकर अपहरण की साजिश रची। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ जारी है। पुलिस के अनुसार पूछताछ के आधार पर इस मामले में संलिप्त अन्य अपराधियों की पहचान की जा रही है। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही है।

# पटना के पालीगंज में सड़क हादसे में एक युवक की मौत, दो घायल

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के पालीगंज में तेज गति से जा रही बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे टर्निंग पर लगाए गए लोहे का सेफ्टी पीलर से टकरा गई। इस हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मृतक के परिवार में मातम छा गया है।

**मृतक की पहचान छोटू दास** (24 वर्ष), पिता नगीना दास पालीगंज थाने के पिपरदहा बंगला गांव निवासी के रूप में हुई है। वहीं हादसे में घायल हुए युवकों की पहचान कुंदन बिंद पिता स्व सतेंद्र बिंद जहानाबाद जिले के परसबीघा थाने के ग्राम सोरिया तथा भोला बिंद पिता श्याम बिंद पालीगंज थाने के पिपरदहा गांव निवासी के रूप में की गई है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए लेकर पालीगंज पीएचसी अस्पताल लाया।जहां पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद गम्भीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया। वहीं पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल पालीगंज अस्पताल भेज दिया है।बताया जा रहा है कि बाइक की रफ्तार काफी तेज थी, जिससे चालक संतुलन खो बैठा और यह दर्दनाक हादसा हो गया। एक ही बाइक पर तीनों स्वर होकर पालीगंज से पिपरदहा बंगला गांव जा रहा था।

# मेहरमा में महाशिवरात्रि की तैयारी जोरों पर

**समाज जागरण**

गोड्डा मेहरमा प्रखंड मुख्यालय सहित क्षेत्र के विभिन्न गांवों में महाशिवरात्रि की तैयारी पुरी कर ली गई है। इसे लेकर स्थानीय शैलेंद्र नाथ महादेव मंदिर (चार मंजिला) प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित शिव-पार्वती मंदिर के अलावा बुद्धासन, बाजितपुर,बोरमा, सिंघाड़ी पहाड़खंड, अमजोरा-पिरोजपुर मैनाचक-मानगढ मानगढ़, कसबा, दुद्धीचक,चंपा, सुरनी, डोय, अमडांड़, विरामचक, मड़पा, मधुर, बलबड्डा, खिरोंधी,खट्टी,अमौर आदि गांवों के शिव मंदिरों को बड़े ही आकर्षक ढंग से सजाया गया है। महाशिवरात्रि पर रविवार को सभी गांव के शिव मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना के पश्चात रात्रि शिव बारात निकाली जाएगी। जहां भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह की रस्म अदा की जाएगी। इस अवसर पर विरामचक, अमडांड़, बाजितपुर व अन्य गांवों में अखाड़ा के साथ भव्य मेले का आयोजन किया जाता है। वहीं मधुरा गांव में स्थानीय शैलेंद्र नाथ महादेव मंदिर और प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित शिव पार्वती मंदिर के अलावा क्षेत्र के विभिन्न गांवों के मंदिरों में शिवरात्रि पर विशेष अनुष्ठान के साथ भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह की रस्म अदा की जाती है। आकर्षक झांकी के साथ शिव बारात भी निकली जाती है। मधुरा में महाशिवरात्रि के अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दो दिवसीय विराट दंगल, शिव महापुराण कथा एवं भव्य मेला लगाया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन ग्रामीण सह वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक कुमार सिंह द्वारा किया जाएगा। महाशिवरात्री पर 16 एवं 17 फरवरी को दो दिवसीय विराट दंगल प्रतियोगिता में हरियाणा, उत्तर प्रदेश, पंजाब सहित अन्य राज्यों से नामचीन पहलवान भाग लेंगे। वहीं रात्रि में दो दिवसीय शिव महापुराण कथा का भव्य प्रसारण किया जाएगा। विराट दंगल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले को 15 हजार, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को 10 हजार रुपए तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले पहलवान को पांच हजार एक रूपए प्रदान किए जाएंगे।इस अवसर पर भव्य मेले का भी आयोजन किया गया है। मेला के लिए मीना बाजार, तारामांची सहित विभिन्न प्रकार के खेल तमाशे की दुकानें सजधज कर तैयार है। कार्यक्रम के सफल संचालन को लेकर कमेटी का गठन किया गया है। जिसमें अध्यक्ष सुधीर कुमार सिंह, उपाध्यक्ष यमुना प्रसाद सिंह एवं योगेंद्र प्रसाद, कोषाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह, संरक्षक हरि किशोर सिंह, सचिव लाल बहादुर सिंह, उपसचिव उमेश ठाकुर को शामिल किया गया है।

# साउथ ब्लॉक से सेवा तीर्थ तक, नए भवन में पहुंचा प्रधानमंत्री कार्यालय

**समाज जागरण**

प्रधानमंत्री मोदी केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल और जितेंद्र सिंह तथा पीएमओ के शीर्ष अधिकारियों के साथ मोटरकेड में सेवा तीर्थ परिसर पहुंचे। प्रधानमंत्री कार्यालय सेवा तीर्थ भवन में पहुंच गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को इसका उद्घाटन किया। इससे पहले दोपहर में उन्होंने साउथ ब्लॉक स्थित पीएमओ में केंद्रीय मंत्रिमंडल की अंतिम बैठक की अध्यक्षता की। सेवा तीर्थ में कामकाज के पहले दिन प्रधानमंत्री मोदी ने महिलाओं, किसानों, युवाओं और कमजोर वर्गों से संबंधित फाइलों पर हस्ताक्षर किए। इन फाइलों को दिन में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में मंजूरी दी गई थी।

सरकार के बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को लखपति दीदी के लक्ष्य को दोगुना कर 6 करोड़ करने, कृषि आधारभूत संरचना निधि को दोगुना कर 2 लाख करोड़ रुपये करने और स्टार्टअप इंडिया फंड ऑफ फंड्स-2.0 के लिए 10,000 करोड़ रुपये का कोष आवंटित करने से संबंधित फाइलों पर हस्ताक्षर किए। सरकार ने कहा कि सेवा तीर्थ से लिए गए प्रधानमंत्री के पहले फैसले सेवा की भावना को दर्शाते हैं और समाज के हर वर्ग को राहत देने वाले हैं। दुर्घटना पीड़ितों को 1.5 लाख रुपये तक के कैशलेस इलाज की सुविधा वाली प्रधानमंत्री राहत योजना भी इस मौके पर शुरू की गई।

# नबीनगर में ऑनलाइन ठगी का बड़ा मामला तीन माह बाद भी कारवाई शून्य

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**



नबीनगर (बिहार) नगर पंचायत क्षेत्र नवीनगर से एक बड़ा ऑनलाइन ठगी का बड़ा मामला प्रकाश में आया है, जिसमें तीन माह बीत जाने के बावजूद पीड़ित को अब तक न्याय नहीं मिल सका है। नवीनगर थाना क्षेत्र के भवानो खाप निवासी मनीष कुमार रंजन, पिता धर्मदेव मिस्त्री ने ऑनलाइन ठगी को लेकर पुलिस में आवेदन दिया है।पुलिस को दिए गए आवेदन में बताया गया है कि दिनांक 30 अक्टूबर 2025 को वह डॉक्टर से अपॉइंटमेंट बुक करने के लिए एक ऑनलाइन एप का उपयोग कर रहा था। एप पर डॉक्टर का नाम सर्च करने के दौरान उसके मोबाइल पर एक मोबाइल नंबर 9633698092 प्राप्त हुआ। उस नंबर पर संपर्क करने के बाद ठगों ने खुद को ऑनलाइन मेडिकल सेवा प्रदाता बताया और धीरे-धीरे उसे अपने जाल में फंसा लिया। मनीष कुमार रंजन के अनुसार, ठगों ने हँ३२अस्त्रस्त्र के माध्यम से बातचीत कर उसके बैंक खाते से कुल 5 लाख 31 हजार रुपये की ठगी कर ली।पीड़ित ने तत्काल इसकी शिकायत नवीनगर थाना और साइबर थाना औरंगाबाद में की और FIR दर्ज कर ठगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। हालांकि, शिकायत दर्ज कराए जाने के बाद अब तक करीब तीन महीने का समय बीत चुका है, लेकिन न तो किसी तरह की ठोस जांच की जानकारी दी गई है और न ही पीड़ित की राशि रिकवर हो पाई है ।मामले में पीड़ित ने वरीय अधिकारियों से हस्तक्षेप कर कारवाई करने की गुहार लगाई हैं जिससे ठगी की गई राशि मिल सके।

# पटना में घर का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

## डॉग स्क्वाड जांच के बाद भी नही मिली सुराग

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के गौरीचक थाना क्षेत्र अंतर्गत जमुनापुर गांव में चोरों ने एक घर का ताला तोड़कर लाखों रुपए की चोरी की घटना को अंजाम दिया। घटना से इलाके में दहशत और आक्रोश का माहौल है। पीड़ित परिवार ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार जमुनापुर गांव निवासी संजीत कुमार को 12 तारीख की रात सूचना मिली कि उनके घर का ताला टूटा हुआ है। सूचना मिलने पर जब वे घर पहुंचे तो देखा कि घर का मुख्य दरवाजा ग्राइंडर से काटकर खोला गया था। चोर घर में घुसकर सभी कमरों को खंगाल दिया और सामान को इधर-उधर बिखेर दिया। पीड़ित ने बताया कि चोर घर से करीब चार लाख रुपए के गहने तथा नकद राशि चोरी कर ले गए। चोरी की घटना से परिवार को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। घर के सभी बक्से, आलमारी और सामान को तोड़फोड़ कर अस्त-व्यस्त कर दिया गया। पीड़ित परिवार का कहना है कि इससे पहले भी इलाके में दो बार चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। इस संबंध में थाना में एफआईआर भी दर्ज कराई गई थी, लेकिन अब तक किसी भी मामले में ठोस कार्रवाई या खुलासा नहीं हो पाया है। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में असुरक्षा की भावना बढ़ गई है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए डॉग स्क्वाड की टीम को भी बुलाया गया। हालांकि जांच के दौरान डॉग स्क्वाड को कोई ठोस सुराग नहीं मिल सका।स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से क्षेत्र में गश्ती बढ़ाने और चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि लगातार हो रही घटनाओं से लोगों में भय का माहौल है और रात में घर छोड़कर बाहर जाने में भी डर लग रहा है। पुलिस का कहना है कि आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है तथा संदिग्ध लोगों की पहचान कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। पुलिस ने दावा किया है कि जल्द ही चोरी की घटना का खुलासा कर लिया जाएगा।

# नरारीकला थाना की बड़ी कार्रवाई, दो तस्कर गिरफ्तार 135 लीटर स्प्रिट जप्त

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**




नबीनगर (बिहार)औरंगाबाद जिले के नरारीकला थाना पुलिस ने शराब तस्करो के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने 2 शराब तस्करो को 135 लीटर स्प्रीट और एक मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों की पहचान रमेश शर्मा और संतोष पटेल के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर सन दियारा क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए इन तस्करों को पकड़ा गया। इनके खिलाफ बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद संशोधित अधिनियम 2022 की धारा 30 (ए) के तहत मामला दर्ज कर अग्रिम कारवाई की जा रही है।

# India-Pak T20 मुकाबला तय होते ही विज्ञापन दरें उछलीं, 10 सेकंड स्लॉट 70 लाख तक पहुंचा

**समाज जागरण**

इस साल का मुकाबला अब पक्का हो गया है और इसलिए ब्रॉडकास्टर्स को उम्मीद है कि दर्शकों की तादाद अधिक नहीं तो कम से कम उतनी तो होगी ही। आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप में भारत के साथ होने वाले प्रमुख मुकाबले का बहिष्कार करने के अपने फैसले को पाकिस्तान द्वारा वापस लिए जाने के कुछ ही दिनों बाद उसका वाणिज्यिक असर दिखने लगा है। दोनों देशों की टीम इस मुकाबले के लिए रविवार को श्रीलंका की राजधानी कोलंबो में आमने-सामने होगी। इसके साथ ही स्पॉट विज्ञापन दरों में तेजी से इजाफा हुआ है। इससे यह बात पुख्ता होती है कि क्रिकेट के इस महामुकाबले का आर्थिक पक्ष भी बेजोड़ है।

ब्रॉडकास्टर अब इस रोमांचक टूनार्मेंट के दौरान 10 सेकंड के स्लॉट के लिए करीब 70 लाख रुपये मांग रहे हैं। यह रकम 2024 में इसी मुकाबले के लिए वसूलेग गए लगभग 40 लाख रुपये की सर्वाधिक दर के मुकाबले काफी अधिक है। इससे दर्शकों के बीच भारत-पाकिस्तान मुकाबले के प्रति हमेशा रहने वाले आकर्षण का पता चलता है।

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टूनार्मेंट के दौरान सबसे व्यस्त समय में 10 सेकंड के स्लॉट की स्पॉट दरें आम तौर पर 20 लाख रुपये के आसपास रही हैं। वैश्विक विज्ञापन जगत में सुपर बाउल के लिए अधिक कोटेशन मिलते हैं जहां प्रसारण समय की कीमत 2.2 से 2.8 करोड़ रुपये के बीच होती है। अगर यह मुकाबला नहीं होता तो जिओस्टार की आय को तगड़ा नुकसान होता। उसके पास टी20 वर्ल्ड कप 2026 के मीडिया अधिकार हैं। उद्योग के अनुमानों के अनुसार, इस साल के वर्ल्ड कप से इस नेटवर्क को करीब 2,000 करोड़ रुपये का विज्ञापन राजस्व प्राप्त होने का अनुमान है। अगर भारत-पाकिस्तान मुकाबला नहीं होता तो उसे करीब 20 फीसदी तक नुकसान हो सकता था। जहां तक 2024 के टूनार्मेंट की बात है तो विशेषज्ञों के अनुसार, डिज्नी स्टार ने करीब 1,200 करोड़ रुपये का विज्ञापन राजस्व जुटाया था।

मांग में जबरदस्त उछाल के बावजूद विज्ञापन स्लॉट की उपलब्धता सीमित है। रीडिफ्यूजन के चेयरमैन संदीप गोयल ने कहा, ह्यक्रिकेट में ज्यादातर स्लॉट की बिक्री पैकेज के रूप में की जाती है। चैनल द्वारा स्पॉट बिक्री, खास तौर पर भारत-पाकिस्तान मैच के लिए मुश्किल से 20-30 फीसदी स्लॉट ही रखा गया होगा। भले ही इससे कमाई अच्छी हो लेकिन इसकी उपलब्धता सीमित है।